3 राजधानी
एलजी और सरकार में खींचतान फिर शुरू

6 अभिमत
कोविड के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता

9 राष्ट्रीय
भारत ने अफगानिस्तान को भेजी 27 टन राहत सामग्री

10 विदेश
कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख ने दिया इस्तीफा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 227
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



तीरंदाजी विश्व कप में भारत की जोड़ी फाइनल में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# महाराष्ट्र संकट की गेंद अब डिप्टी स्पीकर के पाले में

## ● विधानसभा में विश्वास मत के लिए तैयार उद्धव ठाकरे सरकार

## ● अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट जाने की तैयारी मे शिंदे गुट

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई



गुवाहाटी के एक होटल में शुक्रवार को अपने समर्थक विधायकों के साथ शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे

**महाराष्ट्र** का राजनीतिक संकट अब उलझता जा रहा है। गेंद अब डिप्टी स्पीकर नरहरि सीताराम जिरवाल के पाले में चली गई है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट और सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दल अब विश्वास मत के लिए अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि अब उद्धव सरकार विधानसभा में विश्वास मत के लिए अगले सप्ताह तक का समय मांग सकती है।

विधानसभा में स्पीकर की अनुपस्थिति में फरवरी 2021 से कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल के पास एकनाथ शिंदे और एमवीए सरकार दोनों गुटों के बहुमत के दावों से निपटने जैसा बड़ा ही कठिन काम होगा। हर रोज जटिल होती जा रही स्थिति और आने वाले दिनों में दल-बदल विरोधी कानून के प्रभाव को देखते हुए इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि मामला विधायकों की संभावित अयोग्यता को लेकर अदालत की चोखट तक पहुंच जाए। इससे महाराष्ट्र में उपजे राजनीतिक संकट को सुलझाने में और देर होगी। वर्तमान राजनीतिक संकट से संबंधित मामले में पहला कदम उठाते हुए डिप्टी स्पीकर नरहरि ने शिवसेना विधायक दल (एसएसएलपी) द्वारा 21 जून को शिवसेना के बागी नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना समूह के नेता पद से बर्खास्त करने के फैसले को मान्यता दे दी है। शिंदे की जगह पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय चौधरी को नियुक्त किया गया है। चौधरी को शिंदे के स्थान पर नए एसएसएलपी नेता के रूप में नियुक्त करने के मूल सेना नेतृत्व के फैसले की मान्यता का मतलब है कि उपाध्यक्ष के पास यह मानने का मजबूत कारण है कि मूल शिवसेना के पास इस तरह से कार्य करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है।

नए एसएसएलपी नेता के रूप में चौधरी की नियुक्ति की अनुमति देने वाले डिप्टी स्पीकर के फैसले से बागी एकनाथ शिंदे खेमे में बेचैनी बढ़ गई है और उसने इस मामले को शनिवार सुबह बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर ली है। अपनी ओर से विद्रोही खेमे ने गुरुवार को डिप्टी स्पीकर को एक नया पत्र सौंपा कि शिवसेना के 37 बागी विधायक गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। यह संख्या शिवसेना के कुल 55 विधायकों का दो-तिहाई से अधिक है। इससे यह दावा मजबूत होता है कि एकनाथ शिंदे राज्य विधानसभा में शिवसेना समूह के नेता के रूप में बने रहेंगे। हालांकि शुक्रवार शाम तक, डिप्टी स्पीकर ने इस दावे को स्वीकार नहीं किया था कि शिंदे खेमे को शिवसेना के 37 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। यदि उपसभापति शिवसेना के विद्रोही खेमे के इस दावे को स्वीकार (शेष पेज 8)

### कोई राष्ट्रीय दल हमारे संपर्क में नहीं है: शिंदे

**मुंबई।** शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने एक दिन पहले दिए अपने बयान से पटलते हुए शुक्रवार को कहा कि कोई भी राष्ट्रीय दल उनके संपर्क में नहीं है। शिंदे ने गुरुवार शाम को जारी एक वीडियो में बागी विधायकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय दल के समर्थन का दावा किया था। शिंदे वीडियो में यह कहते दिखे, चाहे जो हो जाए, जीत हमारी होगी। एक राष्ट्रीय दल है, एक महाशक्ति जिसे आप जानते हैं कि उन्होंने पाकिस्तान को मात दी। उस दल का कहना है कि हमने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है और उसने हमें हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। उसने कहा है कि अगर आपको कुछ चाहिए तो हम आपको निराश नहीं करेंगे। जब भी आपको किसी सहायता की आवश्यकता होगी, हम देंगे। शिंदे से एक टीवी चैनल पर पूछा गया कि क्या भाजपा उनके समूह का समर्थन कर रही है, तो उन्होंने कहा, बड़ी शक्ति का समर्थन मिलने से मेरा मतलब बालासाहब (शेष पेज 8)

# जम्मू-कश्मीर में होगा जी-20 देशों के नेताओं का सम्मेलन

## ● अगले साल होने वाले सम्मेलन की तैयारी के लिए पांच सदस्यीय समन्वय समिति गठित

## ● अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किए जाने के बाद भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्र** शासित जम्मू और कश्मीर आगामी वर्ष 2023 में विश्व के सबसे प्रभावशाली अर्थव्यस्था वाले देशों के समूह जी-20 के नेताओं का स्वागत करेगा। जम्मू-कश्मीर में अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने के बाद इसे भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। जी-20 की 1999 में स्थापना के बाद से भारत इसका सदस्य रहा है। भारत नई दिल्ली में 1 दिसंबर 2022 को जी-20 समूह की अध्यक्षता करेगा और वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में पहली बार जी-20 समूह के नेताओं के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए पांच सदस्यीय समन्वय समिति गठित की गई है।

जी-20 सदस्य देशों के संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, जर्मनी, फ्रांस, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। जी-20 दुनिया की 19 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और यूरोपीय संघ को एक प्लेटफॉर्म पर लाते हैं, जिसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 फीसदी, वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी और वैश्विक आबादी का 60 फीसदी हिस्सा हैं। केंद्र शासित प्रशासन वैश्विक नेताओं की कश्मीर घाटी में मेजबानी करने वाला है। बैठक की तैयारी के लिए केंद्र शासित प्रशासन ने समग्र समन्वय के लिए पहले ही पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

पिछले साल सितंबर में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को जी-20 के लिए भारत का शेरपा (अगुवाई करने वाला) नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक दिसंबर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। यहां गुरुवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे, जिसका गठन विदेश मंत्रालय के 4 जून के पत्र के बाद किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में होने वाली जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय के लिए एक समिति के गठन को मंजूरी दी जाती है। समिति के सदस्यों में आयुक्त सचिव (परिवहन), प्रशासनिक सचिव (पर्यटन), प्रशासनिक सचिव (आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल) और प्रशासनिक सचिव (संस्कृति) शामिल हैं। आदेश में कहा गया है, इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठकों की व्यवस्था के समन्वय के लिए सरकार के प्रधान सचिव (आवास और शहरी विकास विभाग) को केंद्र शासित प्रदेश स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधित्व का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत 1999 में जी-20 की स्थापना के बाद से इसका सदस्य है।

# गुजरात दंगा मामले में मोदी को क्लीन चिट

## ● सुप्रीम कोर्ट ने जकिया जाफरी की याचिका खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्वाई की जानी चाहिए।

जकिया जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विशेष जांच दल (एसआईटी) के अथक प्रयासों के लिए उसकी सराहना की और कहा कि उसने बेहतरीन काम किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच में कोई दोष नहीं पाया जा सकता और मामले को बंद करने से संबंधित उसकी आठ फरवरी 2012 की रिपोर्ट पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है। पीठ ने मामले को बंद करने संबंधी 2012 में सौंपी गई एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके खिलाफ दाखिल जाकिया की याचिका को खारिज करने के विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश को बरकरार रखा।

जकिया ने उच्च न्यायालय के पांच अक्टूबर, 2017 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने एसआईटी की रिपोर्ट के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 452 पृष्ठ के अपने आदेश में कहा, हम मामले की जांच के सिलसिले में कानून के उल्लंघन और अंतिम रिपोर्ट को लेकर मजिस्ट्रेट तथा उच्च न्यायालय के रुख के खिलाफ अपीलकर्ता के प्रतिवेदन से सहमत नहीं हैं। कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में मारे गए 68 लोगों में शामिल थे। इससे एक दिन पहले गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगा दी गई थी, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के (शेष पेज 8)

# परमेश्वरन अय्यर को नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**स्वच्छ** भारत मिशन का नेतृत्व कर चुके पूर्व पेयजल और स्वच्छता सचिव परमेश्वरन अय्यर को शुक्रवार को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह 30 जून को सेवानिवृत्त होने जा रहे अमिताभ कांत की जगह लेंगे।

कार्मिक मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि अय्यर को दो साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया है कि अय्यर की नियुक्ति उन्हीं नियमों और शर्तों पर की गई है, जो कांत के लिए लागू थीं। उत्तर प्रदेश कैडर के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी जाने-माने स्वच्छता विशेषज्ञ हैं और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन का 2016 से 2020 तक नेतृत्व करने के लिए जाने जाते हैं। अय्यर ने 2009 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। वह संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ ग्रामीण जल स्वच्छता विशेषज्ञ के रूप में भी काम कर चुके हैं। अय्यर (शेष पेज 8)

### डेका खुफिया ब्यूरो के प्रमुख नियुक्त, रॉ चीफ गोयल का कार्यकाल बढ़ा


**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी तपन कुमार डेका को शुक्रवार को खुफिया ब्यूरो (आईबी) का प्रमुख नियुक्त किया गया। वह अरविंद कुमार की जगह लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक, डेका फिलहाल आईबी की अभियान शाखा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वह दो साल के लिए आईबी के प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। वह हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। मंत्रालय ने एक अन्य (शेष पेज 8)

# कोरोना के केस चार माह में सबसे ज्यादा

## ● 17,336 केस आएं, 13 और ने गंवाई जान, प्रतिदिन के मामलों में 30 फीसदी केस बढ़े

## ● दिल्ली में 1,147 केस और एक मौत, संक्रमण दर में आई थोड़ी गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में शुक्रवार को चार माह से ज्यादा (124 दिन) समय के बाद एक दिन में कोविड-19 के सबसे अधिक मामले आए और ये 17,000 के आंकड़े को पार कर गए। कुल मिलाकर रोजमर्रा के मामलों में 30 फीसदी की उछाल दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 17,336 नए मामले आए जिससे संक्रमित लोगों की संख्या 4,33,62,294 हो गई जबकि महामारी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,24, 954 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक आज 13 और मौतें दर्ज की गईं।शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोविड के 1,147 नए केस आए जबकि एक मौत हुई। यहां पॉजिटीविटी दर गिरकर 5.98 फीसदी हो गया है।

एक दिन पहले हुए 24,203 जांच में ये नए मामले सामने आएं हैं। दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या 19,28,841 तथा मृतकों की संख्या 26,243 हो गई है। गुरुवार को दिल्ली में 1934 केस आए थे तथा कोई मौत नहीं हुई थी, जबकि पाजिटीविटी रेट 8.10 फीसदी था। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 88,284 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.20 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 4,294 की बढ़ोतरी हुई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.59 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.32 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक (शेष पेज 8)

### सात से 11 साल के बच्चों के लिए कोवोवैक्स को मंजूरी देने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने सात से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सीरम इंस्टीट्यूट के कोवोवैक्स टीके के आपातकालीन उपयोग की मंजूरी देने की शुक्रवार को सिफारिश की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिफारिश को अंतिम मंजूरी के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को भेज दिया गया है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) में सरकारी और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने 16 मार्च को आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 52,727 | ↑ | 462 | |
| निफ्टी | 15,699 | ↑ | 142 | |
| सोना | 50,557 | ↓ | 70 | /10g |
| चांदी | 59,077 | ↓ | 621 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लश्कर-ए-तैयबा का मादक पदार्थ आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के चार सहयोगियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के मादक पदार्थ से आतंकवादी घटनाओं के लिए वित्तपोषण करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इनके पास से विस्फोटक, गोलाबारूद और वाहन बरामद किए गए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ किगिरफ्तार आतंकवादियों केसहयोगी सक्रिय आतंकवादियों और आतंकी गतिविधियां करने वालों को मादक पदार्थ की बिक्री से प्राप्त मुनाफा पहुंचाकर प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा को रणनीतिक मदद देने मे संलिप्त थे। उन्होने बताया, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों से जुड़े जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान वथूर चादूरा निवासी यूनिस मंजूर और महबूब अहमद, अरिगमा खानसाहिब निवासी इरशाद गनी और परनेवा खानसाहिब निवासी मुजफ्फर अहमद के तौर पर की गई है।

# दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के दोषी की मौत की सजा बरकरार

## ● उच्चतम न्यायालय ने कहा, मासूम के साथ अपराध आत्मा को झकझोर देने वाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राजस्थान में साढ़े सात साल की मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग बच्ची के साथ 2013 में बलात्कार और उसकी हत्या के दोषी की मौत की सजा को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अपराध अत्यंत निंदनीय है और अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है।

दोषी मनोज प्रताप सिंह उस समय 28 वर्ष का था और उसने शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग नाबालिग लड़की का उसके माता-पिता के सामने से 17 जनवरी, 2013 को अपहरण कर लिया था। सिंह ने राजस्थान के राजसमंद जिले में बच्ची के साथ एक सुनसान जगह पर बेरहमी से बलात्कार किया और फिर नृशंस तरीके से उसकी हत्या कर दी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की तीन सदस्यीय पीठ ने मृत्युदंड दिए जाने के राजस्थान उच्च न्यायालय के 29 मई, 2015 के आदेश को बरकरार रखा है। पीठ ने कहा कि खासकर, जब पीड़िता (मानसिक रूप से अस्वस्थ और दिव्यांग साढ़े सात साल की बच्ची) को देखा जाए, जिस तरह से पीड़िता का सिर कुचल दिया गया, जिसके कारण उसके सिर की आगे की हड्डी टूट गई और उसे कई चोटें आईं, उसे देखते हुए यह अपराध अत्यंत निंदनीय और अंतरात्मा को झकझोर देता है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह मामला अत्यंत (शेष पेज 8)

# मुर्मू ने भरा नामांकन, सोनिया-ममता से मांगा समर्थन

## ● प्रधानमंत्री मोदी ने निर्वाचन अधिकारी को सौंपे राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग उम्मीदवार के नामांकन पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र भरने के समय राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य वरिष्ठ नेता

**राष्ट्रपति** चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 18 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए शुक्रवार को सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू (64) ने अपना नामांकन पत्र भरा।

प्रधानमंत्री मोदी ने संसद भवन परिसर स्थित राज्यसभा महासचिव के कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी पी.सी. मोदी को मुर्मू के नामांकन पत्र सौंपे। मुर्मू के साथ नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं के अलावा वाईएसआर कांग्रेस के विजयसाई रेड्डी, ओडिशा की बीजू जनता दल सरकार के दो मंत्री और उसके नेता सस्मित पात्रा, अन्नाद्रमुक नेता ओ. पनीरसेल्वम और थम्बी दुरई तथा जनता दल (यू) के राजीव रंजन सिंह भी मौजूद थे। राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए प्रत्येक सेट में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच से 50 प्रस्तावक और 50 अनुमोदक होने चाहिए। यदि मुर्मू यह चुनाव जीतती हैं तो वह देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। मुर्मू एन संजीव रेड्डी के बाद अब तक की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी।

रेड्डी राष्ट्रपति बनने के समय मुर्मू से कुछ ही दिन बड़े थे। प्रतिभा पाटिल 2007 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनी थीं। राष्ट्रपति पद के लिए राजग की पसंद ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को मुश्किल में डाल दिया है और अब तक संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार और वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे यशवंत सिन्हा का समर्थन कर रही झामुमो अपने रुख की समीक्षा कर सकती है। झामुमो झारखंड की आदिवासी पार्टी है, इसलिए (शेष पेज 8)

# नोएडा एयरपोर्ट का भूमि पूजन, पहले बनेगा रनवे

● हवाईअड्डा भारतीय संस्कृति, आतिथ्य और स्विस टेक्नोलॉजी का संगम होगा

● एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को इसका भूमि पूजन हुआ है।

नोएडा इंटरनेशनल नोएडा। एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य टाटा प्रोजेक्ट्स को मिला है। जिसके बाद टाटा प्रोटेक्ट्स ने एयरपोर्ट का रनवे बनाने का कार्य सीपी अरोड़ा एलएलपी को दे दिया है। शुक्रवार को प्रोजेक्ट साइट में पहुंचकर टाटा गोल्ड सीपी अरोड़ा एलएलपी के अधिकारियों ने रनवे बनाने के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि बहुत ही जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश की जनता को समर्पित हो जाएगा। देश में निर्माण परियोजनाओं पर काम करने के लिए टाटा प्रोजेक्ट का बड़ा नाम है। टाटा ग्रुप की यह कंपनी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए टर्मिनल, रनवे, एयरसाइड इंफस्ट्रक्चर, सड़कें, मूलभूत सेवाएं, लैंडसाइड फैसिलिटी और एयरपोर्ट के लिए जरूरी इमारतों का निर्माण करेगी।

टाटा प्रोजेक्ट्स इस वक्त दिल्ली में संसद भवन की नई इमारत, मुंबई ट्रांस.हार्बर लिंक, ईस्टर्न और वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर के अलावा मुंबई, पुणे, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और चेन्नई में मेट्रो परियोजनाओं पर काम कर रही है। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बताया गया है कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भारतीय संस्कृति, आतिथ्य और स्विस टेक्नोलॉजी का संगम होगा। यह अत्याधुनिक, आत्मनिर्भर और भारतीय परंपराओं से प्रभावित आर्किटेक्चर पर बनेगा।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि वाईआईएपीएल ने एयरपोर्ट संचालन के लिए डिजिटल पार्टनर के रूप में आईसीएडी होल्डिंग लिमिटेड का चयन किया है। आईसीएडी से मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर एमएसआई के लिए समझौता किया गया है। आईसीएडी कोर एयरपोर्ट सिस्टम को स्थापित करेगी। आईसीएडी ने इन सेवाओं को देने के लिए विप्रो लिमिटेड और यूएसए से रॉस एंड बरुजिनी के साथ भागीदारी की है।कंपनी ने बताया कि इस हवाईअड्डे का निर्माण कुछ इस ढंग से किया जाएगा कि पर्यावरण को बिल्कुल भी नुकसान ना पहुंचेए यह एयरपोर्ट पूरी तरह डिजिटलाइज होगा। यहां से यात्री कॉन्टैक्टलेस यात्रा कर सकेंगे।

परिवारों, बुजुर्गों और उद्यमी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं इस हवाईअड्डे पर विकसित की जाएंगी। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 25 नंवबर को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला रखी थी। इस प्रोजेक्ट को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाया जा रहा है। ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी पहले चरण में 5700 करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इस एयरपोर्ट के 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड को सिविल वर्क आवंटित किया गया है। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। वाईआईएपीएल ने मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर एमएसआई सलाहकार के रूप में आईसीएडी से समझौता किया है। दुनिया में डिजिटल हवाई अड्डे के निर्माण के लिए आईसीएडी की एक अलग पहचान है।

आईसीएडी के लिए यह दुनिया का 45वां एयरपोर्ट होगा, जहां एमएसआई विकसित करेगी। यह कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के साथ हवाई अड्डे के संचालन के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम बनाएगी। कंपनी यात्री सेवाओं, इनडोर नेविगेशन, यात्री भीड़ प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीक से एयरपोर्ट को लैस करेगी। जेवर एयरपोर्ट में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की डिजि ट्रैवेल पॉलिसी के तहत काम होगा। वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि डिजिटल हवाई अड्डे बनाने के लिए आईसीएडी के साथ साझेदारी की है। आईसीएडी के सीईओ घासन सईघ ने कहा कि भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट के साथ मिलकर काम करेंगे। आईसीएडी ने एमएसआई सेवाएं देने के लिए विप्रो लिमिटेड और यूएसए की रॉस एंड बरुजिनी के साथ भागीदारी की है।


## बिहार सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता–सह–स्थानिक अभियन्ता का कार्यालय
## बिहार भवन, नई दिल्ली

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सुचना

पत्र सं0 –251 /स्था0अभि0, दिनांक– 24/06/2022

बिहार भवन एवं बिहार निवास चाणक्यापुरी, नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्ये के लिए समुचित श्रेणी में बिहार लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेंकेदारो भवन निर्माताओ से बिहार लोक निर्माण विभाग एफ–2 एकसरनामा में होने वाले कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– स्थानिक अभियन्ता, बिहार भवन, चाण्क्यापुरी नई दिल्ली
2. परीमाण विपत्र के बिक्री की तिथि :– 18.07.2022 (कार्यालय अवधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 19.07.2022 (अपराहण 3:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.07.2022 (अपराहण 3:00 बजे से 5:00 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र निर्गत का स्थान :– 1, स्थानिक अभियंन्ता कार्यालय बिहार निवास चाण्क्यापुरी, नई दिल्ली। 2. उपस्थानिक अभियन्ता, कार्यालय बिहार निवास चाण्क्यापुरी, नई दिल्ली।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– स्थानिक अभियन्ता कार्यालय बिहार निवास चाण्क्यापुरी, नई दिल्ली।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | बी.ओ.क्यू राशि | कार्य राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair & painting work of HE suits with attached room in Bihar Niwas for the year 2022-23 | 350000.00 | 16500.00 | 750.00 | 15 |
| 2. | Repair, painting & polishing work first floor rooms of Bihar Niwas for the year 2022-23 | 350000.00 | 16500.00 | 750.00 | 15 |
| 3. | Repair, painting & polishing work second floor rooms of Bihar Niwas for the year 2022-23 | 325000.00 | 16000.00 | 750.00 | 15 |
| 4. | Repair, painting & polishing work third floor rooms of Bihar Niwas for the year 2022-23 | 300000.00 | 15000.00 | 750.00 | 15 |
| 5. | Repair & painting work of boundary wall of Bihar Niwas for the year 2022-23 | 350000.00 | 16500.00 | 750.00 | 15 |
| 6. | Repair & painting polishing work of Multipurpose hall of first floor in Bihar Niwas for the year 2022-23 | 200000.00 | 10000.00 | 500.00 | 15 |
| 7. | Repair, painting & polishing work ground floor office rooms of Bihar Niwas for the year 2022-23 | 200000.00 | 10000.00 | 500.00 | 15 |
| 8. | Repair, painting & polishing work corridor and staircase in Bihar Niwas for the year 2022-23 | 150000.00 | 7500.00 | 500.00 | 15 |
| 9. | Painting & beautification of flower bed & bamboo jafri of garden in Bihar Niwas for the year 202223 | 200000.00 | 10000.00 | 500.00 | 15 |
| 10. | Repair, painting & polishing work first floor rooms of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 11. | Repair, painting & polishing work second floor rooms of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 12 | Repair, painting & polishing work third floor rooms of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 13. | Repair, painting & polishing work fourth floor rooms of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 14. | Repair, painting & polishing work ground floor rooms of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 15 | Repair, painting & polishing work C.M. suite of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 16 | Repair, painting & polishing work C.S. & C.J suite of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 17. | Repair, painting & polishing work all corridor and staircase of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 18. | Repair, painting work of Boundary wall, RTFS & driver room of Bihar Bhawan for the year 202223 | 250000.00 | 12500.00 | 500.00 | 15 |
| 19. | Repair & painting & work of outer portion old wing in Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 350000.00 | 16500.00 | 750.00 | 15 |
| 20. | Repair & painting work outer surface New wing of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 700000.00 | 35000.00 | 1250.00 | 30 |
| 21. | Repair & painting work of out house of Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 650000.00 | 32500.00 | 1250.00 | 30 |
| 22. | Repair & painting work of Rain Basera and garage in Bihar Bhawan for the year 2022-23 | 350000.00 | 17500.00 | 750.00 | 15 |

शर्ते:–

1. निविदा के साथ अद्यतन निबंधन आयाकर प्रमाण–पत्र वाणिज्य कर प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड आदि की छाया प्रति जो राहपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो संलग्न करना होगा।
2. अग्रधन की राशि डाकघर के एन0एस0सी/सावधि जमा के रूप में संलग्न की जानी है जो स्थानिक अभियन्ता चाणक्यापुरी बिहार भवन नई दिल्ली के नाम से निविदा प्राकशन के तिथि के बाद के तिथि में विधिवत प्लेज्ड हो।
3. निविदाकारों को भारतीय मानक विनिर्देश के अनुसार कार्य हेतु उपेक्षित सामग्री की खुद व्यवस्था करना होगा।
4. बिना कारण बताए निविदा स्थगित एवं रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
5. प्राक्कलन की राशि घट–बढ सकती है।

उक्त कार्य के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से कार्यालस अवधि में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

हस्ता
कार्यपालक अभियन्ता–सह– स्थानिक अभियन्ता
बिहार भवन नई दिल्ली।


# डॉक्टर के मकान में लगी भीषण आग 13 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

● दमकल की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

पायनियर सामचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-20 में स्थित एक डॉक्टर के मकान में शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते भयंकर आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

आग के चलते आसपास मे रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आप के चलते घर में फंसे 2 डॉक्टर समेत 13 लोगों को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया है। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के डी-11 में डॉक्टर पीयूष सूद और डॉक्टर के सी सूद का मकान है।

ये लोग अपने मकान में क्लीनिक चलाते हैं। शुक्रवार सुबह को अज्ञात कारणों के चलते मकान के दूसरी मंजिल पर भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। सीएफओ ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।


बचाव के दौरान घायल पुलिकर्मी।

मकान के अंदर डॉक्टर समेत उनके परिवार के 13 लोग फंस गए थे। नोएडा पुलिस और दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें सकुशल बाहर निकाला है। आग की वजह से निकल रहे धुएं के चलते कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

## ट्रेन की बोगी पर इलेक्ट्रिक तार गिरा, टला बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जनपद के खड़खड़ी रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली से सहारनपुर जा रही यात्री ट्रेन की बोगी पर इलेक्ट्रिक तार टूटकर गिर गई। इस कारण ट्रेन वहीं रुक गई। तार और रॉड टूट कर टेन के डिब्बे पर गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया। ट्रेन रुकते ही यात्री कूद पड़े और दूर खड़े हो गए। बाद में खेकड़ा, बागपत और बड़ौत आदि के यात्री बस से अपने घर के लिए गए।

दिल्ली से वाया खेकड़ा, बागपत रोड होकर सहारनपुर जा रही 04429 इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन जब गाजियाबाद जनपद के खड़खड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। तभी अचानक ट्रेन की बोगी के ऊपर इलेक्ट्रिक तार और उसको संभालने वाली एक रॉड टूटकर गिर गई। इससे ट्रेन वहीं पर रुक गई। तार टूटकर ट्रेन पर गिरने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्री दहशत में ट्रेन की बोगियों से कूदकर बाहर खड़े हो गए।

# मीना भार्गव के साथ दो अफसरों ने भी छोड़ी कुर्सी

● ऑनलाइन सर्विस में गड़बड़ी की शिकायत के बाद तीनों पर उठे थे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात जनरल मैनजेर प्लानिंग मीना भार्गव को रिलीव किया गया। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधक मनोज धारीवाल और एनके जैन को भी रिलीव किया गया है। मीना भार्गव और एनके जैन का तबादला यूपीसीडा कानपुर हुआ था।

मनोज का तबादला यमुना प्राधिकरण में किया गया था। तीनों का तबादला करीब एक साल पहले हो गया था, लेकिन उनके बावजूद भी तीनों प्राधिकरण में मलाईदार पद पर तैनात थे। औद्योगिक विकास विभाग ने एक वर्ष से अधिक समय से पहले जीएम प्लानिंग मीना भार्गव और परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एनके जैन का तबादला यूपीसीडा कानपुर किया था। इसके अलावा परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज धारीवाल का तबादला यमुना प्राधिकरण किया गया था, लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसी को रिलीव नहीं किया था।

तीनों को अब सीईओ सुरेंद्र सिंह ने रिलीव कर दिया है। जीएम प्लानिंग का चार्ज वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार को दिया गया है। हाल ही में प्राधिकरण में ऑनलाइन सर्विस शुरू करने में गड़बड़ी की शिकायत शासन से हुई थी। इसके बाद प्राधिकरण ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। इस जांच के आदेश के बाद कई अफसरों पर सवाल खड़े किए गए थे।

# पति से झगड़े के बाद महिला ने बेटे संग खाया जहर

● हालल गंभीर, मासूम की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाली एक महिला ने पति से झगड़े के बाद अपने बच्चे को जहर खिलाकर खुद जहर खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में मां.बेटे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर 2 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है और महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित सुपरटेक इको विलेज सोसायटी में रहने वाली एक महिला का 2 दिन पहले उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। महिला ने पति से हुए झगड़े के बाद अपने बेटे शिवम को जहर खिलाकर खुद जहर खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में महिला और उसके बच्चे को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

पुलिस ने बताया कि वहां से बच्चे की बिगड़ती हालत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में रेफ र किया गया। वहां पर 2 वर्षीय शिवम की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मलबा शुल्क पर जीडीए व निगम आमने-सामने

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने जीडीए से बकाया मलबा शुल्क मांगा। निगम को जीडीए वर्ष 2002 से अभी तक मलबा शुल्क नहीं दे रहा है।

निगम का दावा है कि यह शुल्क कई करोड़ रुपये है। अगर मलबा शुल्क मिल जाता है तो इससे निगम को बड़ा लाभ होगा। निगम प्रशासन का कहना है कि मलबा शुल्क नियमानुसार नगर निगम को मिलना चाहिए। मलबा शुल्क वह शुल्क है जो किसी भी मकान या निर्माण को तैयार करने के लिए जीडीए आवंटियों से वसूलता है। यह प्लॉट की कुल कीमत का करीब दो प्रतिशत के आसपास होता है। निगम का दावा है कि पहले मलबा शुल्क जीडीए अदा करता था। यह मामला एक बार फिर से से सुर्खियों में बना।

# यूपी बोर्ड: अगले सप्ताह से स्कूलों में अंक पत्र बांटने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के स्कूलों में अगले सप्ताह से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंक पत्र मार्कशीट बंटने लगेगी।

इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। अंक पत्रों को स्कूलो तक भेजने के लिए वर्गीकरण का कार्य चल रहा है। पहले रिजल्ट प्रत्येक बच्चों की ई-मेल आईडी पर भेजने की योजना थी, लेकिन परीक्षा के बाद स्कूल बंद होने के चलते स्कूलों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की ई.मेल आईडी बनाने में असमर्थता जता दी। ऐसे में 18 जून को परंपरागत तरीके से ही रिजल्ट जारी किया गया था। यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले के 37520 विद्यार्थी पंजीकृत थे, इनमें हाईस्कूल के 20511 और इंटरमीडिएट में 17009 परीक्षार्थी थे।

बोर्ड परीक्षा 24 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित हुई थी। दसवीं में 20510 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें 19115 ने परीक्षा दी और 18271 सफल और 2239 फेल हो गए। जबकि 12वीं में 17008 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 16096 सफल और 3047 फेल हो गए।

बोर्ड परीक्षा में दसवीं का परिणाम 95.58 प्रतिशत रहा और इंटर का 86.74 प्रतिशत रहा है। कुल मिलाकर जनपद का हाईस्कूल में प्रदेश में सबसे बेहतर रिजल्ट रहा था।

# सरकारी स्कूल के बच्चे खुद उगाएंगे सब्जियां

● 210 विद्यालयों में किचन गार्डन बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक खास मुहिम निकाली है।

गौतमबुद्ध नगर 511 सरकारी स्कूल हैं। इनमें से 210 स्कूलों में किचन गार्डन बनाए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में छात्रों को खराब भोजन मिलने की समस्या हमेशा से ही सामने आती है, लेकिन अब नोएडा सरकारी स्कूल में जाने छात्र.छात्रों और माता-पिता की टेंशन दूर होने का समय आ गया है। अब जिले के नोएडा सरकारी स्कूलों में



किचन गार्डन बनाया गया है। वर्तमान में 511 प्राथमिकए उच्च प्राथमिक और तीन कस्तूरबा गांधी स्कूल है। इसमें 90 हजार से अधिक छात्रों को शिक्षा दी जा रही है।

पहले चरण में 210 स्कूलों में किचन गार्डन बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा निकाली गई है। इस मुहिम का नाम केन्द्र सरकार ने स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन रखा है। जिससे बच्चों को अच्छा पोषणयुक्त भोजन मिल मिलेगा। जिले के 210 स्कूलों में हरी सब्जियां बोई जा रही है। स्कूल में बोई सब्जियों की जिम्मेदारी भी छात्रों के हाथ में दी गई है। जिसके लिए सरकार की ओर से प्रत्येक स्कूल को पांच हजार की धनराशि दी गई है। बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इस विषय में बताया कि बच्चों को मौसमी सब्जियों में मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में जानकारी देना है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी-सरकार में खींचतान फिर शुरू

## उपराज्यपाल कार्यालय से कुछ फाइलों को दो सप्ताह से नहीं मिली मंजूरी, खटाई में पड़ सकता है सीएम का सिंगापुर दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में खींचतान फिर शुरू हो गई है। हाल ही में नियुक्त नए उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुछ फाइलों को अभी तक मंजूरी नहीं दी है। जिसकी वजह से सीएम के सिंगापुर दौरे पर ग्रहण लग सकता है।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जुलाई में शहरों से जुड़े विश्व शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए निर्धारित सिंगापुर यात्रा से संबंधित फाइल भी शामिल है। यह गत सात जून से मंजूरी के लिए उपराज्यपाल कार्यालय में लंबित है। इसके अलावा दिल्ली सरकार की कई महत्वपूर्ण फाइलों को अभी तक उपराज्यपाल से मंजूरी नहीं मिली है।



केजरीवाल को आगामी जुलाई में सिंगापुर में होने वाले विश्व नगर सम्मेलन में भाग लेना है। उन्होंने दावा किया कि कई छोटे मुद्दों की फाइलें भी उपराज्यपाल कार्यालय में अटकी हुई हैं। यह दिल्ली में शासन को प्रभावित कर सकता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रोटोकॉल के मुताबिक मुख्यमंत्री समेत किसी भी मंत्री को आधिकारिक विदेश यात्राओं के लिए गृह मंत्रालय से मंजूरी लेनी होती है और मंजूरी के लिए फाइल उपराज्यपाल कार्यालय के जरिए गृह मंत्रालय को भेजी जाती है।

मालूम हो कि गत दिनों उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गत दिनों उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया था कि वह भाजपा का पक्ष लेने के लिए कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने यह आरोप तब लगाया था जब उपराज्यपाल ने कोविड महामारी के दौरान सात अस्थायी अस्पतालों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी शाखा को मंजूरी दे दी थी।

## भ्रष्टाचार के मामले में एक और अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को हौजखास जमीन मामले में एक और अधिकारी को निलंबित कर दिया। दिल्ली विकास प्राधिकरण की जमीन को गलत तरीके से हस्तांतरित करने को लेकर क्षेत्र के कानूनगो के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। हौज खास क्षेत्र के सब-रजिस्ट्रार डीसी साहू को एक व्यक्ति की मिलीभगत से डीडीए की पॉश लोकेशन की भूमि को ट्रांसफर करने के लिए राजस्व रिकार्ड की जालसाजी से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए दो दिन पहले ही निलंबित किया गया था। इसी मामले में इस क्षेत्र के रिकार्ड रूम प्रभारी और कानूनगो रमेश कुमार को भी निलंबित किया गया है।

## मोबाइल टावरों के पुर्जे चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मोबाइल टावरों के पुर्जे चोरी करने के आरोप में एक दूरसंचार कंपनी के पूर्व कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान दीपक (23) और धनपाल (22) के रूप में हुई है जो बुराड़ी के संत नगर निवासी हैं। पुलिस ने कहा कि दीपक एक दूरसंचार कंपनी का पूर्व कर्मचारी है जबकि धनपाल उसका पड़ोसी और स्कूल का दोस्त है।

अरूणा नगर में एक घर की छत पर लगे मोबाइल टावर से बेस बैंड चोरी होने के मामले में 14 जून को मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दीपक 2017 में टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत था और वह मोबाइल टावरों की मरम्मत का काम करता था। तीन महीने पहले एक दुर्घटना के बाद उनकी नौकरी छूट गई थी।

# स्पोटर्स विश्वविद्यालय: कुश्ती, कबड्डी और क्रिकेट में मिलेगी डिग्री : केजरीवाल

● खिलाड़ियों को नौकरी में मिलेगी मदद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्पोर्ट्स में करियर बनाने वालों को अब अपने खेल में डिग्री भी मिलेगी, जिससे उनको नौकरी मिलने में भी मदद मिलेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आगामी दिल्ली खेल विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को डिग्री प्रदान करेगा ताकि अगर वे काम करना चाहते हैं, तो इससे उन्हें नौकरी में मदद मिल सके।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों के सामने आने वाली तीन कठिनाइयों यानी सुविधाओं की कमी, वित्तीय सहायता की कमी और चयन प्रक्रियाओं में राजनीतिक हस्तक्षेप को खत्म कर दिया है। उन्होंने यहां खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह में कहा, दिल्ली खेल विश्वविद्यालय में, खिलाड़ियों को उनके संबंधित खेलों में डिग्री प्रदान की जाएगी जैसे कबड्डी में बीए, कुश्ती में बीए और क्रिकेट में बीए आदि। इससे उन्हें काम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मिशन एक्सीलेंस के तहत खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता दी जा रही है। हमने खेल सुविधाओं में सुधार किया है और यहां योजनाओं के लिए खिलाड़ियों के चयन में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है।

इस योजना के तहत शुक्रवार को 60 खिलाड़ियों को 9.5 करोड़ की आर्थिक सहायता दी गई।

## हरियाणा प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले मनोहर लाल



नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय कार्मिक,लोक शिकायत व पृथ्वी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

● उच्चाधिकारियों और कार्मिक आवश्यकताओं के संदर्भ में दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा की भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों और संदर्भित कार्मिक आवश्यकताओं के संदर्भ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल केंद्रीय कार्मिक,लोक शिकायत व पृथ्वी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने सभी मांगों को लेकर उन्हें आश्वस्त किया। बैठक में सीएम मनोहर लाल ने हरियाणा से केंद्र में हुई भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की प्रतिनियुक्तियों और उच्चाधिकारियों की सेवानिवृतियों के बाद की आवश्यकताओं के संदर्भ में अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने विभागों की कार्य क्षमता व कार्य दक्षता को गतिमान बनाए रखने की दिशा में हरियाणा ने केंद्र से प्रदेश के लिए पर्याप्त संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की आवश्यकताओं को पूर्ण किए जाने की आशा व अपेक्षा की है।

बैठक में केंद्रीय कार्मिक एवं कार्मिक विभाग की सचिव एस राधा चौहान व हरियाणा के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव दीप्ती उमाशंकर मौजूद रही।

## दाखिले के लिए यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद किसी तरह सुरक्षित देश लौटे भारतीय मूल के मेडिकल छात्रों ने शुक्रवार को देश के चिकित्सा महाविद्यालयों में दाखिले की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों ने सरकार से अपील की कि अकादमिक साल के नुकसान से उन्हें बचाने के लिए एकबारगी उपाय के तौर पर उनका समायोजन किया जाए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश , पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से आए इन एमबीबीएस विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने यहां राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के बाहर प्रदर्शन किया। पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ यूक्रेन मेडिकल स्टूडेंट्स के बयान में कहा गया है, चूंकि सारे विद्यार्थी भावी डॉक्टर हैं, इसलिए ऑनलाइन शिक्षा उनके लिए अच्छा विकल्प है।

## दो महीने से यातनाएं झेल रहीं दो बच्चियों को छुड़ाया

**नई दिल्ली।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की संस्था बचपन बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने श्रम विभाग और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर दक्षिण-पूर्व दिल्ली के एक घर से घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही दो नाबालिग लड़कियों को गुरुवार रात छुड़ाया। दोनों रिश्तेदार हैं। उन्हें दो महीने से बुरी तरह से यातनाएं दी जाती थीं और खाने के नाम पर केवल ब्रेड दी जाती थी। एसडीएम ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन को आदेश दिया है कि ट्रैफिकिंग और बंधुआ मजदूरी के साथ-साथ आइपीसी की उचित धाराओं में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

# दिल्ली में भारी वाहनों पर रोक से प्रभावित होगा कारोबार

● व्यापारियों ने नवंबर से भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश के निर्देश का किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

व्यापारियों और परिवहन संगठनों ने माल ढुलाई करने वाले मध्यम और भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक संबंधी दिल्ली सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय राजधानी में कारोबार पर गहरा और प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

राष्ट्रीय राजधानी में एक अक्टूबर से 28 फरवरी तक माल ढुलाई करने वाले मध्यम और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के निर्णय का मकसद वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना है। अखिल भारतीय मोटर एवं माल ट्रान्सपोर्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने इस रोक को वापस लेने की मांग की और सरकार को प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए कोई और तरीका तलाशने का अनुरोध किया। परिवहन क्षमता (विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की) सैकड़ों टनों में है जो केवल भारी वाहनों के जरिए ही की जा सकती है, हल्के वाहनों के जरिए नहीं।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने इस मुद्दे पर भविष्य की रणनीति तैयार करने के वास्ते 29 जून को दिल्ली के प्रमुख कारोबारी संगठनों की एक बैठक बुलाई है। सीएआईटी के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने अरविंद केजरीवाल सरकार के इस फैसले की निंदा करते हुए कहा कि इससे दिल्ली में बड़े पैमाने पर कारोबार प्रभावित होंगे।

## सराय रोहिल्ला में 34 लाख की लूट

**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला इलाके में दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति से कथित तौर पर 34 लाख से अधिक रुपए लूट लिए।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस के अनुसार विकी गुप्ता अपने नियोक्ता विजय राठौड़ की 34.17 लाख की नकदी अपनी दुकान से सब्जी मंडी ले जा रहा था। वह फ्लाईओवर पर पहुंचा तो दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों ने उसे रोका और नकदी लूट ली। पुलिस ने बताया कि सराय रोहिल्ला थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 392 और 34 के तहत केस दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## अधिक सुलभ होने पर दिल्लीवासी मेट्रो को प्राथमिकता देंगे : अध्ययन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में भारी जाम और पर्यावरण प्रदूषण के मद्देनजर अनुसंधानकर्ताओं ने अति सुलभ वहनीय बहुमॉडल परिवहन प्रणाली (एमएमटीएस)की आवश्यकता पर जोर दिया है।

अनुसंधानकर्ताओं ने जीआईएस ऐंड ग्रैविटी मॉडल बेस्ड ऐक्सेसिबिलिटी मेजर फॉर दिल्ली मेट्रो शीर्षक से अध्ययन किया जिसे हाल में एक विदेशी जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसमें यह भी दावा किया गया है कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का निर्माण पूरा होने पर विभिन्न इलाकों और मेट्रो स्टेशनों के बीच सफर करने के औसत समय में भी कमी आएगी।

तीन अलग-अलग स्तर पर अध्ययन किया जिनमें सुगम्यता, सुगम्यता की नीति और एमएमटीएस के साथ सुगम्यता के संबंध को आंका गया। एमएमटीएस दो या उससे अधिक परिवहन के साधनों के समन्वित इस्तेमाल की संभावना का शहरी इलाकों में सुरक्षित, तेज गति से और अधिक सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए पता लगाता है।

# प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए लगेगा मेला

● त्यागराज स्टेडियम में 1 से 3 जुलाई तक चलेगा मेला, देखें एकल प्रयोग प्लास्टिक की जगह क्या अपनाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार का पर्यावरण विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के विकल्पों को बढ़ावा देने के मकसद से 1 से 3 जुलाई तक त्यागराज स्टेडियम में मेले का आयोजन करेगी।

इस मेले में विकल्पों से सम्बन्धी उत्पाद बनाने वाली कंपनियों, स्टार्ट अप्स और संस्थाए भाग लेंगी और अपने उत्पादकों को एक मंच से लोगों के बीच साझा करेंगे। इसके अलावा मिट्टी के बर्तन, कपड़े, कागज और जूट से बने बैस, बायो डिग्रेडेबल चीजों से बनी क्रॉकरी को प्रदर्शित किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर कार्य कर रहे उत्पादक पंजीकरण कराने के लिए पर्यावरण विभाग की वेबसाइट www.environment.delhigovt.nic.in पर लॉग इन कर सकते है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुयक्रवार को समर एक्शन प्लान को लेकर विभियन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एसयूपी के अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय मेला 1 जुलाई से 3 जुलाई के बीच त्यागराज स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। राय ने बताया की दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के खिलाफ उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। एकल इस्तेमाल में आने वाली प्लास्टिक भी एक एहम भूमिका निभाती है। ऐसे में इससे बनी वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान बहुत जरूरी है।

सभी से अपील करते हुए कहा की एसयूपी के अन्य विकल्प का उत्पादन करने वाले स्टार्ट-अप्स, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार का सहयोग करें और दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए एसयूपीएस के विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें।


**GOVT. OF BIHAR**
**OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER,**
**BIHAR B BHAWAN, NEW DELHI**
**No- 251 / Dated 24/06/2022**

**Short Notice inviting Quotation**

The reputed firms are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi for the year 2021-2022 Quotation will be submitted up to 19-07-2022 till 3:00 pm and opened on 19-07-2022 at 3:30 pm at the office of the Resident Engineer, Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration, GST, PAN No. and authorization of firm paper here enclosed. Details of items list can be obtained form the office of the Resident Engineer, Bihar Bhawan , New Delhi. The Earnest Money (NSC/ Term Deposit) should be deposited 5% of total contract value before issue of work order.

| S.L | Name of work |
|---|---|
| 1. | Renovation of room and toilet of Room No 301 and 302 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 2. | Renovation of room and toilet of Room No 307 and 308 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 3. | Renovation of room and toilet of Room No 403 and 404 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 4. | Renovation of room and toilet of Room No 406 and 407 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 5. | Renovation of room and toilet of Room No 408 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 6. | Renovation of public toilet (ladies and gents ) in Reception area of Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 7. | Installation of New / Extra lights (halogen) at entrance gate and Honable C.M suite garden area at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 8. | Renovation of Bihar Bhawan office room No- 405 and seepage issues to be rectified for the year 2022-23 |
| 9. | Renovation of store on 4th floor (Room No 409) with rectification of seepage issues at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 10. | Supply fitting fixing Sony make LED TV in Room No. 101,201,301,302,303,304,306,112,403,404,406,407,408,206,205,409,405 at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 11. | Servicing of chimney, water cooler and refrigerator in canteen in Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 12. | Renovation of gazebo at the Back of Honable C.M suite with polishing of grills installation of new lights and genral painting work at Bihar Bhawan for the year 2022-23 |
| 13. | Replacement of damaged pipe in the Basement (water leakage problem in basement at Bihar Niwas fot the year 2022-23 |
| 14. | Replacement of waste water pump in Basement at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 15. | Renovation of outer common bathroom at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 16. | Changing of in and out gate pole light fitting with wiring at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 17. | Fixing of all Boundary lights and wiring in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 18. | Replacement of security Barrier (Boom Barrier) at In and out Gate in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 19. | Changing ot Portico double height halogen light (facing down ) at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 20. | Repairing ol fire fighting system and up gradation of the lift electricity panel also at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 21. | Renovation of reception common bathroom with exhaust facility at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 22. | Renovation of washroom By. C.M suite and Vistof s room at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 23. | Replacement of Governor suite Balcony door at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 24. | Replacement of Bathdoors in Room No. 101,107,108,113,307,309,311,316, D31, D32 at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 25. | Replacement of Vanity in the bathroom of Room No. 101,104,106,109,114,115,116,119,123,125,126,202,305,307,309,310,311,313,316, D31 & D 32 at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 26. | Replacent of old WC in the Room No 105. 114,116,117,120,122,123,124,305,307,309,310,311,312,313 and 315 at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 27. | Changing of bathroom floor tiles whose chroming is removed / Brocken in Room No: 101,102,119,121,125,127,128,305,307,309,310,313, D21, D22, D31 and D32 at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 28. | Replacement of old / Brocken washbasin in Room No. 114,123,125,126,202,305,307,309,310,311,313,316, D31 and D32 at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 29. | Complete renovation of canteen with changing washbasin. Fittings & Mirror at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 30. | Servicing of Chimney in canteen of Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 31. | Rectification of water dripping during rainy season in front of the 3rd floor general lift at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 32. | Covering of balcony which open towards room number 217, 218 on 2nd floor & 315 and 316 on third floor at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 33. | Complete renovation of conference hall at ground floor at Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 34. | Replacement of doors of Governor suite wings room- Room No. 302, 303, 304, 306, 308, D31 & D32 in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 35. | Polishing of all furniture in the rooms attached to HE wing including all chairs fabrics needs to be changed in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 36. | Supply & Installation of new dressing unit in HE Governor suite Master bed room and Lady Governor room in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 37. | Supply and fixing smart ceiling fan in HE Suite and rooms attached to the wing in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 38. | Supply and fixing false ceiling in HE washroom and Lady Governor washroom in Bihar Niwas for the year 2022-23 |
| 39. | Supply & Replacement of furniture in Room No 301 including sofa centre table and vanity box in Bihar Niwas for the year 2022-23 |

Sd/-
**Executive Engineer-Cum-Resident Engineer**
**Bihar Bhawan, New Delhi**

# अगले छह दिन में सभी ड्रेन व सीवरेज लाइनों की सफाई हो पूरी : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों पर वीडियो कांफ्रेंस से ली बैठक

## क्षेत्र में 98 पंपसैट, 67 सुपर सकर मशीन, 35 ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 जेसीबी मशीन तथा 5 डीजी सैट उतारे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बाढ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से की। उन्होंने सभी जिलों को 30 जून तक यानी अगले छह दिन में ड्रेनों व



गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ वीडियो कांफ्रेंस से बैठक में शामिल आयुक्त, उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

सीवरेज लाइनों की सफाई सुनिश्चित करने और बरसाती पानी निकासी के लिए प्रयोग होने वाले पंपसैट की उपलब्धता व उनके चालू हालत में होने की पुष्टि करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त बरसात के मौसम में अपने-अपने जिला में बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक मशीनरी, पंपसैट आदि के प्रबंध समय रहते कर लें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में संबंधित एसडीएम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। बैठक में गुरुग्राम नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 650 किलोमीटर लंबाई की ड्रेन हैं, जिसमें से 250 किलोमीटर लंबाई में सफाई का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी में सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्य 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम की तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 98 पंपसैट, 67 सुपर सकर मशीन, 35 ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 जेसीबी मशीनों तथा 5 डीजी सैट की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इन प्रबंधों के अलावा निगम क्षेत्र में 8 पंपसैट स्थाई रूप में लगे हुए हैं। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में गुरुग्राम के मण्डलायुक्त राजीव रंजन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता शिव सिंह रावत, नगर निगम की मुख्य अभियंता ठाकुर लाल, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कुलदीप नेहरा, जिला राजस्व अधिकारी मनबीर सिंह सहित बाढ़ नियंत्रण से जुड़े विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने ठेके में से काटी 10 फीसदी राशि

**सोहना।** जनस्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में सीवर-पानी लाइन बिछाने वाले ठेकेदार के ठेके में से 10 फीसदी राशि काट ली है। ठेकदार को अगले 15 दिन में अधर में लटका कार्य को पूरा करने का नोटिस थमा दिया है।

वर्ष 2021 की शुरुआत में जनस्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में नये सिरे से सीवर व पानी की लाइनें बिछाने का ठेका करीब 56 लाख रुपये में छोड़ा था। यह कार्य दिसम्बर 2021 में पूरा किया जाना था, लेकिन ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण यह ठेका डेढ़ वर्ष होने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है। पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइनें अधूरी होने के कारण अस्पताल परिसर में सीवर का गंदा पानी यहा के रास्ते व पार्कों में जमा होने से गंदगी बनी हुई है। ओपन पड़ें नई सीवर लाइन के गटर के गड्ढ़ां में रात के अंधेरे में गिरने का खतरा बना हुआ है। आवारा कुत्ते व पिल्ले तो कई बार इन में गिरने से घायल हुए हैं।

**नारकीय बना जीवन :** नागरिक अस्पताल के क्वाटरों में रहने वाले डॉक्टर स्टाफ से लेकर नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का जीवन नारकीय बना हुआ है। क्वाटरों के आगे पीछे सीवर लाइन से बाहर निकलने वाला गंदे पानी से उठती बदबू सांसें भी नहीं लेने दे रही है।

> **जनस्वास्थ्य** विभाग के एसडीओ और एक्सइएन को कई बार पत्र लिखकर कार्य को पूरा कराने की मांग भी की गई है। विभाग अधिकारी अधर में लटका कार्य को देखकर भी गए है। जल्द ही कार्य को पूरा कराने का भरोसा देकर जाते है।
>
> **डॉ. प्रवीण यादव (एसएमओ नागरिक अस्पताल)**
>
> **ठेकेदार** को पहले भी कई बार अधर में लटके कार्य को पूरा कराने के नोटिस जारी किए गए थे। इस बार उसकी कुल ठेका राशि में से 10 फीसदी की कटौती कर दी है। साथ ही उसे 15 दिन में कार्य को पूरा करने का नोटिस भी दिया है।
>
> **ओमप्रकाश सिंह (एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)**

## संक्षिप्त समाचार

### चेस टूर्नामेंट में लड़कियों में रिद्धिका व लड़कों में गर्व ने मारी बाजी



हरियाणा राज्य स्कूल अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ी।

**गुरुग्राम।** यहां एक निजी स्कूल में आयोजित हरियाणा राज्य स्कूल अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट में लड़कियों में रिद्धिमा और लड़कों में गर्व गौड़ ने बाजी मारी है। शुक्रवार को इस स्पर्धा का समापन हो गया। इस टूर्नामेंट के प्रथम 3 विजेताओं को एसोसिएशन द्वारा अगले महीने तमिलनाडु में होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड में भेजा जाएगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर देशरत्न गुलाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लड़कियों में रिद्धिका कोटिया प्रथम, शाओनी मुखर्जी द्वितीय और हेमाक्षी चौहान ने तृतीया स्थान प्राप्त किया और लड़कों में गर्व गौड़ प्रथम, निमय गर्ग द्वितीय और अर्शदीप तृतीय स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के जिला सचिव राजपाल चौहान, सुषमा चौहान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### नम आंखों से प्रो. एसपी गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के प्रख्यात शिक्षाविद् और समाजसेवी प्रो. एसपी गुप्ता (सूरज प्रकाश गुप्ता) की रस्म पगड़ी पर शहर के हजारों गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक दलों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। बता दें कि गत 12 जून को 82 वर्षीय प्रो. एसपी गुप्ता का देहांत हो गया था। वे दिल्ली शिक्षा विभाग में अनेक उच्च पदों पर रहकर वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हो गए थे। इनमे पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा, आप पार्टी के नेता एडवोकेट अभय जैन, पार्षद सुभाष सिंगला व शरद गोयल आदि शामिल थे। प्रो. एसपी गुप्ता के पुत्र आलोक गुप्ता (सीए), पुत्रवधु मेघा गुप्ता (सीए), तीनों पुत्रियों स्नेह गोयल, उमा गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, नातियों, पोते-पोतियों समेत सभी परिजनों और रिश्तेदारों ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद प्रकट किया।

### मुख्यमंत्री ने दिया चेयरपर्सन अंजू देवी को विकास कराने का मूलमंत्र



**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निकाय चुनाव में जीतकर आए चेयरमैनों को विकास कार्य कराने का मूलमंत्र दिया। अपने-अपने शहर को विकास की और लेकर जाने के लिए पूरा सहयोग का आश्वासन दिया है। हाल ही में हुए प्रदेश की 47 निकाय चुनावों में भाजपा पार्टी के विजेता नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के नवनियुक्त चेयरमैनों से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस अवसर पर सोहना नगर परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अंजू देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संदेश में बताया कि अपने-अपने शहरों को विकसित करने पर जोर देना होगा। विकास के कार्यों में आर्थिक तंगी नहीं आने दी जाएगी। चेयरमैन निपक्षता से विकास कार्य कराएं। जिससे शहर के विकास में चार चांद लग जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी चेयरमैन को कराने का मूलमंत्र के साथ ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया।

# गुरुग्राम पुलिस ने ढूंढे 42 लाख रुपये कीमत के गुम हुए 210 मोबाइल

## पुलिस आयुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने मालिकों को सौंपे मोबाइल

## जनता से कहा, कोई लावारिस मोबाइल फोन मिलने पर नजदीकी थाने में जमा कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम की पुलिस ने तकनीकी सहायता से गुम हुए 210 मोबाइल की तलाश करके उनके असल मालिकों को सौंपे हैं। इन 210 मोबाइल की कीमत 42 लाख रुपये है। शुक्रवार को तलाश किए गए ये मोबाइल पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने उनके असल मालिकों को सौंपे।

गुरुग्राम में मोबाइल फोन गुम होने की सूचना मिलने के साथ ही पुलिस उनकी तलाश के लिए तकनीकी सहायता से काम करना शुरू कर देती है। आज के समय में हर व्यक्ति के मोबाइल में उनका निजी डाटा, जानकारियों, बैंकिंग समेत तमाम डिजिटल काम होता है। ऐसे में अगर वह मोबाइल कहीं गुम हो जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है। ऐसे में गुरुग्राम पुलिस गुम हुए मोबाइल की तलाश को भी पूरी गंभीरता से


गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में लोगों के तलाशे गए मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपते पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज।

लेती है। पिछले काफी समय से कई दौर में अनेक गुम हुए मोबाइल तलाश करके असल मालिकों को सौंपे गए है। पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने आमजन से यह अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लावारिस मोबाइल फोन मिलता है तो उसे नजदीकी थाना में जमा करा दें। अपने पास रखकर कानून के विरुद्ध न जाएं और कानूनी झंझट में ना पड़ें।

उन्होंने बताया कि लोगों से प्राप्त हुई मोबाइल गुमशुदगी रिपोर्ट्स में से साईबर सेल पूर्व गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 210 मोबाइल फोन को तलाश लिया गया। शुक्रवार को असल मालिकों को बुलाकर पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज ने उन्हें तलाशे गए मोबाइल सौंपे। पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए 210 मोबाइल फोन के सभी असली मालिक अपने गुम हुए मोबाईल फोन को वापस पाकर बहुत खुश थे।

# मीट की दुकानों के नए लाइसेंस के विरोध में उतरे हिंदू संगठन

## संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति, गुरुग्राम ने सीएम, उपायुक्त के नाम दिए ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** द्रोण की नगरी और मां शीतला की पावन स्थली गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस दिए जाने के विरोध में हिंदू संगठनों खड़े हो गए हैं। मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मांग की गई है कि इस प्रक्रिया पर बिना किसी देरी के रोक लगाई जाए। इससे पहले भी प्रशासन ने कहा था कि सिर्फ पुराने लाइसेंस रिन्यू होंगे, नए नहीं दिए जाएंगे।

संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति हरियाणा की ओर से ज्ञापन देकर कहा गया है कि गुरुग्राम में शीतला माता का पवित्र स्थान देश की 52 सिद्ध पीठों में से एक है। लाखों लोग गुरु द्रोणाचार्य की इस पावन धरा पर मां शीतला का


गुरुग्राम में मीट की दुकानों के नए लाइसेंस के विरोध में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठनों के सदस्य।

आशीर्वाद लेने आते हैं। 9 अक्टूबर 2017 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से घोषणा की गई थी कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस नहीं दिए जाएंगे। केवल पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण होगा। अब 23 जून 2022 को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित कराई है कि 126 आवेदन मीट के आवेदन लाइसेंस के लिए प्राप्त हुए हैं। इन लाइसेंसों पर 28 जून तक आपत्ति मांगी गई है। ऐसे में संघर्ष समिति इस प्रक्रिया का विरोध करती है। समिति की मांग है कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस ना दिए जाएं। निगम द्वारा नए लाइसेंस जारी करने की प्रारंभ की गई प्रक्रिया पर अविलंब रोक लगाई जाए। समूचे देश की आराध्य देवी शीतला माता परिसर से 10 किलोमीटर की परिधि में मीट की दुकानें ना हो। वर्तमान में गुरुग्राम में 119 दुकानें लाइसेंस वाली तथा लगभग 2500 दुकानें अवैध रूप से चल रही हैं। मां शीतला के नगर की पवित्रता आस्था तथा शुचिता बनाए रखने के लिए मीट की अवैध दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाएं।

# हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे हुए


गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते सदस्य।

## रोटी-पानी बैंक असहाय 500 लोगों को प्रतिदिन कराती है भोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानवता** की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद लोगों को भोजन करना पुण्य का कार्य है। हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी बैंक बड़ा धर्म का काम कर रहा है। यह बात मेयर मधु आजाद ने शुक्रवार को हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में कही।

पुलिस रोटी बैंक गुरुग्राम हर रोज समाज के गरीब और असहाय लगभग 500 से 600 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराते हैं। इसके 200 दिन पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में मियांवली कॉलोनी के कम्युनिटी सेन्टर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर मधु आजाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। मधु आजाद ने कहा कि आज के समय मे प्रत्येक सामाजिक संस्थाओं को समाज के असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। पुलिस रोटी बैंक को नगर निगम की तरफ से इस नेक कार्य के लिए कोई उचित स्थान मुहैया करवाया जाएगा, जहां से पुलिस रोटी बैंक आसानी से अपना कार्य कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुपहाउसिंग सोसायटी मियांवली कॉलोनी के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने की। हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के प्रधान सेवक राष्ट्रपति पुलिस मैडल अवार्डी, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष एडीजीपी श्रीकांत जाधव की अगुवाई में पूरे प्रदेश में यह अन्न वितरण कार्यक्रम हर रोज किया जाता है। कार्यक्रम में पुलिस शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम के महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, वरिष्ठ उद्योगपति डीपी गौड़ सेमत काफी लोग मौजूद रहे।

## मकान का ताला तोड़ 60 हजार नकदी व जेवरात चोरी

**सोहना।** शहर के वार्ड-14 की पारस कॉलोनी के मकान में ताला तोड़कर घुसे चोर लाखों रुपये के जेवरात व 60 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड-14 की पारस कॉलोनी में रहने वाले जब्बार उर्फ अब्बास ने स्थानीय पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर कहीं गया था। वह बुधवार की सुबह अपने घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा पड़ा था। दरवाजों को खोलकर देखने पर कमरों में सामान बिखरा हुआ था। तलाश करने पर घर के अंदर रखे जेवरात व 60 हजार रुपये की नकदी गायब थी। जिसे अज्ञात चोर लेकर गए। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में 10-25 फीसद की वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**उच्च** औसत क्लेम और हेल्थकेयर इन्फलेशन में वृद्धि के कारण हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम 10-25 फीसदी के बीच बढ़ गया है। हेल्थ इंश्योरेंस क्षेत्र के सूत्रों के अनुसार पिछले दो सालों में औसत क्लेम 40,000-50,000 रुपये से बढ़कर 80,000 रुपये हो गया है।

इंश्योरेंस एग्रीगेटर्स के डाटा से पता चलता है कि सभी आयु समूहों के प्रीमियम में बढ़ोत्तरी हुई है, 18 से 30 साल के आयु वर्ग में अधिकतम औसत 36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बाकी आयु समूहों में औसत वृद्धि 20-25 फीसदी रही है। हाल ही में प्रीमियम बढ़ाने वालों में स्टार हेल्थ, यूनिवर्सल सोम्पो, मणिपाल सिग्ना और केयर हेल्थ इंश्योरेंस शामिल हैं, जो बीमा एग्रीगेटर दावा करते हैं।

इंडस्ट्री के एक अंदरूनी सूत्र जिन्होंने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया ने कहा कि आमतौर पर, स्वास्थ्य बीमा कंपनियां हर तीन साल में प्रीमियम बढ़ाती हैं। हालांकि, महामारी के दौरान, इंश्योरेंस रेगुलेटर ने उन्हें प्रीमियम बढ़ाने से रोक दिया। इसलिए, हाल ही में बहुत सी बढ़ोतरी उसी के कारण हुई है

# बुढ़ापा मूत्राशय, मौन में पीड़ित न हों: डॉ अमिता जैन



**गुरुग्राम।** बहुत से लोग अपनी मूत्र असंयम की समस्या पर चर्चा करने के बजाय चुपचाप पीड़ित होना पसंद करेंगे। यह विषय शर्मनाक और अप्रिय होने के अलावा, उम्र बढ़ने का एक स्वाभाविक हिस्सा होने की आम धारणा के कारण भी ग्रस्त है। 20 से 26 जून तक चलने वाले विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, हम यहां लोगों को अपने दर्द की उपेक्षा करने के बजाय असंयम के लिए चिकित्सा देखभाल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हैं। मूत्र असंयम मूत्र का रिसाव है, चाहे कितनी भी या कितनी बार हो। असंयम की समस्याएं अवसाद, अलगाव, कम आत्मसम्मान और काम से संबंधित कठिनाइयों को जन्म दे सकती हैं। असंयम एक या एक से अधिक समस्याओं का परिणाम हो सकता है, जैसे कि मूत्राशय का मूत्र संग्रह करने में विफलता, मूत्राशय का पर्याप्त रूप से खाली न हो पाना। यहां तक कि संवेदी समस्याएं, जैसे मूत्राशय भरने के दौरान दर्द, या उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों का अध-पतन जो मूत्राशय के उचित कार्य को बाधित करता है। मौन में पीड़ित होने के बजाय तत्काल चिकित्सा की तलाश करना बेहतर है।

# पटौदी-हेलीमंडी पालिका को मिलाकर नई नगर परिषद का नाम होगा पटौदी-मंडी

## नगर पालिका पटौदी व हेलीमंडी को नगर परिषद बनाने के लिए अधिसूचना जारी

## हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग में छह हफ्ते तक लिए जाएंगे दावे व आपत्तियां

## नगर परिषद में दोनों नगर पालिकाओं के विलय के साथ 1 गांवों को शामिल करने का है प्रस्ताव

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** में विकास कार्यों को गति देने के लिए हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नगर पालिका पटौदी व हेलीमंडी का विलय करते हुए नगर परिषद बनाने की अधिसूचना जारी की है। गुरुवार को जारी अधिसूचना में सरकार ने जिला उपायुक्त के माध्यम से आमजन से आपत्तियां तथा सुझाव मांगे हैं।

अधिसूचना के अनुसार गांव नरहेड़ा, जनौला, रामपुरा, छावन, मिलकपुर, मिर्जापुर, मुबारकपुर, देवलावास, हेड़ाहेडी तथा खानपुर को नई गठित की जाने वाली पटौदी मंडी नगर परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव है। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में लोगों के दावे व आपत्तियां स्वीकार करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया है। दर्जा बढ़ने के साथ ही यहां पर आने वाले दिनों में स्टाफ व अन्य संसाधनों में बढ़ोतरी होगी, जिससे निश्चित ही आमजन को मिलने वाली सेवाओं व सुविधाओं में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। पटौदी व हेलीमंडी पालिका के पटौदी मंडी परिषद बनने से अब एक ही जिले में दो परिषद कार्य करेंगी। इसके पहले सोहना नगर पालिका को 2014 में अपग्रेड कर नगर परिषद का दर्जा दिया जा चुका है।

### वार्डों की संख्या में होगा इजाफा

**मौजूदा** समय में दोनों नगर पालिका में अभी 30 वार्ड हैं। अधिसूचना में दोनों नगर पालिकाओं को विलय करने के साथ ही 10 गांवों को भी शामिल किया गया है। ऐसे में परिषद बनने के बाद यहां पर वार्डों की संख्या में इजाफा होना तय माना जा रहा है। वर्तमान में पटौदी में 15 वार्ड है, जिसमें तीन वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं 15 वार्डों की अनुमानित जनसंख्या 21 हजार के करीब है। इसी प्रकार नगर पालिका हेलीमंडी में भी 15 वार्ड है, जिसमें चार वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं 15 वार्डों की अनुमानित जनसंख्या 22 हजार 498 के करीब है। परिषद में शामिल होने वाले 10 गांवों की अनुमानित जनसंख्या 18277 के करीब है। दोनों नगर पालिका व अधिसूचना में प्रस्तावित 10 गांवों की जनसंख्या का जोड़ किया जाए तो यह 62 हजार के करीब है।

> ### जिला परिषद के ये वार्ड हुए प्रभावित
>
> **नगर** पालिका को परिषद का दर्जा मिलने से जिला परिषद के वार्ड भी प्रभावित हुए हैं। वार्ड चार से गांव मुबारिकपुर को परिषद में शामिल किया गया है। इस गांव की जनसंख्या लगभग 2944 है। वार्ड पांच से गांव जनौला व रामपुरा को परिषद में शामिल किया गया है। इन दोनों गांवों की अनुमानित जनसंख्या 5761 है। इसी प्रकार से परिषद में शामिल वार्ड सात के नरहेड़ा गांव की जनसंख्या 4414 है। परिषद में सबसे अधिक गांव वार्ड नौ से लिए गए है, जिसमें गांव मिजापज़ुर, मिलकपुर, छावन व देवलवास शामिल है।इन चारों गांवों की जनसंख्या 3466 है। इस प्रकार वार्ड-10 से गांव हेड़ाहेड़ी व खानपुर को भी नगर परिषद में शामिल किया गया है।

# प्रो. राम सिंह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी द्वारा सम्मानित

## राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी दिल्ली के डीजी डॉ. टी. महापात्र ने पुरस्कार दिया

**गुरुग्राम।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मानव संसाधन प्रबंधन के पूर्व निदेशक प्रो. राम सिंह को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के फेलो के रूप में 29वीं वार्षिक आम सभा में दिल्ली में महानिदेशक डॉ. टी. महापात्र ने दिया।

कृषि विज्ञान अकादमी के सचिव डा. केसी बंसल ने प्रोफेसर राम सिंह को फेलोशिप का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रोफेसर राम सिंह एचएयू से पिछले 20 वर्षों में इस पुरस्कार को पाने वाले केवल दूसरे वैज्ञानिक हैं। अब तक उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इसमें जेसी भारद्वाज स्मृति पुरस्कार-2021, बी बसंतराज डेविड फाउंडेशन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2020, इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कांग्रेस में आउटस्टैंडिंग प्लांट प्रोटेक्शन साइंटिस्ट अवार्ड-2019, हैदराबाद कृषि अनुसन्धान परिषद अवार्ड और इसी परिषद द्वारा संचालित श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, फेलो ऑफ रॉयल एंटोमोलॉजिकल सोसाइटी लंदन, फेलो ऑफ भारतीय पौध संरक्षण एसोसिएशन हैदराबाद, फेलो ऑफ खाद्य एवं कृषि संगठन रोम, पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप, अंतरराष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान इंग्लैंड, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान दिल्ली के स्मरणोत्सव कार्यक्रम के शताब्दी कार्यक्रम में सम्मानित इन्हें विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल, एसपी गोल्ड मेडल और 29 श्रेष्ठता प्रमाण पत्र स्नातक स्तर पर प्राप्त हुए। उनके 36 साल के सेवा काल में महत्वपूर्ण उपलब्धियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 200 शोध पत्र प्रकाशित


प्रो. राम सिंह को फेलोशिप का प्रमाण पत्र प्रदान करते डॉ. केसी बंसल।

हुए। पौध संरक्षण से सम्बंधित विषयों पर 8 पुस्तकें लिखीं। डा. सिंह ने 35 पुस्तक अध्याय व 11 समीक्षा पत्र प्रकाशित किए गए। इन्होंने 2100 से अधिक कृषि स्नातकों, 500 स्नातकोत्तरों को शिक्षा और 26 पीजी विद्यार्थियों को उनके अनुसंधान एवं शिक्षा में मार्गदर्शक का कार्य किया। डॉ. राम सिंह ने भारत, इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, नेथरलैंड, फ्रांस, स्कॉटलैंड आदि देशों में पौध संरक्षण से सम्बंधित 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए।

## वन विभाग की नर्सरी से हुआ पौध वितरण शुरू

**सोहना।** वन विभाग की स्थानीय नर्सरी से पौधारोपण के लिए सामाजिक संगठन व सोसायटियों ने पौधे ले जाने शुरू कर दिए हैं। पहले दिन वन विभाग ने बादशाहुपर स्थित सोसायटी को साढ़े 12 हजार अलग-अलग किस्म के पौधे दिए गए।

हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद सामाजिक संगठन और सोसायटियों में पौधारोपण करना शुरू कर दिया है। वहीं विभाग द्वारा अपनी नर्सरी में इस बार डेढ़ लाख से भी अधिक 30 से 35 किस्म के फ लदार, फू लदार और औषधि वाले पौधे तैयार किए हैं। ताकि औषधिएं पौधें आम नागरिक से लेकर किसान और सामाजिक संगठन व सोसायटियां में मालिक लेकर जा सके।

वन विभाग की नर्सरी से पौधा वितरण का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया है। विभाग के दरोगा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पहले दिन साढ़े 12 हजार पौधे बादशाहपुर में स्थित आरडब्ल्यूए सोसायटी को वितरण किए गए।

# कोविड-19 अस्पताल में नहीं पहुंच रही ऑनलाइन रिपोर्ट

## ऑनलाईन रिपोर्ट बीके से कोविड-19 अस्पताल तक पहुंचने की नहीं हुई छह माह बाद भी व्यवस्था

कविता। फरीदाबाद



बीके अस्पताल स्थित कोविड वार्ड।

**जिले** के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हजार मरीज इलाज को आते हैं। जिसे देखते हुए मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए पेपर लेस सुविधा यानी ऑनलाइन ई-उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई थी। जिसमें मरीज के कार्ड पर अंकित यूनिक आईडी नम्बर के जरिये उसकी पूरी जानकारी चिकित्सकों तक ऑनलाइन पहुंच जाती है, लेकिन यह ऑनलाइन व्यवस्था बीके अस्पताल में नए बने कोविड-19 अस्पताल में फिलहाल उपलब्ध नहीं हो सकी है। जिस कारण मरीजों और चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

**ऑनलाईन रिपोर्ट नहीं :** गत वर्ष 2015 में बीके सिविल अस्पताल में पेपर लेस काम काज को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन सुविधा (ई-उपचार) शुरू की गई थी। जिसके कारण जिले के सिविल अस्पताल में आधे से ज्यादा रिपोर्ट ऑनलाइन है, मरीजों की रिपोर्ट अस्पताल में चिकित्सकों के पास पहुंच जाती है। लेकिन यह सुविधा केबल अस्पताल के भीतर तक ही उपलब्ध है। हाल ही में नए बने कोविड-19 अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जबकि वहां पिछले छह माह से कोरोना और मेडिकल वार्ड चल रहा है। ऐसे में पुराने एक्स-रे और अन्य रिपोर्ट मरीजों के पास न होने से वहां तैनात किए गए चिकित्सक को इलाज करने में काफी परेशानी होती है। मरीजों से वह रिपोर्ट मांगते है, तो वह डॉक्टर को ऑनलाइन रिपोर्ट देखने को बोलते हैं। अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही के कारण कभी भी किसी मरीज की हालत गंभीर हो सकती है।

**पेपर का इस्तेमाल :** फिलहाल नए बना गए कोविड-19 अस्पताल में कोरोना और मेडिकल वार्ड चल रहे है। लेकिन यहां ऑनलाइन सुविधाएं नहीं है। जिस कारण यहां भर्ती मरीजों को एक-एक रिपोर्ट के लिए बीके अस्पताल की बिल्डिंग के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है।

वहीं रिपोर्ट के सारे कागजात संभालने पड़ते हैं। इस दौरान कोरोना के मरीज भी परेशान होते है। बृहस्पतिवार को यहां एक मरीज को भर्ती करवाया गया। लेकिन उसके पास रिपोर्ट नहीं थी। उसकी सभी रिपोर्ट ऑनलाइन थी। जिसके कारण मरीज के परिजन परेशान हो गए कि अस्पताल से दोबारा रिपोर्ट कैसे लाए। ऐसा ही यहां मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों के संग हो रहा है। जिससे चिकित्सक, मरीज और तिमारदार परेशान होते रहते हैं।

## ड्रोन उड़ाने को लेनी होगी मंजूरी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि आजकल ड्रोन का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकता है इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन से संबंधित कार्यवाही पर पूरी नजर रखनी होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रोन को संचालित करने के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां पर ड्रोन उड़ाने के लिए मंजूरी ली जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार ने ड्रोन से संबंधित गत वर्ष ड्रोन पोलिसी-2021 जारी की है। जिसके तहत ड्रोन के लिए लाईसेंस लेना होगा और ड्रोन के पायलट को भी ड्रोन प्रशिक्षण के पश्चात लाईसेंस लेना होगा।

# औचक निरीक्षण के दौरान लोगों ने मंत्री से की निगम अधिकारियों की शिकायत

## जनता के कार्यालयों में बेफिजूल में चक्कर ना कटाए कर्मचारी और अधिकारीः शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़



नगर निगम कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनतें कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ के नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम कैंपस में खुले में बैठकर ही लोगों की समस्याएं सुनना शुरू कर दी। कैबिनेट मंत्री ने एक्सईएन और एसडीओ के अलावा अन्य स्टाफ से भी लोगों का काम कराने के लिए मौके पर ही आदेश दिए और कहा कि जनता को बेफिजूल में चक्कर ना कटाएं। कर्मचारी और अधिकारी जनता के काम को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने मौके पर आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे यदि उनका कार्य नहीं होता तो वे उन्हें शुक्रवार को जरूर बताएं। यदि किसी की लापरवाही मिली तो उसी समय सख्त कार्रवाई भी करेंगे। नगर निगम कार्यालय पहुंचने की सूचना पर बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद भी पहुंच गए। जनता की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम में पटवारी से संबंधित शिकायतें आईं। जिस पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उच्च अधिकारियों को बल्लभगढ़ में जल्द ही खाली पड़ी पटवारी के सीट पर पटवारी नियुक्त करने की बात कही। नगर निगम के जेटीओ भी मौजूद नहीं मिले। जेटीओ से संबंधित लोगों को भी परेशानी हो रही थी। कैबिनेट मंत्री ने जब इस बारे में जानकारी ली तो पता चला कि नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर और जेटीओ फरीदाबाद मीटिंग में गए हुए हैं।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद को जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि शहर की सुंदरता को कायम रखने के लिए वे कार्य करें और साफ-सफाई व्यवस्था को देख रहे कर्मचारियों से पूरे शहर की सफाई का ब्यौरा लें। ताकि शहर में गंदगी ना फैले। इस अवसर पर इको ग्रीन के कर्मचारी और अधिकारी से उन्होंने बात की और कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहर में कूड़ा उठान का कार्य कर रही इकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी लापरवाही ना बरतें। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के भी सफाई निरीक्षक को हिदायत दी कि शहर में सभी वार्डों में पूरे सफाई कर्मचारी लगाकर शहर की सफाई बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से सख्त लहजे में कहा कि वह शहर की सुंदरता को बनाए रखने और शहर की जनता के कार्यों को समय पर निपटाने का कार्य करें, यदि शिकायत मिली तो किसी भी सूरत में ऐसे कर्मचारी और अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। परिवहन मंत्री ने आम जनता से अपील की है कि वह किसी भी कार्य के लिए किसी को रिश्वत ना दें। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोकचंद सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास चौधरी हत्याकांड का एक और शूटर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस के साथ खड़ा हत्या के आरोप में गिरफ्तार शूटर विकास।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष-2019 के हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ मालहे गुरुग्राम के धनवापुर गांव का रहने वाला है। आरोपी कौशल गैंग का सदस्य है जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद के रहने वाले विकास चौधरी की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार 26 जून 2019 को सुबह करीब 9:00 बजे जब उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था। तभी वहां पर आरोपी के साथियों ने मिलकर उसके भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में फरीदाबाद पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 20 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास को फरीदाबाद सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया है। जिसे दिल्ली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पर हरियाणा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश में हत्या के सात मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पर लूट, स्नैचिंग और हत्या के 14 मुकदमे दर्ज हैं।

## अग्निवीर आंदोलन के दौरान पुलिस सतर्कता से कायम रही शांति



बल्लभगढ़ में गश्त करते पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्निपथ** के विरोध में शनिवार को अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आव्हान के दौरान फरीदाबाद पुलिस की सतर्कता और चौकसी के चलते फरीदाबाद का माहौल शांतिपूर्ण रहा और शहर में किसी भी प्रकार का उपद्रव नहीं हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद में शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम रही। आज फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिन्होंने बहुत अच्छे से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आह्वान के दौरान उपद्रव करने वालों पर सतर्कता से निगरानी रखने की दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत किसी भी प्रकार से शहर में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। भारत बंद के चलते शहर में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामान्य नाकों के इलावा भीड़भाड़ वाले 13 अन्य स्थानों पर पुलिस नाके लगाए।

# रेनमैटर की अगुआई में एक मिलियन डॉलर फंडिंग जुटाने का किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्लोबल** एस्क्रो बैंकिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर कास्टलर ने आज जेरोधा की वेंचर कैपिटल इकाई रेनमैटर की अगुआई में सीड फंडिंग राउंड में 1 मिलियन डॉलर जुटाने का ऐलान किया। इस फंडिंग राउंड में वेंचर कैटालिस्ट, 9यूनिकॉर्न, फाड नेटवर्क और लेट्सवेंचर ने भी हिस्सा लिया। इस फंड की मदद से कास्टलर घरेलू और वैश्विक स्तर पर एस्क्रो प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी और 10 अन्य बैंकों के साथ हाथ मिलाते हुए अगले एक साल में कारोबार को 10 गुना तक बढ़ाएगी।

कास्टलर कंपनियों के लिए एक ग्लोबल एस्क्रो प्लेटफॉर्म है, जहां घरेलू और वैश्विक स्तर पर एस्क्रो सॉल्यूशन मिलता है। कास्टलर में कंपनियों एवं बैंकों को अनूठा एस्क्रो मैनेजमेंट टीएसपी सॉल्यूशन मिलता है। अप्रैल, 2021 से कार्यरत कंपनी इस समय 150 से ज्यादा कंपिनयों के लिए भरोसेमंद एस्क्रो सॉल्यूशन प्रदाता है और हर महीने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के ट्रांजैक्शन को मैनेज करती है। मात्र 12 कर्मचारियों के साथ शुरू हुई इस कंपनी ने जबर्दस्त तेजी से विकास किया है। कास्टलर के संस्थापक विनीत सिंह ने कहा, 'बैंकिंग/फिनटेक बिजनेस के तीन मुख्य स्तंभ होते हैं भरोसा, सुरक्षा और टेक्नोलॉजी। हमारा आसान, टेक्नोलॉजी संचालित प्लेटफॉर्म और उच्च दक्षता वाली टीम ने हमें किसी बड़ी कंपनी की तरह सोचने और किसी स्टार्टअप की तरह काम करने में सक्षम बनाया। इस फंडिंग राउंड के माध्मय से हम और तेजी से विकास की उम्मीद कर रहे हैं।' कास्टलर ने विभिन्न बैंकिंग सर्विस देने के लिए 9 अग्रणी भारतीय एवं वैश्विक बैंकों के साथ साझेदारी की है। विनीत ने आगे कहा, 'हमारा पहला साल शानदार रहा है और इस दिशा में सहयोग के लिए अपने बैंकिंग पार्टनर्स का धन्यवाद करते हैं।'

वेंचर कैटालिस्ट एवं 9यूनिकॉर्न के संस्थापक तथा रिटर्निंग इन्वेस्टर डॉ. अपूर्व रंजन शर्मा ने कहा, 'हमारे बड़े पोर्टफोलियो में कास्टलर अहम है, क्योंकि विनीत पहले ही साल से कंपनी को फायदे में लाना चाहते थे। 12 लोगों की कास्टलर की टीम ने शानदार काम किया है और पहले ही साल में बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें कास्टलर की टीम पर भरोसा है।'

## रविंद्र फागना ने 8 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 50-50 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 28.5 में 10 विकेट पर 101 रन बनाए। गौरव ने 30 रन, जतिन ने 22 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए इन्जामुल हक़ और आशीष भाम्बी ने 4-4 विकेट ली। युवराज ने 3 विकेट, मयंक ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 11.5 ओवर में 2 विकेट पर 102 रन बनाकर जीत हासिल की।

# पानी का बिल ऑनलाइन भरें और पांच प्रतिशत की छूट पाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



युवक को परिजनों को सौंपते क्राइम ब्राच कैंट के सदस्य।

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने गांव रत्ता खेडा घड़ाम में पीने के पानी के बिल के चल रहे अभियान व पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने के लिए चल रहे घर-घर के सर्वे कि गांव वासियों को जानकारी दी।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि रत्ता खेडा घड़ाम गांव में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 1 ट्यूबवेल हैं। जिनसे जलापूर्ति दी जाती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि गांव रत्ता खेडा घड़ाम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कुल 66 पेयजल के कनेक्शन वैध है। जिनका पानी का बिल 1लाख, 19 हजार, 388 रुपए आया हुआ है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि रत्ता खेडा घड़ाम में कुल 66 पेयजल के कनेक्शन है। जिनमें से 43 पेयजल कनेक्शन पहले ही परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक थे, आज बचे हुए 23 पेयजल कनेक्शन को भी परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक कर दिया गया है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा गठित की गई टीम गांव रत्ता खेडा घड़ाम के हर घर में जाकर जल संरक्षण का संदेश दे रही है और पानी का बिल भी दे रही है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पेयजल के बिल का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीने के पानी का भुगतान पेटीएम, गूगल पे, भीम पे, फोन पे आदि के माध्यम से करने से 5 प्रतिशत की छूट मिलती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ग्राम वासियों को बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता का जहां स्वच्छ जल पीना अधिकार है। वहीं पेयजल की सुरक्षा करना भी हर उपभोक्ता का कर्तव्य होना चाहिए। जल संरक्षण हमारे व्यवहार में शामिल होना जरूरी है। तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए जल को संरक्षित कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पेयजल बिल भी जारी कर दिये है। ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य श्रेणी का ?40 प्रति महीना, वही अनुसूचित जाति का ?20 प्रति महीना है।

## 17 वर्षीय लड़के को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत और थाना मुजेसर प्रबंधक की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़के को फरीदाबाद की संजय कॉलोनी से बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़का अपने घर से 24 मार्च को बिना बताए मुंबई में एक्टर बनने के लिए चला गया था। जिसकी सूचना थाना मुजेसर में 25 मार्च को गुम होने की प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस टीम ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से बच्चे का मुंबई का पता लगाया जिसके लिए पुलिस टीम मुंबई गई थी लेकिन बच्चा नहीं मिला। क्राइम ब्रांच टीम और थाना टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आज बच्चे को संजय कॉलोनी से सुरक्षित बरामद कर लिया है।

# योग के जरिए बताए बीमारियों से दूर रहने के उपाय



शिविर में बीमारियों से दूर रहने की क्रियाएं लोगों को बताते योग शिक्षक प्रेमलता और विजयपाल।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 22-23 दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर के सातवें दिन बीमारियों से दूर रहने के लिए योग शिक्षकों ने लोगों को जानकारी दी।

सातवें दिन योग शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी की प्रेमलता एवं योग शिक्षक विजय पाल द्वारा किया गया। शिविर के संयोजक ज्ञानेंद्र भारद्वाज और संगीता भारद्वाज ने पटका पहनाकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस मौके पर तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति फरीदाबाद के योग शिक्षक त्रिलोग गुलयानी और उमा नागपाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। शिविर में सातवें दिन लोगों को योग क्रियाओं के जरिये कैसे बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है, इसकी जानकारी दी गई। योग शिक्षकों द्वारा बताई गई जानकारियों को लेने के लिए भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने योग साधकों को बताया कि योग शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। योग करने से ना सिर्फ शरीर फुर्तीला रहता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियां भी दूर होती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जन जागरुकता को कैम्प लगाकर निकाली रैली



जागरुकता रैली में शामिल हेल्थ व रेडक्रॉस के सदस्य।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से डॉ. सीमा बांगर नोडल स्कूल हेल्थ प्रोग्राम और अनुक्रमा भाटी ने एक कैम्प लगाया। जिसमें एक जागरूकता रैली निकाली गई और नशे से दूर रहने का और नशे के नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर डेंटल चैकअप डॉ. सीमा ने किया। अनुक्रमा ने काउंसलिंग की। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योति और काउंसलर धर्मेन्द्र भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर वहां मौजूद लोगों को बताया कि किस तरह से नशा लोगों के स्वास्थ्य पर इफैक्ट डालता है। वहीं नशे से दूर रहने के लिए जागरुक किया। वहीं इस मौके पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। यह रैली जिला स्वास्थ्य विभाग और जिला रैडक्रॉस सोसायटी की तरफ से निकाली गई।

## सेक्टर 21सी में आरएमसी रोड का कराया उद्घाटन



**फरीदाबाद।** बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा ने बताया कि सेक्टर 21-सी में 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड का उद्घाटन कार्य वहाँ रहने वाले निवासियों के हाथों से नारियल फुड़वाकर करवाया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि यह आरएमसी रोड मकान नंबर 451 से लेकर मकान न. 618 तक बनेगी। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट के अंतर्गत बनने वाली लगभग 650 मीटर लंबी इस मुख्य सडक़ का निर्माण कार्य पूरा होने में करीब 1 माह का समय लगेगा। इसके साथ ही सेक्टर 21-सी की जो अन्य सडक़ें टूटी हुई हैं उन सड़कों पर भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। पिछले लगभग 2 वर्षों से कोरोना महामारी के चलते विकास कार्य की गति जो रुक गई थी वह अब अपनी पटरी पर वापस लौट रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल कि सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत एवं केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के सहयोग से बड़खल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी कोना विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा। इस अवसर पर सत्येंद्र पांडे, शालिनी मांगला, जिला सचिव एवं बड़खल विधानसभा प्रभारी हरेंद्र भड़ाना, लिखी चपराना, रूद्रदेव शर्मा (मोंटू), नरेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, किरण शर्मा, राकेश कुमार भाटिया, अशोक भाटिया, विकास जोशी, वी.के कोहली, सुदीप मंगला, ईश्वर चपराना और जेई प्रवीण बैसला आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## लूट की योजना बनाते हुए दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित उर्फ मोटा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव बिछटपुर सुजानपुर का हाल किराएदार आदर्श नगर बल्लभगढ़ व आरोपी सतेंद्र कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव खालोर का हाल किराएदार बल्लभगढ़ रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ के सेक्टर 62/64 चौक से अवैध हथियार के साथ काबू किया है। आरोपी मोहित से बटन दार चाकू तथा आरोपी सतेंद्र से लोहे की रॉड बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में लूट की योजना और अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे की पूर्ति के लिए चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी मोहित पहले लूट और चोरी के मामलों में 6/7 बार जेल जा चुका है। आरोपी सतेंद्र पहले हत्या के मुकदमे में जेल जा चुका है अभी आरोपी चंडीगढ़ हाई कोर्ट से जमानत पर था। आरोपी मोहित ने एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और एक गुल्लक चोरी(20000/-) की थी। आरोपी मोहित ने अपने साथी सतेंद्र के साथ मिलकर थाना आदर्श नगर में घर में से 2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी और थाना सदर बल्लभगढ़ के लिए में चोरी की अन्य वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों से अन्य मुकदमों में एक मोटरसाइकिल 2 फोन,2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी के साथ 5200 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## अग्रवाल कॉलेज में हुआ काउंसलिंग सत्र का आयोजन



**फरीदाबाद।** वाणिज्य विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा एक अनुभवात्मक अधिगम एवं करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी का विषय था 'रिटर्न की फाइलिंग और फिलिंग (आईटीआर 1 और आईटीआर 2)' जो समय की आवश्यकता है। यह संगोष्ठी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित की गई थी। डॉ. रेखा सेन ने वक्ता का औपचारिक परिचय दिया।वर्तमान समय में आईटीआर दाखिल करने की प्रक्रिया और विभिन्न आईटीआर की प्रयोज्यता का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। सीए प्रीति मित्तल इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थीं। सीए प्रीति मित्तल ने कराधान में प्रयुक्त विभिन्न शब्दावली के बारे में बताया। उन्होंने आईटीआर 1 और आईटीआर 2 दाखिल करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न निर्धारिती और उन पर लागू आईटीआर के बारे में बताया। उन्होंने निर्धारितियों के लिए विभिन्न छूटों और कटौतियों के स्पष्टीकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया। मुख्य वक्ता ने विभिन्न प्रश्नों के उदाहरण और उत्तर देकर छात्रों के प्रश्नों को शांत किया। संगोष्ठी बहुत ही संवादात्मक और रोचक रही है। यह छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक अधिगम सत्र था। सत्र ने छात्रों को रोजगार योग्यता को समझने और पैदा करने में मदद की। सत्र ने छात्रों को सशक्त बनाने और उन्हें आईटीआर दाखिल करने में सक्षम बनाने में भी मदद की। सत्र का समापन डॉ. गीता गुप्ता द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रेखा सेन और डॉ. गीता गुप्ता सहित डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिंपल, पूजा, प्रीति, कोमल, पंकज और रितिका के कुशल प्रयासों से किया गया था । इस कार्यक्रम में 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।

## 13 अगस्त को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**फरीदाबाद।** 13 अगस्त को फरीदाबाद सेक्टर 12 कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में यातायात, फैक्ट्री-श्रम विवाद, नगर निगम, पारिवारिक विवाद, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे मामले आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। न्यायिक परिसर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

## महाराष्ट्र की स्थिति

### उद्धव का संघर्ष

**महाराष्ट्र** में व्याप्त संकटपूर्ण परिस्थिति उद्धव ठाकरे के लिए एक झटका हो सकती है, लेकिन इससे उनका भविष्य का रास्ता बंद नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बुधवार रात अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' से अपने पारिवारिक निवास 'मातोश्री' चले गए। इसे भले ही उनके कॅरियर की समाप्ति नहीं तो भी पार्टी पर उनके परिवार के कब्जे में गिरावट की तरह देखा जा रहा है जिसे उनके पिता बाल ठाकरे ने बनाया था। यह काफी भावनात्मक क्षण था और बड़ी संख्या में शिवसैनिक उनके साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे थे। भावनाओं से भरे संभवत: अपने विदाई भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा, 'यदि एक भी असंतुष्ट विधायक आकर मुझसे कहे कि वह मुझे मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहता है तो मैं मुख्यमंत्री का पद और आधिकारिक आवास छोड़ दूंगा।' कोरोनावायरस से संक्रमित होने के कारण उनका भाषण फेसबुक पर था। उन्होंने अपने भाषण में तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, उन्होंने स्वयं को अलग किस्म के नेता की तरह पेश करते हुए कहा कि वे उन लोगों में नहीं हैं जो किसी भी कीमत पर सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं, 'मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का पत्र तैयार रखा था और मैं किसी भी क्षण इसे दे सकता था।' दूसरा, पार्टी अब भी उनके साथ है, 'मुझे एकनाथ शिंदे के साथ गए विधायकों के फोन आ रहे हैं जो दावा कर रहे हैं कि उनको जबरन ले जाया गया है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे हिंदू राष्ट्रवाद के साथ हैं और 'शिवसेना को हिंदुत्व से अलग नहीं किया जा सकता है।' उनके अनुयायी व समर्थक उनसे सहमत हो सकते हैं, पर दूसरे लोग इस पर कुछ सवाल उठा सकते हैं। शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा और जीता जिसमें भाजपा के देवेंद्र फडनवीस मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे। फिर सवाल है कि शिवसेना ने देश में एकमात्र अन्य हिंदुत्ववादी शक्ति भाजपा को धोखा क्यों दिया तथा उन पार्टियों के साथ चली गई जो अंतर्निहित रूप से हिंदुत्व-विरोधी थीं? क्या शिवसेना विधायक मासूम या बच्चे हैं जिनको जबरन सैकड़ों मील दूर ले जाया जा सकता है?



यदि ऐसा है ता उद्धव ठाकरे को इस दोष से मुक्त नहीं किया जा सकता है कि आखिर उन्होंने पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में इतने कमजोर लोगों को टिकट क्यों दिया। इसके बावजूद ऐसे नेता से कोई हमदर्दी जता सकता है जिसके अनुयायी उसे छोड़ कर चले गए हों, लेकिन इससे पार्टी व सरकार संचालित करने की उसकी क्षमता पर काफी सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। स्पष्ट रूप से वे अपनी पार्टी में विरोध की गहनता को ठीक से समझने में विफल रहे। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि उनके हर तीन में से दो विधायक शिंदे के साथ थे। विधायकों की भगदड़ जारी है। गुरुवार सवेरे शिवसेना के तीन और विधायक-दीपक केसाकर, मंगेश कुदालकर व सदा सारवंकर विमान से असम पहुंच गए जहां विद्रोही इकट्ठा थे। सवाल है कि क्या उद्धव या ठाकरे परिवार की राजनीति का अंत हो गया है? यदि ऐसा होता तो इसका अर्थ था कि एक राजनीतिक पार्टी उस परिवार से पल्ला झाड़ने में सफल हुई जिसने उसे जन्म दिया था। लेकिन अभी यह नतीजा निकालने का समय नहीं आया है कि ठाकरे परिवार का राजनीतिक कॅरियर समाप्त हो गया है। भले ही उसमें गिरावट आई हो, पर यह समाप्त नहीं हुआ है। यह स्थिति चिराग पासवान जैसी है जिनका लोजपा पर नियंत्रण समाप्त हो गया है, पर वे अभी भी राम विलास पासवान की विरासत का दावा करते हैं। देखें और प्रतीक्षा करें कि महाराष्ट्र में घटनाक्रम क्या मोड़ लेता है।

# कोविड के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता

**कोविड-19 के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता आई है। ऐसे में देश में बढ़ती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार सृजन की आवश्यकता है।**



**बलवंत सिंह मेहता**
(इंस्टीट्यूट फार ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक)



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ ने 14 जून को 2020-21 का पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस जारी किया। पहली नजर में वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से रोजगार की स्थिति में सुधार दिखता है क्योंकि पिछले वर्षों की तुलना में महामारी वाले वर्षों में रोजगार में वृद्धि हुई है तथा बेरोजगारी दर में कमी आई है। पीएलएफएस सर्वे वर्ष जुलाई से जून तक कृषि वर्ष से जुड़ा है। यह पूरी तरह अप्रत्याशित है क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण गंभीर आर्थिक अव्यवस्था पैदा हुई थी।

सर्वे के परिणाम अनेक अन्य रिपोर्टों से अलग हैं जो संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की स्थिति वैश्विक महामारी के बाद और खराब हो गई है। इस सर्वे रिपोर्ट के नतीजों ने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। यह गंभीर जांच का विषय है कि सर्वेक्षण के ये परिणाम विसंगतियां हैं अथवा इनसे संकेत मिलता है कि देश में रोजगार की स्थिति बदल रही है। इस लेख में पिछले तीन वर्ष की पीएलएफएस रिपोर्टों में पेश नतीजों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। हमने कुछ प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के विश्लेषण के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी का क्या प्रभाव पड़ा।

आमतौर से श्रम शक्ति सहभागिता दर का आंकलन सर्वे के पहले 365 दिनों के संदर्भ से होता है। यह काम कर रहे, काम के लिए उपलब्ध या बेरोजगार लोगों का कुल योग है। इसकी चार साल में अधिकतम दर 41.6 प्रतिशत 2020-21 में थी। कामगार जनसंख्या अनुपात-डब्लूपीआर में वृद्धि हुई है जो 2018-19 में 35.3 से बढ़ कर 2020-21 में 39.8 प्रतिशत पहुंच गई। यह देश की जनसंख्या में रोजगार प्राप्त लोगों का प्रतिशत है। दूसरी ओर श्रम शक्ति में बेरोजगारों का प्रतिशत, यानी बेरोजगारी दर 2018-29 में 5.2 प्रतिशत से घट कर 2020-21 में 4.2 प्रतिशत रह गई है।

ग्रामीण-शहरी विभाजन पर गौर करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में डब्लूपीआर शहरी क्षेत्रों की तुलना में लगभग 2.5 गुना अधिक है। यह अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम था जो सर्वे के परिणामों से स्पष्ट है।

काफी संख्या में लोगों, खासकर अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले प्रवासियों का रोजगार शहरी क्षेत्रों में महामारी के दौरान समाप्त हो गया। शहरी क्षेत्रों में रोजगार का कोई साधन न होने के कारण उनकी बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मूल स्थानों पर वापस लौटी। वहां उनके परिवारी सदस्य, खासकर महिलायें स्थानीय रूप से उपलब्ध गतिविधियों जैसे कृषि व उससे जुड़े कामों में आजीविका के लिए लगे रहे। सर्वे परिणामों से यह भी स्पष्ट हुआ कि डब्लूपीआर में वृद्धि का कारण पुरुषों की तुलना में महिलायें थीं जिनकी संख्या में पुरुषों की तुलना में 2.54 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट थी जहां महामारी के वर्षों में महिला डब्लूपीआर में अपने शहरी समकक्षों की तुलना में 3.2 गुना वृद्धि हुई। यह 19 प्रतिशत से बढ़ कर 27.1 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत से बढ़ कर 17 प्रतिशत हुई। इस प्रकार महामारी के वर्षों में रोजगार दर में वृद्धि अधिकांशत: ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में हुई। औद्योगिक ढांचा व्यापक रोजगार प्रवृत्तियां प्रदर्शित करता है। जहां भारत जैसे विकासशील देशों में कृषि में रोजगार आजीविका के रूप में देखा जाता हैऔर यह कम उत्पादक होता है, वहीं औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार को ज्यादा उत्पादक माना जाता है। यह भी अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि देश की प्रगति के साथ लोग ग्रामीण क्षेत्रों में कम उत्पादक कृषि क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों में ज्यादा उत्पादक गैर-कृषि औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों की ओर पलायन करते हैं। लेकिन भारत में रोजगार के औद्योगिक वितरण में एक प्रतिगामी प्रभाव दिखता है। हालिया वर्षों में कृषि क्षेत्र में दशकों लंबी गिरावट के बावजूद ज्यादा से ज्यादा लोग ग्रामीण क्षेत्रों के कृषि क्षेत्र में जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा 3 प्रतिशत बढ़ा है और यह 2018-19 में 57.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2020-21 में 60.8 प्रतिशत हो गया है।

इस प्रवृत्ति से संकेत मिलता है कि लोगों को गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में कठिनाई हो रही है और वे मजबूरी में अन्य रोजगार विकल्प न होने के कारण आजीविका के लिए कृषि से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन-चौथाई महिलायें कृषि गतिविधियों में लगी हैं, जबकि इसमें पुरुषों का प्रतिशत 53.8 प्रतिशत है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि का महिलाओं के काम पर भारी प्रभाव पड़ता है जो महिलाओं की बढ़ती डब्लूपीआर से स्पष्ट है। इससे स्पष्ट होता है कि कृषि क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक मंदी का नतीजा है।

शहरों से गांवों में विपरीत पलायन के कारण कृषि क्षेत्र पर ज्यादा कामगारों खासकर महिलाओं को समाहित करने का दबाव पड़ा है। इससे परेशानी में कोई भी रोजगार करने की प्रवृत्ति सामने आई है। 'स्टेटस आफ इम्प्लायमेंट' से व्यापक रूप से रोजगार की गुणवत्ता प्रदर्शित होती है जहां नियमित वेतन को स्वरोजगार या अनियमित श्रम की तुलना में बेहतर गुणवत्ता वाला काम माना जाता है। नियमित वेतनों के साथ काम की नियमितता तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ जुड़े होते हैं, जबकि स्वरोजगार व अनियमित श्रम के साथ सामाजिक सुरक्षा प्राविधान आमतौर से शामिल नहीं होते हैं। पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वरोजगार प्राप्त लोगों का हिस्सा बढ़ा है और यह 2018-19 में 52.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2019-20 में 55.6 प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही पिछले तीन साल में नियमित वेतन प्राप्त करने वालों में 23.8 प्रतिशत से 21.1 प्रतिशत तथा अनियमित श्रम में 24.1 प्रतिशत से 23.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट है जहां स्वरोजगार प्राप्त लोगों के प्रतिशत में शहरी क्षेत्रों में 1.7 प्रतिशत की तुलना में 3.3 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के हिस्से में वृद्धि अधिकांशत: घरों में बिना वेतन काम करने वाले सहायकों की संख्या में वृद्धि के कारण है, जबकि अपने लिए श्रम करने व रोजगार देने वालों की संख्या में कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला डब्लूपीआर में वृद्धि अधिकांशत: सहायकों या घरेलू उद्यमों में बिना भुगतान वाले परिवारी कामगारों के कारण है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि भारत में बेरोजगारी की तुलना में 'परोक्ष रोजगार' या बिना भुगतान के परिवारों में काम करना ज्यादा गंभीर मुद्दा है। नियमित वेतन वाले कामगारों के हिस्से में कमी एक और गंभीर चिन्ता का विषय है। इससे रोजगार की खराब होती स्थितियों का संकेत मिलता है। हालिया वर्षों में वैश्विक महामारी के कारण कम गुणवत्ता वाले रोजगार में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में रोजगार में वृद्धि परेशानी के कारण है और इसका देश में समग्र रोजगार स्थिति में सुधार से संबंध होना जरूरी नहीं है। इसे रिपोर्ट में श्रम शक्ति सहभागिता दर व कामगार-जनसंख्या अनुपात में वृद्धि तथा बेरोजगारी दर में गिरावट से प्रदर्शित किया गया है। यह उल्लेख भी जरूरी है कि हालिया वर्षों में कृषि व संबंधित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि, खासकर ग्रामीण महिलाओं की रोजगार में वृद्धि मुख्यत: परेशानी के कारण है और यह उत्पादक या अच्छा रोजगार नहीं है। हालिया रिपोर्ट से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में 2020-21 में अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार 68.4 प्रतिशत से बढ़ कर 71.4 प्रतिशत हो गई। अनौपचारिक क्षेत्र में अधिकांश कामगार किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के अधिकारी नहीं होते हैं और उनको राष्ट्रीय श्रम कानूनों व नियमों के क्षेत्र में भी नहीं आते हैं। ऐसे कामगारों पर किसी आर्थिक उथलपुथल का सर्वाधिक प्रभाव होता है, जैसा कोविड-19 के बाद आई आर्थिक उथलपुथल से स्पष्ट है।

कुल मिला कर पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से देश में कोरोना महामारी के वर्षों में नए रोजगार सृजन का संकेत मिलता है, लेकिन अधिकांश रोजगार परेशानी के कारण पैदा अनौपचारिक किस्म के हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए। इस संदर्भ में देखें तो, देश में उभरती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है जो एसडीजी लक्ष्यों का आठवां लक्ष्य-वर्ष 2030 तक 'सबको अच्छा व उत्पादक रोजगार' प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़े।

# डब्लूटीओ बैठक में नेता बनकर उभरा भारत

**पी. के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के पूर्व प्रोफेसर हैं)



विवादास्पद धाराओं को हटाकर भारत ने भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। दशक में पहली बार, 164 सदस्य देशों के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)ने 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी12) में एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया है। चार दिवसीय इस सम्मेलन को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया क्योंकि व्यापार मंत्रियों ने जिनेवा झील के बगल में डब्ल्यूटीओ मुख्यालय में रात भर बातचीत की और 18 जून की सुबह तक बातचीत जारी रही। भारत एमसी12 में डब्लूटीओ वार्ताओं के केंद्र में था। भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम पर कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं लगाने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। लेकिन आंतरिक खाद्य सुरक्षा चिंताएं प्राथमिकता पर रहेंगी। कृषि पर कोई कार्य आयोजन नहीं है, जो भारत के लिए एक अच्छा परिणाम माना जा सकता है क्योंकि हमारी कृषि-सब्सिडी को किसी और जांच का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापार से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार (ट्रिप्स) छूट पर, केवल टीकों पर एक समझौता किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि विकसित देशों की मांग के मुताबिक डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स के लिए बातचीत छह महीने में शुरू हो जाएगी। इसका मतलब है कि समझौते में डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स को शामिल करने की भारत की मांग को विकसित देशों का समर्थन नहीं मिला। अक्टूबर 2020 में, भारत, दक्षिण अफ्रीका और 63 सह-प्रायोजकों ने मध्यम व निम्न-आय वाले देशों को कोविड -19 टीकों और दवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए ट्रिप्स छूट का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, समझौते के संचालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार निकाय ट्रिप्स काउंसिल में चर्चा गतिरोध की स्थिति में आ गई। मसौदा समझौता मूल प्रस्ताव से कमतर था और इसमें केवल टीके शामिल थे।

भारत ने कोविड -19 और भविष्य की महामारियों से लड़ने के लिए टीकों, चिकित्सा विज्ञान और निदान के लिए ट्रिप्स छूट का आह्वान किया था। भारत ने माना था कि अब बहुत देर हो चुकी थी यदि केवल टीकों को शामिल किया गया था क्योंकि महामारी ने अपना प्रारंभिक क्रम चलाया था। ई-कॉमर्स लेनदेन पर सीमा शुल्क के ऊपर स्थगन पर, देश इसे अगले दो साल तक बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत ने पहले की तरह प्रतिक्रियाशील होने के बजाय विश्व व्यापार संगठन वार्ता के सभी स्तंभों में आक्रामक मसौदा ग्रंथों को रखा। भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य और विश्व




व्यापार संगठन के सुधारों, डिजिटल प्रौद्योगिकी, भोजन और पर्यावरण के भविष्य पर एक सर्वसम्मत समझौते के लिए सदस्यों को एक साथ लाया। विश्व व्यापार संगठन में भारत के सैद्धांतिक रुख ने वैश्विक स्तर पर गरीबों और कमजोर लोगों की आवाज को मजबूत किया। जिनेवा में हुआ समझौता इसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय के बाद पहला व्यापार सौदा बनाता है, जहां सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग पर शांति खंड और व्यापार सुविधा समझौते पर विश्व व्यापार संगठन के पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सर्वसम्मति से संचालित, नियम बनाने की प्रक्रिया का मतलब है कि एक सदस्य भी अंतिम समय में किसी सौदे को विफल कर सकता है। छठे दिन तक पहुंची बातचीत के बाद, विश्व व्यापार संगठन के 164 देशों ने अंतत: 18 जून को जिनेवा में भारत के साथ एक पैकेज डील अग्रसारित की। नौ वर्षों में पहले बड़े समझौते में, इस सौदे में विकासशील देशों के लिए महत्ता के छह प्रमुख मुद्दे शामिल हैं जिनमें खाद्य सुरक्षा, संतुलित परिणाम मत्स्य पालन सब्सिडी, महामारी की प्रतिक्रिया और कोविड -19 टीकों पर पेटेंट छूट शामिल हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के वार्ता कौशल की परीक्षा लेने वाले सौदे ने मैराथन वार्ता की दो रातों के दौरान विकसित और विकासशील देशों के बीच कई व्यापार-समझौते देखे। गोयल ने समझौते के बाद कहा, ''लंबे समय से लंबित मुद्दों पर अच्छे नतीजे आए हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने मछुआरों और किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की है। ''कुल मिलाकर, यह एक अच्छा पैकेज है। आज कोई मुद्दा नहीं है जिस पर हमें चिंतित होना है, चाहे वह एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) जैसा कृषि से संबंधित मुद्दा हो, या राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम या पीएम गरीब कल्याण योजना, ट्रिप्स छूट, ई-कॉमर्स स्थगन, कोविड और मत्स्य पालन की प्रतिक्रिया को पूरा करने के लिए सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग कार्यक्रम की प्रासंगिकता को मजबूत करना हो।'' भारत ने अंतिम समय में पाठ से विवादास्पद खंड हटा कर, भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। बदले में, भारत इलेक्ट्रॉनिक आयात पर सीमा शुल्क पर स्थगन के 18 महीने के विस्तार के लिए सहमत हुआ, जिसका तर्क है कि यह अमीर देशों के पक्ष में है। हालांकि, अत्यधिक मछली पकड़ने, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर सहमति बनती है, और इसमें अवैध, गैर-सूचित और अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने को प्रस्तावित समझौते के जरिए संबोधित किया गया है।

''भारत के आग्रह पर, ईईजेड (विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र) पर संप्रभु स्थलों को मजबूती से स्थापित किया गया है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है,'' गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रि-स्तरीय सम्मेलन द्वारा लिए गए इन 'ऐतिहासिक निर्णयों' से लाभान्वित होने वाले प्रमुख हितधारकों में मछुआरे, किसान, खाद्य सुरक्षा, बहुपक्षवाद, और व्यापार और व्यवसाय, विशेष रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था और एमएसएमई हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से एमसी12 ने कई महत्वपूर्ण सफलतायें हासिल की है, स्पष्ट है कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत ने आज विभिन्न मुद्दों पर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी की। यह 'न्यू इंडिया' के आत्मविश्वास का नतीजा था।

## आप की बात

### गुरुद्वारे पर हमला

**अफगानिस्तान** में गुरुद्वारा साहिब पर हमला उन पाखंडी सेक्युलरों व भाईचारा गैंग की सच्चाई खोलता है जो भगवा आतंकवाद व देश में डर के माहौल की वकालत करते हैं। कभी हिंदुकुश पर्वत श्रृंखलाओं तक फैली हिन्दू संस्कृति को कितनी बर्बरता के साथ कथित अमन व भाईचारे के मज़हब की दुहाई देने वालों ने कुचला और दमन किया था और कर रहे हैं। 2001 में उन्होंने ही बामियान में शान्ति के देवता महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोप लगाकर उड़ा दिया था। वह आज नुपुर शर्मा के एक बयान पर भारत के उन तमाम उपकारों को भूल गया जो अफगानिस्तान पर तब किये गए जब अमेरिका जैसी महाशक्ति भी उसे मंझधार में छोड़ चुकी थी। नूपुर को उस बयान के लिए शिवलिंग पर अशोभनीय टिप्पणी कर उकसाया गया था। इंसानियत के मज़हबी ठेकेदारों ने अफगानिस्तान में बचे एक गुरुद्वारे पर हमला कर अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दे दिया। भारत में बैठे अनेक कथित उदारवादी व सेक्युलर क्या इस सवाल का उत्तर दे सकेंगे कि अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक घटते क्यों जा रहे हैं?

–**डॉ नरेन्द्र**, मेरठ

### अग्निपथ का स्वागत

**सेना** में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में जिस प्रकार से देश के विभिन्न राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए वह युवाओं में बढ़ रही विचार-शून्यता एवं अराजकता को दर्शाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर कोई कैसे सैनिक बन कर देश की दुश्मन देशों से सुरक्षा का दावा कर सकता है? अग्निपथ के विरोध के पीछे कुछ सियासी राजनीतिक दलों की मंशा भी नेक नहीं कही जा सकती। अग्निपथ योजना भारत सरकार की ओर से देश के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है। योजना में सुधार की कुछ गुंजाइश हो सकती है। अग्नि वीरों को चार पांच साल की सेवा के पश्चात 11-12 लाख का पैकेज भी बुरा नहीं है। भूतपूर्व अग्नि वीरों को सेवाकाल के पश्चात अन्य विभागों में रोजगार प्रदान करने हेतु भी केंद्र एवं अनेक राज्य सरकारों का सकारात्मक प्रस्ताव उत्साह बढ़ाने वाला है। दुनिया के शक्तिशाली देश सेना में मैनपावर को कम करके हथियार गोला बारूद एवं आधुनिक मारक क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसी नीति का अनुसरण भारत को भी करना होगा। सेना के बजट को संतुलित करने में एवं स्थापना खर्च घटाने में भी अग्निपथ योजना कारगर सिद्ध होगी।

–**ललित महालकरी**, इंदौर


### कथनी-करनी में अंतर

**कोई** देश अगर अमीर हो तो, उसके द्वारा किए गए गुनाह पर दुनिया कोई तवज्जो नहीं देती। अब मानवाधिकार के मामले में सऊदी अरब को ही ले लीजिये। उसके खिलाफ कभी कोई देश बयानबाज़ी नहीं करता। 2018 में वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या, इस्ताम्बुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतवास के लोगों द्वारा, कर दी गयी थी। तमाम साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सिर्फ तुर्की ने सऊदी अरब के खिलाफ एक्शन लेने के बात की थी। जिसके चलते दोनों देशों के बीच संबंधों में दरार पड़ गयी थी। मगर अब सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान के तुर्की का यात्रा पर जाने, फिर वहां राष्ट्रपति रिस्प टेयिप एरडोगान से गले मिलने को देख कर लग रहा था दोनों देशों के बीच कोई अनबन कभी थी ही नहीं। अब जमाल खशोगी की आत्मा को कभी शांति नहीं मिलेगी। तुर्की को इस समय सऊदी अरब से आर्थिक पैकेज की सख्त दरकार है। कथनी-करनी में अंतर इसी को कहते हैं।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**इस** वर्ष हम 7.5 प्रतिशत वृद्धि की आशा करते हैं जो हमें सबसे तेज विकसित होने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना देती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**अब** हमें सबसे नीचे पहुंचने के संकेत दिखने लगे हैं।

– **रनिल विक्रमसिंघे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री





**वन** रैंक वन पेंशन से यह सरकार नो रैंक नो पेंशन तक पहुंच गई है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सीएम योगी आज सौंपेंगे 10 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रमाणपत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक** बड़ी महत्वाकांक्षी योजना के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ 25 जून को स्वामित्व योजना के तहत 1081062 ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से उनके आवास का मालिकाना हक दिलाने वाला दस्तावेज (ग्रामीण आवासीय अभिलेख) यानी घरौनी प्रमाण पत्र सौंपेंगे।

योजना का लाभ पाने वाले ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र मिलने से काफी राहत मिलेगी। उनके लिए बैंकों से लोन प्राप्त करना आसान हो जाएगा। अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राप्त करने में भी घरौनी के दस्तावेज उनके काम आ सकेंगे। राज्य सरकार स्वामित्व योजना के तहत सभी 75 जनपदों में घरौनियां तैयार किए जाने का कार्य बड़ी तेजी से कर रही है।

अभिलेखों को तैयार करने के लिए 110313 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 से शुरू की गई स्वामित्व योजना का लाभ सीएम योगी आदित्यनाथ यूपी की ग्रामीण जनता को भी दिला रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत 20 जून तक प्रदेश के कुल 68641 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। 23287 ग्रामों में कुल 3428305 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अभिलेखों का निर्माण हो जाने पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति संबंधी विवाद काफी कम हो जाएंगे। स्वामित्व का अभिलेख बन जाने पर न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा। आबादी क्षेत्र का प्रारंभिक डाटा मिलने पर सरकार विकास की योजनाओं को आसानी से संचालित करा सकेगी। इन अभिलेखों के तैयार हो जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय तरलता एवं वित्तीय सुदृढ़ता के साथ ही विकास की प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश में 23 दिसम्बर 2021 तक 5 चरणों में कुल 15940 ग्रामों में 2347243 घरौनियों का वितरण कर चुकी है। सरकार ने पहले चरण में 11 अक्टूबर 2020 को 346 ग्रामों में 41731, दूसरे चरण में 25 दिसम्बर 2020 को 229 ग्रामों में 10041, तीसरे चरण में 12 फरवरी 2021 को 1001 ग्रामों में 157224, चतुर्थ चरण में 24 अप्रैल 2021 को 427 ग्रामों में 53424 और पांचवें चरण में 23 दिसम्बर 2021 को 13937 ग्रामों में 2084823 घरौनियों का वितरण किया है।

## होमगार्ड विभाग को बजट एलाट

# अब विभाग से ही मिलेगा 34 हजार जवानों को वेतन

● आजीवन कारावास की सजायाफ्ता बंदियों के लिए 60 वर्ष आयु सीमा की बाध्यता समाप्त, अब सजा पूरी करने के बाद हो सकेंगे रिहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के होमगाड्र्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि लगभग 34 हजार होमगाड्र्स जवानों का वेतन अब होमगाड्र्स विभाग से दिया जाएगा। पहले उनका वेतन गृह विभाग से दिया जाता था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था कि इन जवानों को ड्यूटी एवं वेतन हेतु गृह विभाग पर निर्भर रहने से उनके सामने समय-समय पर असहज स्थिति आती रहती है। इसी के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने बजट को गृह विभाग से अलग करते हुए होमगार्डस विभाग को दे दिया है।

धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि 25 हजार होमगाड्र्स जवान गृह विभाग से सम्बद्ध होकर विभिन्न थानों में एवं 8996 होमगार्डस जवान डॉयल 112 में तैनात थे। इनके के लिए क्रमश: 755 करोड़ एवं 320 करोड़ की बजट की व्यवस्था थी। अब इस बजट को वित्त विभाग ने होमगाड्र्स विभाग को दे दिया है। उन्होने बताया कि होमगाड्र्स विभाग इसका भुगतान अपने अनुसार कर सकेगा। होमगाड्र्स जवानों के लिए ड्यूटी की समस्या का भी हल हो जायेगा। होमगार्डस जवानों को गृह विभाग से ड्यूटी के भुगतान में विलम्ब होता था। जिसके कारण उन्हें अपने जीविकोपार्जन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था परन्तु अब उनकों समय से ड्यूटी भत्ते का भुगतान हो सकेगा। इससे उनको भागदौड़ नहीं करनी पडेगी। उनकों समय से भुगतान प्राप्त होगा। धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत आजीवन कारावास से निरूद्ध कैदियों से संबधित नियमावली में परिवर्तन किया गया है। पहले आजीवन कारावास के तहत 16 या 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी कैदियों को 60 वर्ष की आयु सीमा तक जेल में रहना पड़ता था। परन्तु अब इसमें बदलाव करते हुए 60 साल की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब कोई भी कैदी अपनी 16 से 20 साल की सजा पूरी करने के बाद जेल से रिहा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे कैदियों की मनोदशा में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रजापति नें हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले कैदियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया है कि जेल नियमावली के अध्ययन करने के पश्चात उनकी आगे की पढाई की क्या व्यवस्था हो सकती है इस पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कैदी शिक्षित एवं रोजगार के अवसर पा सके इसके लिए कारागार विभाग महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। उन्होने बताया कि कारागार एमएसएमई विभाग से वार्ता करके उनके रोजगार सृजन के सम्भावनाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहा है।

# 52 पीसीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने 52 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रशिक्षण पूरा कर चुके पीसीएस अफसरों को भी नई तैनाती प्रदान की गई है। इस संबंध में शुक्रवार को यूपी सरकार के विशेष सचिव की ओर से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार एसडीएम स्तर के इन अधिकारियों में प्रीति तिवारी को अमेठी, सौरभ यादव को पीलीभीत, हरिशंकर लाल को अंबेडकरनगर, विपिन कुमार द्विवेदी को अयोध्या, अंशुमान सिंह को अयोध्या, दिव्या सिंह को आगरा, पूनम गौतम को कानपुर देहात, अभय सिंह को आगरा, विक्रम सिंह राघव को इटावा, प्रियंका कुमार को बुलंदशहर, कार्तिकेय सिंह को लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ चौधरी को मथुरा, विवेक राजपूत को फि रोजाबाद, अजेन्द्र सिंह को फतेहपुर, आकाश कुमार को गाजीपुर, अंकित कुमार को जौनपुर, शिवम सिंह को गोरखपुर, सिद्धार्थ पाठक को गोरखपुर, कुंवर सचिन सिंह को गोरखपुर, कुमार सत्यम जीत को इटावा में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हर्षिता तिवारी को गाजीपुर, कुणाल गौरव को जौनपुर, सुनील कुमार भारती को जौनपुर, शिखा शुक्ला को पीलीभीत, अखिलेश सिंह यादव को मऊ, शैलेन्द्र कुमार वर्मा को प्रतापगढ़, अभिषेक कुमार सिंह को प्रयागराज, गणेश कुमार कनौजिया को प्रयागराज, अविनाश सिंह यादव को प्रयागराज, आदेश सिंह सागर को फिरोजाबाद, कुणाल को सिद्धार्थनगर, ऋषभ पुंडीर को अलीगढ़, राखी वर्मा को सीतापुर, सत्येन्द्र सिंह को मैनपुरी, विकास यादव को बांदा, शिवेंद्र कुमार वर्मा को उन्नाव, उदित नारायण सेंगर को उन्नाव, अजीत प्रताप सिंह को रायबरेली, रितू रानी को बिजनौर, युगान्तर त्रिपाठी को मैनपुरी, विकल्प को फि रोजाबाद, अभिनव द्विवेदी को बुलंदशहर, संतबीर सिंह को लखनऊ, मोहित यादव को लखनऊ, अभिनव कुमार यादव को सीतापुर, प्रीती सिंह को बाराबंकी, नीलिमा यादव को कानपुर देहात, अखिलेश कुमार यादव को बलिया, नीतू रानी को मथुरा, शना अख्तर मंसूरी को जालौन, अंजलि सिंह को मैनपुरी, इला प्रकाश को हापुड़ में उपजिलाधिकारी पद पर तैनात किया है।

# महाकुंभ-2025 का हो भव्य आयोजनः मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कुंभ मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि 2025 का महाकुम्भ भारत और उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को परिचित कराने का बेहतरीन अवसर है। महाकुम्भ 2025 का भव्य आयोजन हो। आजादी का अमृत महोत्सव और महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए संगम क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक विरासतों व पौराणिक धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार कार्य तेजी से सम्पन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि ढाई साल बाद होने वाले महाकुम्भ में देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी। पार्किंग, ट्रांसपोर्ट सिस्टम, रोड कनेक्टिविटी, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई, सैनिटेशन, अविरल और निर्मल गंगा की तैयारियों सहित अन्य तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रयागराज को क्लीन, ग्रीन और सुंदर शहर बनाने की दिशा में काम हो। जो जन सहयोग और जन अभियान से ही संभव है। स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, पौधरोपण, जल संरक्षण, पेयजल सुविधा, गंगा स्वच्छता, श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए बड़े पैमाने पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, महिलाओं समेत सामाजिक व धार्मिक संगठनों का जनसहयोग लिया जाए। जन जागरण के साथ मेले से जुड़े अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंलायुक्त प्रयागराज एवं जिलाधिकारी प्रयागराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीग उपस्थित थे।

## सिविल सेवा-2022

# अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की निशुल्क तैयारी कराएगा समाज कल्याण विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिविल** सेवा 2022 की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी लखनऊ, प्रयागराज और दिल्ली के अच्छे कोचिंग संस्थानों से मुख्य परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। इसका पूरा खर्च समाज कल्याण विभाग उठाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके या कार्यालय से फार्म लेकर 5 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

विभाग के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के निवासी हों और उनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक न हो। विभाग की तरफ से उन्हें निजी कोचिंग या अध्ययन सामग्री खरीदने के लिए 45 हजार और रहने के लिए दस हजार रुपए दिए जाएंगे। इन मदों की रसीदें उपलब्ध कराने पर यह राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। निदेशक ने बताया कि मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थी समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित कोचिंग में भी आवेदन कर सकते हैं। यहां उनके पठन-पाठन और रहने खाने की सभी व्यवस्थाएं निशुल्क होंगी। एससीएसटी और ओबीसी वर्ग के छात्र छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन लखनऊ और इसी वर्ग की छात्राएं आदर्श परीक्षा पूर्व परीक्षण केंद्र, अलीगंज लखनऊ के लिए आवेदन कर सकती हैं। वहीं, अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राएं राजकीय आईएएस-पीसीएस कोचिंग केंद्र हापुड़, इसी वर्ग के छात्र संत रविदास आईएएस-पीसीएस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र वाराणसी, डॉ. बीआर अंबेडकर प्रशिक्षण केंद्र आगरा, डॉ. बीआर अंबेडकर प्रशिक्षण केंद्र अलीगढ़ और न्यायिक सेवा परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज के लिए आवेदन कर सकते हैं। राकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना समाज के लिए सभी वर्गों के लिए संचालित है। इसके तहत समस्त आय वर्ग अभ्यर्थी निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा के लिए छात्र छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन लखनऊ और छात्राएं आदर्श परीक्षा पूर्व परीक्षण केंद्र, अलीगंज लखनऊ के लिए आवेदन करें जबकि हापुड़ केंद्र पर छात्रों के साथ-साथ छात्राएं भी आवेदन कर सकती हैं।

# सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ को यूपी चुनाव के पहले बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धमकी देने वाला आरोपी फि रोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर का रहने वाला सोनू भीम आर्मी का नेता है और वह 'लेडी डॉन' के नाम से ट्विटर अकाउंट चलाता रहा है। इसी ट्विटर हैंडल से ही उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। सीएम योगी को बम से उड़ाने की यह धमकी बीती 4 फरवरी को दी गई थी। पुलिस ने इस संबंध में गोरखपुर के थाना कैंट में मुकदमा पंजीकृत कर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को तलाशने का प्रयास शुरू किया लेकिन काफी छानबीन के बाद उसे कोई सफलता नहीं मिल पाई थी। इतना जरूर पता चल गया था कि यह धमकी लेडी डॉन नाम के ट्विटर हैंडल से दी गई है। विवेचना के दौरान आखिरकार पुलिस ने यह पता लगा लिया कि यह ट्विटर हैंडल सोनू सिंह निवासी अहमदपुर, थाना सिरसागंज, फिरोजाबाद संचालित करता है।

## राजबब्बर के मामले में अदालत का फैसला सात जुलाई को

**लखनऊ** (विसं)। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मतदान अधिकारी को मारने-पीटने आदि के एक मामले में फैसला सुनाने के लिए सात जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इस मामले में राजबब्बर आरोपी हैं। शुक्रवार को विशेष अदालत के समक्ष राजबब्बर व अभियोजन पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी कर ली गई। सात मार्च 2020 को इस मामले में मुल्जिम राजबब्बर के विरुद्ध आरोप तय हुआ था। दो मई 1996 को इस मामले की एफआईआर मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राना ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक सुल्ताने मदारिस स्कूल के मतदान केंद्र पर मुल्जिम विधि विरुद्ध तरीक से अपने साथियों के साथ पहुंचा।

# प्रत्येक वर्ष 11 मई को मनाया जायेगा तकनीकी दिवस

● प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने सभी संस्थानों में रिक्त पदों को भरे जाने के संबंध में निर्देश दिये गये कि रोस्टर के संबंध में उप्र शासन के वर्तमान संगत नियमो व शासनदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाय। वर्ष में एक दिवस को तकनीकी दिवस के रूप में मनाये जाने संबंधी पूर्व निर्देश पर यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 11 मई को तकनीकी दिवस के रूप मे मनाया जायेगा। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने प्राविधिक शिक्षा विभाग के क्रिया.कलापों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रशासकीय परिषदों का पुनगर्ठन किये जाने संबंध में निर्देश दिए कि एकेटीयू लखनऊ, एमएमएमटीयू गोरखपुर एवं एचबीटीयू कानपुर के कुलपतिगण अपने-अपने विश्वविद्यालयों एवं राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों के उपनियमों का गहन अध्ययन करते हुए संस्थान के हित में प्रशासनिक व्यवस्था मे एकरूपता के दृष्टिगत औचित्यपूर्ण एवं सुविचारित लिखित सुझाव शासन उपलब्ध कराएं। एकेटीयू लखनऊ, एमएमएमटीयू गोरखपुर एवं एचबीटीयू कानपुर तीनों प्राविधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की विश्वविद्यालय व इंजीनियरिंग कालेजों में शैक्षिक स्टाफ व निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी एवं बेहतर बनाने



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी देवरिया जिला शाखा के सचिव अखिलेन्द्र शाही को रेडक्रास सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया

# प्रदेश में कोरोना के 627 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 96,295 सैम्पल की जांच की गई। कोरोना संक्रमण के 627 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,66,38,018 सैम्पल की जांच की गई हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 507 लोग तथा अब तक कुल 20,60,317 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 3,536 एक्टिव मामले हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 23 जून, 2022 को एक दिन में 4,48,550 वैक्सीन की डोज दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,34,09,185 तथा दूसरी डोज 14,20,13,725 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,39,31,524 तथा दूसरी डोज 1,20,29,761 दी गयी हैं। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 80,63,051 तथा दूसरी डोज 54,13,372 दी गयी। कल तक 34,81,196 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 33,83,41,814 वैक्सीन की डोज दी गयी हैं।

# अखिलेश ने की राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा को वोट देने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को जिताने के लिए अब बड़ी भूमिका निभाने में जुट गए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के विधायकों व सांसदों को निर्देश दिए है कि वह एकजुट होकर यशवंत सिन्हा के लिए वोट करें, और जिताने के लिए जुट जाएं। अखिलेश ने इसके साथ ही भाजपा की तोड़ो राजनीति से भी सावधान रहने को कहा। उनका इशारा महाराष्ट्र की सियासत में शिवसेना में मची बगावत की ओर भी था।अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सपा मुख्यालय में पार्टी व सहयोगी दलों के विधायकों व सांसदों से कहा है कि राष्ट्रपति चुनाव में पूरी सतर्कता बरतते हुए वोट डालना है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। अखिलेश यादव ने विधायकों व सांसदों से उनसे फार्म पर हस्ताक्षर करवाकर यशवंत सिन्हा का नाम प्रस्तावित किया। अखिलेश ने पहले ही ऐलान किया था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राष्ट्रपति के लिए तय किए उम्मीदवार का सपा समर्थन करेगी। बैठक में चुनाव की रणनीति को लेकर मंथन हुआ। तय हुआ कि यशवंत सिन्हा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट दिलाने की दिशा में काम भी करना है। वर्तमान में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी दलों रालोद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को मिला कर कुल 125 विधायक हैं। वहीं सपाए निर्दलीय व रालोद मिलाकर राज्यसभा में पांच सांसद हैं। लोकसभा में अभी तीन सांसद हैं, जबकि दो सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। उत्तर प्रदेश में एक विधायक का मूल्य 208 और सांसद का मूल्य 700 है। सपा गठबंधन के 125 विधायकों के वोट का मूल्य 26000 है। तरह सपा के अभी 3 लोकसभा और 3 राज्यसभा सांसदों का मूल्य 4200 है।

**नहीं आए शिवपाल यादव:** सपा गठबंधन की बुलाई बैठक में शिवपाल यादव शामिल नहीं हुए। अखिलेश यादव से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। माना जा रहा है कि वह एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जा सकते हैं।

## बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में अब सफल नहीं होगी भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में अब भाजपा सरकार सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए जो सपने दिखाए उनकी सच्चाई अब सामने आने लगी है। वादों की चाशनी लपेटकर भाजपा सरकारों ने लोगों को अपने जाल में फंसाने की जो कवायद की अब उसका भी अंत नजर आने लगा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था। काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाया था लेकिन दो बार के प्रधानमंत्रित्वकाल (अभी तक के 8 साल) में भारत में भारत का एक भी शहर दुनिया के 100 टाप शहरों में शामिल नहीं है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में विकास के रास्ते पर एक भी कदम नहीं बढ़ा पाए। कन्नौज में विश्वस्तरीय इत्र पार्क के निर्माण का निर्णय समाजवादी सरकार में हुआ था।

भाजपा सरकार के राजनीतिक विद्वेष का शिकार होकर इत्र पार्क आज वीरान पड़ा है। खुशबू से नफरत का यह खेल किसी को पसंद नहीं आने वाला है। इससे किसानों में भी निराशा है क्योंकि फूलों की खेती भी उजड़ गयी। अखिलेश ने कहा कि 'आरोग्य भारत' की बात करने वाले हर मौके को सियासत का एजेण्डा बनाने वाली डबल इंजन सरकार के अधीन उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सेवाएं बदहाल हैं।

स्ट्रेचर, एम्बूलेंस, दवा, उपचार के प्रश्न बेमानी हो गए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार में हेल्थ इंडेक्स में अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। मरीजों का हाल बुरा है। पहले राशन से तेल, चना, चीनी, नमक गायब हुआ और अब गेहूं भी भाजपा निगल गई है। जून माह में राशन लाभार्थियों को क्यों नहीं दिया जा रहा है। पूरा राशन नहीं देना था तो चुनाव के वक्त झूठा वादा क्यों किया था। गरीब की रोटी भी छीन ली गई है। भाजपा का हर वादा झूठा है। जनता की मजबूरियों का भाजपा कितने दिन दोहन करेगी।

# 27 जून को होगा रोजगार मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 27 जून, 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में कौशल विकास मिशन लखनऊ मण्डल एवं राजकीय आईटीआई लखनऊ मण्डल एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में के मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 100 कम्पनियां प्रतिभाग करने आ रही हैं। इन कम्पनियों में कुल 22858 पदो पर चयन किया जायेगा।

एम ए खान ट्रेनिंग काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि जो अभ्यर्थी मात्र हाईस्कूल पास हैं वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं, एवं जो अ यर्थी मात्र इण्टमीडिएट पास है वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है तथा जो अभ्यर्थी मात्र आईटीआई राजकीय अथवा निजी आईटीआई से पास हैं, वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं, तथा डिप्लोमा पास अभ्यर्थी भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो अभ्यर्थी कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, वे भी रोजगार मेला में सम्मिलित होकर रोजगार पा सकते हैं।

आर एन त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने बताया कि आने वाली 100 प्रतिष्ठित कम्पनियों में न्यूनतम वेतन 10000 से 25000 रुपये तक के वेतन पर जॉब के अवसर उपलब्ध होंगे तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी 27 जूनए 2022 को प्रात: 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में आने वाले वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ दो प्रति बायोडाटा एवं उसके साथ शैक्षिक व तकनीकी योग्यता की छायाप्रति एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर सम्बन्धित कम्पनी में प्रतिभाग कर सकते है।

विषेष सचिव नगर ने किया गौशाला का निरीक्षण...

# स्वनिधि पीएम योजना का छोटे दुकानदारों को मिले लाभः इन्द्रमणि त्रिपाठी

● वेडिंग जोन और नाले की साफ-सफाई का किया मुआयना

संवाददाता। सीतापुर




**विशेष सचिव** नगर विकास डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सीतापुर के बट्सगंज स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने वेडिंग जोन और नाले की साफ सफाई का भी मुआयना किया। नर पालिका के ईओ वैभव त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने सिधौली नगर पंचायत के बहादुरपुर वार्ड स्थित कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में पशुओं की स्थिति व उनके चारे आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौशाला के निरीक्षण के बाद विशेष सचिव द्वारा बहादुरपुर वार्ड में नाली, सड़कें आदि का निरीक्षण किया गया तथा पीएम आवास के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। इस मौके पर पीएम आवास के कनिष्ठ अभियंता विनोद शुक्ला, ईओ सर्वेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्षा मीना राजपूत, प्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, जेई सुशील कुमार शर्मा, बाबू दीनू भास्कर आदि मौजूद थे।

## डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें एवं स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता भी देखें। नैमिष कारिडोर के निर्माण कार्य का आज ही निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग द्वारा जनपद सीतापुर में तहसील बिसवां के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बढ़ईन का पुरवा, शेखपुर, पासिनपुरवा खालेपुरवा, बड़ईडीह व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु स्टड का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। गौआश्रय स्थल के निर्माण से संबंधित कार्यों को तत्परतापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में डीडीओ राकेश कुमार पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## संयुक्त विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

**संयुक्त विकास** आयुक्त लखनऊ मण्डल श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने ब्लॉक कसमंडा की ग्राम पंचायत जयरामपुर में अमृत सरोवर तालाब मे चल रहे कार्यो का स्थलीय जायजा लिया। इसके बाद पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। जयरामपुर में बने प्राचीन वंसीवट स्थान के महन्त से आशीर्वाद व प्रसाद लिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कसमंडा अजीत यादव, ग्रापंचायत अधिकारी जयरामपुर हिमाली पाण्डे, दिनेश वर्मा, रवीकान्त शुक्ला, प्यारेलाल, जेई आरईडी नन्दकिशोर, टीए मनरेगा आनन्द मोहन अवस्थी, विक्रम श्रीवास्तव, दिलीप पाण्डे, सीके वर्मा व प्रधान सुनील कुमार मौजूद थे।

# सीतापुर में किसान संगठन ने किया अग्निपथ योजना का विरोध!

● संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्षन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, लालबाग शहीद पार्क से लालबाग चौराहे तक किया प्रदर्शन, हाथों में तख्तियां लेकर की नारेबाजी किया प्रदर्शन

**सीतापुर**। अग्निपथ योजना का सीतापुर में भी विरोध होना शुरू हो गया है, पहले सेना की तैयारी कर रहे युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था इस बार किसान संयुक्त मोर्चा ने अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम सदर अनिल कुमार ज्ञापन सौंपा। पहले तो संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता लालबाग शहीद पार्क में एकत्रित हुए फिर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और अग्निपथ योजना वापस लिए जाने को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन लालबाग चौराहे पर एसडीएम सदर को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह सहित भारी पुलिस बल भी मुस्तैद था। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता पिंदर सिंह, शिवप्रकाश सिंह, संगतिन नेत्री ऋचा सिंह, रामबेटी, गुरूप्रीत सिंह, रामसहांय सहित तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

# गर्मी में लोगो को भा रहा स्काई वर्ल्ड



सीतापुर-शहर के नैपालापुर कैसरैला मार्ग पर स्थित स्काई वर्ल्ड लोगो को इस समय पंसद आ रहा है, उमस भरी गर्मी से बचने के लिए लोग मिनी वॉटर पार्क का सहारा लेकर मस्ती करते नजर आ रहे है। मैनेजर अजय मिश्रा दया ने बताया कि सीतापुर में लोगो की पहली पंसद यह स्काई वर्ल्ड बन चुका है, सभी सुविधाएं भी दी जा रही है।

# न्यायाधीश ने किया कारागार का निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

● अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की हुई बैठक



संवाददाता। सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक हुई। इसके बाद जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुदेश कुमारी भी मौजूद रही। जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार मे महिला बैरक, किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की। बन्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं को ध्यान से सुना तथा तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। पाकशाला और जेल लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद दोनो पीएलवी से उनके कार्यो के बारे में व निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा व रजिस्टर जांचे। इस मौके पर जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर रणन्जय सिंह आदि मौजूद थी।

## क्विक न्यूज

### वृद्धाश्रम में वितरित किए फल

**सीतापुर**। अटरिया क्षेत्र के गुलरिहा मार्ग पर स्थित साईं सीनियर सिटीजन वृद्धाश्रम में वृद्ध महिलाओं व पुरुषों के बीच डॉ बिनीता श्रीवास्तव द्वारा आम के फलों का वितरण किया गया। सिधौली में स्थित कमला क्लिनिक की संस्थापिका डॉ बिनीता श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी माता स्व. पूर्णिमा सिन्हा की 17 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में साईं सीनियर सिटीजन वृद्ध आश्रम में रहने वाले पुरुषों व महिलाओं को फल वितरित किया गया। इस अवसर पर साई सीनियर सिटीजन वृद्धाश्रम' की व्यवस्थापिका शोभना शर्मा, केडी तिवारी, रामजी तिवारी, रोमेश सैनी, शिवेंद्र सहाय, अमिता शर्मा, प्रखर श्रीवास्तव अभिषेक शुक्ला मौजूद थे।

### एलडीबी के दो बड़े बकाएदार भेजे गये जेल

**मोहम्मदी-खीरी**। तहसील के 2 किसानों ने भूमि विकास बैंक मोहम्मदी से कृषि कार्य हेतु लोन लिया था परंतु लोन अदा नहीं कर पाए। उसके उपरांत भूमि विकास बैंक ने दोनों किसानों के नाम आरसी जारी कर दी। उसके उपरांत हरपाल सिंह हरनाजाट जिन पर 6034855 रूपये तथा सुरेश कुमार गौहनिया आलम 3040816 रुपया बकाया था राजस्व टीम व बैक टीम ने दोनों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि इन दोनों किसानों पर बड़ी रकम सरकार की बकाया थी जिन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजा गया है। जेल जाने से पूर्व दोनों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि अगर इन दिवसों में किसान के परिवार वाले धनराशि जमा करते हैं तो जेल से रिहा हो जाएंगे। कुल मिलाकर इन 2 किसानों के जेल जाने से अन्य बकायेदारों में हड़कंप मचा है।

### खराब-खटारा स्कूली वाहनों का संचालन मिला तो होगी कार्यवाहीः एआरटीओ

**लखीमपुर खीरी**। परिवहन आयुक्त उ0प्र0 प्रमुख सचिव से वीडियों कांफ्रेसिंग में प्राप्त निर्देश के क्रम में सभी ऐसे स्कूल वाहनों की जॉच निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाना है तथा मात्र ऐसे वाहनों को ही मार्ग पर संचालित होने की अनुमति प्रदान की गयीए जिनका निर्माणए रख.रखाव निर्धारित मानक के अनुरूप होगा। उक्त आशय की जानकारी एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने दी। उक्त के दृष्टिगत सभी स्कूल प्रबन्धनोंए वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि यदि बच्चे खराब एवं खटारा वाहनों में सवार मिले तो वाहन को सीज़ कर सम्बन्धित स्कूल की मान्यता को निरस्त करने हेतु पत्र भेजकर मान्यता रद्द करने की संस्तुति भी की जायेगी तथा सम्बन्धित स्कूलों प्रबन्धकए मालिक एवं वाहन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा क्योंकि बच्चों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है।

# थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी**। पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाए जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जयराम व गिरफतारी वांछितध्वारंटी के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन व मुझ प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल के निर्देशन में आज दिनांक 24ध्06ध्2022 को सुबह उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय मय पुलिस फोर्स द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारंटीए संदिग्ध वाहनध्व्यक्ति चेकिंग के दौरान अभियुक्त सिराज पुत्र अली मोहम्मद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी फ्तेपुर कस्बा व थाना धौरहरा जिला खीरी को टेकीकुंडा कर्बला के पास से समय 6:20 बजे एक अदद अवैध छूरा के साथ गिरफ्तार किया गयाए अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 380ध्2022 धारा 4ध्25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सिराज पुत्र अली मोहम्मद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी फ्तेपुर कस्बा व थाना धौरहरा जिला खीरी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय व कांस्टेबल अक्षय राणा शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन पर गंदगी देख भड़कीं डीआरएम



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**लखनऊ डीआरएम** मोनिका अग्निहोत्री अपने अधीस्थ कर्मचारियों के दोपहर लगभग 14:30 बजे तिकुनियां से चलकर मैलानी पहुंची। आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहै पेय जल का जायजा लिया। तदुपरान्त प्रतीक्षालयों का निरिक्षण किया तथा मैलानी रेल्वे स्टेशन के पीछे बने पार्क के सुसज्जित फव्वारे वाले बने वाटर पार्क में मौजूद गंदगी को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की गन्दगी ना ही राष्ट्रहित में न समाज हित में। अच्छी गन्दगी करने वालों के विरुद्ध रेल्वे एक्ट के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि विगत वर्ष रेल्वे ट्रेक टूटने से जहा रेल्वे को काफी नुकसान हुआ है। वहीं यात्रियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इस बार हम लोग आने वाली बाढ़ से रेल्वे ट्रेक के बचाव सम्बंधित व्यवस्था कराई जा रही। साथ ही उन्होंने बताया कि मैलानी से बाँके गंज के बीच वन विभाग द्वारा एनओसी भी जल्द ही मिलने की सम्भावना है जिससे रेल विद्युतीकरण के चलते ट्रेनों का संचालन बढ़ा दिया जाएगा। इसी क्रम में भाजपा नेता आनन्द कुमार मौर्य सुरेन्द्र मिश्र ने रेल लाइन को बाढ़ से बचाने तथा ट्रेनों की संख्या बढाने हेतु ज्ञापन भी सौपा। इस मौके पर विद्युत सेक्सन इंजीनियर जगजीवन लाल गुप्ता एई एन लाल बहादुर आईओडब्लू व आरपीएफ प्रभारी निरिक्षक विष्णु सिह सहित तमाम रेल्वे कर्मचारी मौजूद रहै।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client. **SHRI KHAIRATI LAL NANDA S/o SHRI BANSI LAL NANDA R/O FLAT NO.30, FIRST FLOOR, SURAJ APARTMENTS, SURAJKUND ROAD, PUL PEHLADPUR, NEW DELHI-110044, is the owner of DDA MIG FLAT NO. 30, FIRST FLOOR. SURAJ APARTMENTS, PUL PEHLADPUR, NEW DELHI-110044, VIDE DDA FILE NO. M035(221)92/PL/NP,** have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **Original DEMAND LETTER and NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.527616/2022 dated 24.06.2022**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.**9871335787**, within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director MIG (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal** (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**SBFC**
SBFC Finance Pvt. Ltd.
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक 28 जून 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर–5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर-101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा–201304 हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड–245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:** AP00338914,AP00352197,AP00352211,AP00365554,AP00386121, AP00391104,AP00438264 **HAPUR:** AP00358164,AP00378574 **NOIDA:** AP00333070

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, हापुड 8439761293 नॉएडा: 8368589407,

एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि संगीता वैद और सात्विक वैद कन्वेयंस डीड दिनांकित 24–03–2021 के आधार पर यूनिट नंबर पी 5–08–एसएफ, द्वितीय तल, पार्क इलीट फ्लोर्स, सेक्टर–75, पार्कलैंड्स, फरीदाबाद, हरियाणा (इसमें आगे उक्त सम्पत्ति कही गई है) के स्वामी और काबिज होने का दावा करते हैं, आरंभतः रवीश वैद उक्त सम्पत्ति के स्वामी थे और उनकी मृत्यु के उपरांत मैसर्स बीपीटीपी ने संगीता वैद और सात्विक वैद के पक्ष में कन्वेयंस डीड निष्पादित की है और उक्त संगीता वैद और सात्विक वैद उक्त सम्पत्ति भागेश्वरी अनिल सिंह को बेचने के लिए सहमत हुए हैं तथा उक्त भागेश्वरी अनिल सिंह ने हमारे मुवक्किल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, आईटीओ शाखा, नई दिल्ली के पक्ष में बंधक सृजित करने हेतु सहमति प्रदान की है। सभी व्यक्ति/यों, जो उक्त सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग के संबंध में, बिक्री, विनिमय, बंधक (न्यायिक/पंजीकृत अथवा अन्य), उपहार, न्यास, उत्तराधिकार, ग्रहणाधिकार अथवा अन्य किसी भी प्रकार से किसी दावे का/के धारक है/हैं, उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उसकी अधिसूचना लिखित रूप में हमको दस्तावेजी सबूत के साथ नीचे वर्णित पते पर इस सूचना की तिथि से 10 दिन के भीतर दें, जिसमें असफल रहने पर ऐसे व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का/के दावा अथवा दावे, यदि कोई, छोड़ दिए गए तथा/अथवा परित्यक्त माने जाएंगे और हमारा मुवक्किल उक्त सम्पत्ति के ऐवज में ऋण प्रदान करने और उसके संबंध में बंधक के अनुवर्ती सृजन की कार्यवाही आगे बढ़ाएगा।

विशाल दीवान (अधिवक्ता)
वास्ते दीवान ऐंड कम्पनी एलएलपी
एडवोकेट्स ऐंड सॉलिसिटर्स
मकान नंबर 2 (एलजीएफ), एनआरआई कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110019
मोबाइल नंबर 9818399999

**kotak** KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Office/Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of15 (Fifteen)years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THATthe piece or parcel of commercial property admeasuring about 7764 Sq. ft. carpet area (approx.) and 12116 Sq. ft. super area (approx.) on the second floor and 2098 Sq. Ft. carpet area (approx.) and 3610.39 Sq. ft. super area on third floor of the building (in total admeasuring 9862 Sq. ft. Carpet area and 15726 Sq. Ft. super area) situated at 2nd Floor and 3rd Floor respectively at Vatika City Point, M.G. Road, Heritage City, Sector-25, Gurugram-122002(Haryana). | **Lincoln Developers Private Limited,** having its registered office at Flat no. 621A, 6th Floor, Devika Tower, 6 Nehru Place, New Delhi-110019 acting through its Authorized Signatory Ms. Ritu Gupta. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

## पेज एक का शेष

### महाराष्ट्र संकट...

कर लेते हैं कि शिंदे को विधानसभा में कुल 55 शिवसेना विधायकों में से 37 का समर्थन प्राप्त है और इसी आधार पर उन्हें शिवसेना विधायक दल का नेता घोषित कर देते हैं तो मूल शिवसेना का अंत मान लिया जाएगा। क्योंकि, शिंदे गुट यदि विधानसभा में मूल पार्टी की ताकत का दो-तिहाई हिस्सा है तो उस पर दलबदल विरोधी कानून के दंडात्मक प्रावधानों के तहत कार्रवाई भी नहीं हो सकती और यह गुट आसानी से किसी अन्य दल में विलय कर सकता है या सदन में एक अलग समूह बन सकता है। दूसरी ओर, मूल शिवसेना पार्टी यह उम्मीद कर रही है कि नए एसएसएलपी नेता अजय चौधरी द्वारा किए गए एक लिखित अनुरोध के आधार पर उपसभापति नरहरि एकनाथ शिंदे सहित 12 विधायकों को पार्टी व्हिप का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए अयोग्य घोषित कर देंगे।

### कोई राष्ट्रीय...

ठाकरे (शिवसेना के दिवंगत नेता) और आनंद दिघे से था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री शिंदे से जब पूछा गया कि महाराष्ट्र का राजनीतिक संकट कब खत्म होगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। शिंदे ने दावा किया कि उनकी अगुवाई वाला समूह वास्तविक शिवसेना है और अयोग्य करार दिए जाने की धमकियों से उन्हें एवं उनके समर्थकों को डराया नहीं जा सकता।

### गुजरात दंगा...

बाद ही गुजरात में दंगे भड़क गए थे। इन दंगों में 1044 लोग मारे गए थे, जिसमें से अधिकतर मुसलमान थे। इस संबंध में विवरण देते हुए, केंद्र सरकार ने मई 2005 में राज्यसभा को सूचित किया था कि गोधरा कांड के बाद के दंगों में 254 हिंदू और 790 मुस्लिम मारे गए थे। शीर्ष अदालत ने जकिया की याचिका पर पिछले साल नौ दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एसआईटी ने कहा था कि जकिया के अलावा किसी ने भी 2002 दंगे मामले में हुई जांच पर सवाल नहीं उठाए हैं। इससे पहले जकिया के वकील ने कहा था कि 2006 मामले में उनकी शिकायत है कि एक बड़ी साजिश रची गई, जिसमें नौकरशाही की निष्क्रियता और पुलिस की मिलीभगत थी और अभद्र भाषा एवं हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

### परमेश्वरन अय्यर...

सरकार के थिंक टैंक के तीसरे सीईओ हैं। उन्होंने मैथेड इन द मैडनेस–इनसाइट्स फ्रॉम माई करियर ऐज एन इनसाइडर–आउटसाइडर–इनसाइडर नामक पुस्तक भी लिखी है। नीति आयोग के निवर्तमान सीईओ कांत ने डिजिटल इंडिया, परिसंपत्ति मुद्रीकरण, विनिवेश, आकांक्षी जिला कार्यक्रमों और इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान देने के साथ ही नीति आयोग की नीतियां बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डेका खुफिया...

आदेश में कहा कि गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नेतृत्व कर रहे सामंत गोयल का कार्यकाल और एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

### कोरोना के...

संक्रमण दर 3.07 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,27,49,056 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 196.77 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

### सात से...

(सीडीएससीओ) की कोविड–19 पर विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने एसआईआई के इस आवेदन पर विचार–विमर्श किया और सात से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कोवोवैक्स के लिए आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण देने की सिफारिश की।

### दिव्यांग बच्ची...

दुर्लभ मामलों की श्रेणी में आता है और उसने सत्र अदालत द्वारा इस मामले में पारित आदेश को बरकरार रखा था। उसने कहा था कि सत्र अदालत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृत्युदंड नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अगर इस तरह के सबूत पर दोषसिद्धि की जा सकती है तो अपराध की प्रकृति के आधार पर अत्यधिक जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### मुर्मू ने...

उसके लिए राजग उम्मीदवार ओडिशा की आदिवासी संथाल जनजाति से ताल्लुक रखने वाली मुर्मू के पक्ष में वोट करने की संभावना है। इस बीच, द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपना नामांकन भरने से पहले खुद ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार से फोन पर बात की और उनसे राष्ट्रपति चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने की अपील की। सूत्रों के मुताबिक सोनिया, ममता और पवार ने मुर्मू को शुभकामनाएं दी हैं। इन्हीं सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला से फोन पर बात की और राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के लिए समर्थन मांगा।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुबल जालान, शालिनी जालान, एक्मि प्राक्सिस प्रा. लि., जालान ट्रांसपोर्ट प्रा. लि., LBDEL00003788759, सी 3/114, मिलन विहार अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली – 110092 | मारवेला फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, महागुन मॉडर्नी, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–78, नोएडा – 201301 | 26–05–2022 रू. 3,51,28,067.01/– | 30-04-2019 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 24 जून, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# महाराष्ट्र में राकांपा, कांग्रेस द्वारा नियंत्रित विभागों ने कई सरकारी आदेश जारी किए

● हजारों करोड़ मूल्य के विकास संबंधी कार्यों के लिए निधि जारी करने के आदेश

**भाषा।** मुंबई

**पार्टी नेता** एकनाथ शिंदे की बगावत के कारण शिवसेना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार के अस्तित्व पर छाए संकट के बीच प्रदेश सरकार के विभागों द्वारा बीते चार दिनों में हजारों करोड़ रुपए मूल्य के विकास संबंधी कार्यों के लिए निधि जारी करने के आदेश दिए गए। इन विभागों में अधिकतर गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के नियंत्रण वाले हैं। महाराष्ट्र की एमवीए सरकार में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस शामिल है। ये आदेश सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद हैं। 20 से 23 जून के बीच विभागों ने 182 सरकारी आदेश (जीआर) जारी किए, जबकि 17 जून को उन्होंने 107 ऐसे जीआर पारित किए। तकनीकी तौर पर इन्हें सरकारी प्रस्ताव (जीआर) कहा जाता है जो विकास संबंधी कार्यों के लिए कोष जारी करने की मंजूरी देने वाला एक अनिवार्य अनुमोदन आदेश होता है। वहीं, विपक्षी भाजपा ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से पिछले कुछ दिनों में दिखी जीआर की हड़बड़ी को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की और इसे संदिग्ध करार दिया।

महाराष्ट्र की एमवीए सरकार 2019 में सत्ता में आने के बाद से, अभी तक के सबसे खराब दौर से गुजर रही है। शिवसेना के वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के कुछ बागी विधायकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित असम में डेरा डाले हैं। यह संकट 20 जून को विधान परिषद के चुनावों के कुछ घंटों बाद छाया, जब विपक्षी भाजपा अपने पांचवें उम्मीदवार को जितवाने में सफल रही। नतीजे आने के बाद शिंदे से संपर्क नहीं हो पाया। वह और बागी विधायकों का एक समूह पहले गुजरात में रहा, लेकिन बाद में वे सभी असम चले गए। फिलहाल वह गुवाहाटी के एक होटल में शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ डेरा डाले हुए हैं।

सूत्रों ने बताया कि हालांकि शिंदे का विद्रोह 21 जून को सुबह सभी के सामने आया, लेकिन उनकी बढ़ती बेचैनी को शिवसेना के सहयोगी राकांपा और कांग्रेस ने पहले ही भांप लिया था। राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने भी दावा किया है कि उन्होंने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के बागी रुख अपनाने को लेकर पहले ही आगाह किया था। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ सहयोगी के लिए आने वाली चुनौतियों को पहले ही भांप लेने के बाद, इन दलों द्वारा नियंत्रित राज्य के विभागों में जीआर जारी करने की होड़ नजर आई।

शिवसेना के गुलाबराव पाटिल के नियंत्रण वाले जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग ने 17 जून को एक ही दिन में 84 से अधिक जीआर जारी किए। इनमें से अधिकतर आदेश धन की मंजूरी, प्रशासनिक मंजूरी और विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं पर काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन से संबंधित थे। पाटिल शिवसेना के उन आखिरी विधायकों में से हैं, जिन्होंने गुवाहाटी पहुंचकर शिंदे से हाथ मिला लिया है। गौरतलब है कि 17 जून को शुक्रवार था और विधान परिषद के चुनाव सोमवार को हुए। आंकड़ों के अनुसार, 20 से 23 जून के बीच, सोमवार को सबसे कम 28 जीआर जारी किए गए। अगले दिन 21 जून को 66 जीआर जारी किए गए। पिछले दो दिन में 22 और 23 जून को सरकार ने क्रमश: 44 और 43 आदेश जारी किए। सोमवार से राकांपा और कांग्रेस के नियंत्रण वाले विभागों में जीआर जारी करने की होड़ मच गई और इस अवधि में जारी 182 आदेशों में से 70 प्रतिशत से अधिक आदेश इन दलों द्वारा नियंत्रित विभागों ने ही जारी किए।

राकांपा द्वारा नियंत्रित सामाजिक न्याय, जल संसाधन, कौशल विकास, आवास विकास, वित्त और गृह जैसे विभागों ने अधिकतम जीआर जारी किए हैं। कांग्रेस द्वारा नियंत्रित जनजातीय विकास, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, स्कूली शिक्षा, ओबीसी और मत्स्य पालन आदि विभागों ने भी कुछ जीआर जारी किए। निर्दलीय विधायक एवं मंत्री शंकरराव गडक द्वारा नियंत्रित मृदा संरक्षण विभाग ने लगभग 20 आदेश पारित किए। आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार दिन में शिवसेना द्वारा नियंत्रित विभागों ने कुछ ही जीआर जारी किए। ए जीआर मंत्री सुभाष देसाई द्वारा नियंत्रित उद्योग विभाग, मराठी भाषा विभाग और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे द्वारा नियंत्रित पर्यटन विभाग की ओर से जारी किए गए, लेकिन इन तीन के अलावा शिवसेना द्वारा नियंत्रित किसी अन्य विभाग ने कोई जीआर जारी नहीं किया।

कांग्रेस द्वारा नियंत्रित राज्य जनजातीय विकास विभाग द्वारा कुल 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के जीआर जारी किए गए। राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं राकांपा नेता अजीत पवार के नियंत्रण वाले वित्त विभाग की ओर से जारी एक जीआर के बाद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि बढ़कर कुल 319 करोड़ रुपए हो गई है। इस बीच, राज्य के भाजपा नेता प्रवीण दारेकर ने शुक्रवार को राज्यपाल कोश्यारी से हस्तक्षेप करने और सरकार द्वारा पारित जीआर की भीड़ पर अंकुश लगाने की अपील की।

कोश्यारी को लिखे एक पत्र में, दारेकर ने कहा, पिछले 48 घंटों में एमवीए द्वारा लगभग 160 सरकारी प्रस्ताव जारी किए गए, जो संदिग्ध लग रहे हैं। मैं आपसे इस मामले में हस्तक्षेप करने और इस पर अंकुश लगाने का अनुरोध करता हूं। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि गृह विभाग सहित राज्य के कुछ प्रमुख अधिकारियों के तबादले की योजना है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते होंगे कि इस तरह के संदिग्ध तबादलों के कारण, पूर्व गृह मंत्री अब जेल में हैं। जीआर के लिए चल रही होड़ गंभीर और संदिग्ध है। एमवीए सरकार ने पिछले कुछ दिनों में अभूतपूर्व गति से निर्णय लिए हैं, जो कि उसके पिछले ढाई साल के पूरे कार्यकाल के दौरान देखने को नहीं मिले थे।

# जम्मू कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में नौ सरकारी कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में पांच अधिकारियों समेत नौ सरकारी कर्मचारियों को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। सभी कर्मचारियों को जम्मू कश्मीर सिविल सेवा नियमन के 226 (2) अनुच्छेद के तहत बर्खास्त कर दिया गया है, जो प्रशासन को 22 साल की सेवा पूरी करने या 48 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद किसी भी समय सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त करने की अनुमति देता है। ए सभी कर्मचारी आवास एवं शहरी विकास विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि बर्खास्त किए गए अधिकारियों के खिलाफ विभागीय समितियों द्वारा आरोपों की पुष्टि की गई है। अनुच्छेद 226 (2) के तहत नामित समीक्षा समिति द्वारा उन आरोपों की पुष्टि की गई जिनमें धन का दुरुपयोग, अभिलेखों का मिथ्याकरण, फर्जी बिल बनाना, अवैध निर्माण की अनुमति देना और अवैध नियुक्तियां करना शामिल है। ज्यादातर अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा जांच का सामना करना पड़ा है और सरकार ने उन्हें निलंबित भी कर दिया है।

बर्खास्त किए गए लोगों में श्रीनगर नगर निगम (एसएमसी) के वरिष्ठ अधिकारी मेहराज-उद्दीन-बुजा, नगर परिषद अनंतनाग के कार्यकारी अधिकारी गुलाम मोहिउद्दीन मलिक, नगर समिति शोपियां के सहायक स्वच्छता अधिकारी शब्बीर अहमद वानी, एमसी डोडा के स्वच्छता पर्यवेक्षक जाकिर अली, एमसी बनिहाल के प्रधान सहायक अब्दुल लतीफ, एमसी डोडा के वरिष्ठ सहायक सुकेश कुमार, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के प्रभारी सचिव गौहर अली तुगू, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के सचिव शगुफ्ता फाजिल और एमसी रियासी के बिजली मिस्त्री (इलेक्ट्रीशियन) ठाकुर दास शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर भ्रष्टाचार, अवैध नियुक्तियों और गबन के मामलों में शामिल रहे हैं।



नई दिल्ली में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिमांचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा और अन्य नेतागण एनडीए द्वारा राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नामांकन के अवसर पर पहुंचे

# राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू के राजग का उम्मीदवार बनने से अब जनजातियों पर नजर

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अब ध्यान जनजातियों पर टिक गया है, जिनका देश की आबादी में 8.67 फीसदी हिस्सा है। मुर्मू ओडिशा के संथाल समुदाय से हैं, जो भारत का तीसरा सबसे बड़ा जनजातीय समूह है। यदि मुर्मू राष्ट्रपति बनती हैं, तो राजनीति दल जनजातीय समुदाय को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पर्यवेक्षकों को लगता है कि मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को ओडिशा विधानसभा चुनाव में फायदा होगा, जहां जनजातीय लोगों की अच्छी संख्या है खासकर संथालों की।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक मुर्मू के चयन को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति के हिस्से के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां जनजातीय आबादी कुल आबादी के 22 प्रतिशत से अधिक है। संथाल समुदाय में जन्मीं मुर्मू वर्ष 1997 में ओडिशा के रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद रही हैं। वह वर्ष 2000 में बीजद-भाजपा गठबंधन सरकार में मंत्री बनीं और वर्ष 2015 में झारखंड में भगवा पार्टी की सरकार के समय वहां की राज्यपाल बनीं। 2017 में 1976 संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले विधेयक लौटा दिए थे। इस विधेयक में यह सुनिश्चित करते हुए जनजातियों को अपनी भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने का अधिकार देने की मांग की गई थी कि भूमि का स्वामित्व नहीं बदला जाएगा।

यह अधिनियम पश्चिम बंगाल के साथ झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्र में गैर-जनजातियों को जनजातीय भूमि की बिक्री पर रोक लगाता है। उत्कल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर स्मिता नायक ने पीटीआई-भाषा को बताया यह साबित करता है कि मुर्मू भाजपा के दबाव के बावजूद संविधान के अनुसार काम कर सकती हैं। आम तौर पर भाजपा में महिला नेताओं को पद मिलते हैं और वे सशक्त होती हैं। मुझे लगता है कि मुर्मू को भी काम करने की आजादी मिलेगी। नायक ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल किसी महिला और आदिवासी का सीधे तौर पर विरोध नहीं कर सकता। यदि वह राष्ट्रपति के रूप में चुनी जाती हैं, तो कोई भी राजनीतिक दल आदिवासियों की उपेक्षा नहीं कर सकता है। ओडिशा के 147 विधानसभा क्षेत्रों और 21 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जनजातीय समुदाय के लोगों का प्रतिनिधित्व क्रमश: 33 और पांच है। इन पांच लोकसभा सीट में से दो-दो सीट पर बीजद और भाजपा का कब्जा है, जबकि कोरापुट सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने राज्य विधानसभा के सभी सदस्यों से मुर्मू को ओडिशा की बेटी के रूप में सर्वसम्मति से समर्थन देने का आग्रह किया।

## क्विक न्यूज

### बारात में नहीं ले जाने पर दोस्त ने दूल्हे को मानहानि का नोटिस भिजवाया

**हरिद्वार।** निमंत्रण देने के बावजूद बारात में नही ले जाने पर एक युवक ने अपने दूल्हे दोस्त पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए का मानहानि का नोटिस भेज दिया है। हरिद्वार के अधिवक्ता अरुण भदौरिया ने बताया कि हरिद्वार के बहादराबाद निवासी रवि नामक युवक ने अन्य लोगों के साथ साथ अपने दोस्त चंद्रशेखर को विवाह का न्यौता दिया था और बारात में भी चलने के लिए कहा था। दूल्हा रवि अपने दोस्त को छोड़कर कथित रूप से समय से पहले ही बारात लेकर चला गया और ज़ब चंद्रशेखर समय पर बारात में जाने के लिए पंहुचा तो देखा कि वहां कोई नही था। पता चला कि बारात तो जा चुकी थी। अधिवक्ता ने बताया कि इस बात को चंद्रशेखर ने अपना अपमान समझा और वह इस कदर मानसिक तनाव में आ गया कि आत्महत्या करने की सोचने लगा और दूल्हे पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए के मानहानि का कानूनी नोटिस भेज दिया। चंद्रशेखर के वकील के अनुसार चंद्रशेखर ने ज़ब अपने दोस्त रवि को फोन किया तो उसने कहा की वह तो बारात लेकर निकल गए हैं और आप लोगों को अब बारात में आने की कोई जरूरत नही है। आप लोग अपने घर जाओ। वकील भदौरिया का कहना है की चंद्रशेखर बहुत ज्यादा मानसिक तनाव में आ गया था और वह इस अपमान को सहन नही कर पर रहा था। उन्होंने बताया कि इस अपमान को लेकर न्याय दिलाने का भरोसा देकर उन्होंने चंद्रशेखर को आत्महत्या करने से रोका। चंद्रशेखर ने अपने दोस्त दूल्हे को फोन करके मानहानि का नोटिस भेजने की बात बताई। मगर इसके बाद भी उसके दोस्त ने ज़ब उसकी बात को गंभीरता से नही लिया तो उसने दूल्हे को 50 लाख रुपए का मानहानि का कानूनी नोटिस भेजते हुए तीन दिन में सार्वजनिक रूप से माफी नही मांगने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### मेरे पास हवाला का पैसा कहां है? : कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार

**बेंगलुरु** धन शोधन मामले में अगले हफ्ते दिल्ली की एक अदालत में पेश होने वाले कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके पास हवाला का कोई पैसा नही है और अदालत मामले पर फैसला करेगी। दिल्ली की एक अदालत ने पिछले महीने उन्हें और अन्य को 2018 में उनके खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में तलब किया था। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपने विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा के माध्यम से मामले में शिवकुमार और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेता को एक जुलाई को पेश होने का निर्देश दिया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया, ईडी ने अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। उन्हें छह महीने में ऐसा करना था, लेकिन सालों बाद, उन्होंने अब आरोप-पत्र दाखिल किया है। इसलिए, मुझे 31 जून (एक जुलाई) के लिए सम्मन दिया गया है, मैं जाऊंगा। आरोप-पत्र में उनसे जुड़ी हवाला की रकम के संदर्भ में रिपोर्ट के बारे में एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा, मेरे पास (हवाला की रकम) कहां है? अदालत उन सभी चीजों पर फैसला करेगी। शिवकुमार को ईडी ने इस मामले में तीन सितंबर, 2019 को गिरफ्तार किया था और 23 अक्टूबर, 2019 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी। यह मामला आयकर विभाग द्वारा शिवकुमार और अन्य के खिलाफ पिछले साल बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में कथित कर चोरी और करोड़ों रुपए के हवाला लेनदेन के आरोप में दायर आरोपपत्र पर आधारित है।

### भाजपा समर्थक दो निर्दलीय विधायकों ने की विधानसभा उपाध्यक्ष को हटाने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा के समर्थक दो विधायकों ने शुक्रवार को शिवसेना विधायक अजय चौधरी को पार्टी विधायक दल का नया नेता नियुक्त किए जाने को विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल की मंजूरी मिलने पर आपत्ति जताई। निर्दलीय विधायकों योगेश बाल्दी और विनोद अग्रवाल ने इस फैसले को लेकर जिरवाल को पद से हटाने की मांग की। बाल्दी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, विधानसभा उपाध्यक्ष ऐसे निर्णय नही ले सकते क्योंकि यह अध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है। हम जल्द ही इस संबंध में कानूनी कदम उठाएंगे। हालांकि, विधान भवन के पूर्व प्रधान सचिव डॉ. अनंत कलसे ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 180 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद खाली होने पर उपाध्यक्ष निर्णय ले सकते है। मुझे नही लगता कि निर्दलीय विधायकों की यह मांग अदालत में टिक सकती है। कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनने के बाद फरवरी 2021 में विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से यह पद खाली है। जिरवाल ने एकनाथ शिंदे की जगह अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दी है।



जबलपुर में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीरांगना रानी दुर्गावती दिवस के अवसर पर बैगा समुदाय के साथ मीटिंग करते हुए

### भारत ने भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान को भेजी 27 टन आपात राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान के लोगों की मदद के लिए सबसे पहले सहायता प्रदान करते हुए दो विमानों से वहां 27 टन आपात राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय के शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, अफगानिस्तान में 22 जून को आए शक्तिशाली भूकंप के कारण व्यापक तबाही एवं जानमाल का नुकसान हुआ है। बयान के मुताबिक, भारत सरकार ने सबसे पहले सहायता प्रदान करते हुए दो विमानों से वहां 27 टन आपात राहत सामग्री काबुल भेजी जिसमें तंबू, स्लीपिंग बैग, कंबल, चटाई आदि शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि राहत सामग्री की खेप काबुल में मानवीय सहायता मामलों संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओसीएचए) और अफगान रेड क्रीसेंट सोसाइटी (एआरसीएस) को सौंपी जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, संकट की इस घड़ी में अफगानिस्तान के लोगों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है।

# भाजपा के जायसवाल और जदयू के कुशवाहा में वाकयुद्ध

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल और जनता दल (यूनाइटेड) संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वाकयुद्ध छिड़ गया। जायसवाल द्वारा फेसबुक पर लिखी गई एक पोस्ट के बाद दोनों के बीच वार-पलटवार शुरू हुआ। जायसवाल ने फेसबुक पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा का नाम लिए बिना कटाक्ष किया, बिहार के विभिन्न जिलों में केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन मिल जाए इसके लिए नेताजी ने आंदोलन किया था। शिक्षा में सुधार हो इसके लिए अपने अनुयायियों से हर जिले में धरना व प्रदर्शन करवाया और अंतत: नेताजी स्वयं सफल हो गए।

जायसवाल की यह टिप्पणी कुशवाहा के अपनी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के जदयू में विलय करने के परोक्ष संदर्भ में थी, जिसमें उन्हें पार्टी का शीर्ष पद और बिहार विधान परिषद की सदस्यता मिली। कुशवाहा ने पिछले हफ्ते जायसवाल की तुलना एक रोते-बिलखते बच्चे से की थी, जब भाजपा नेता ने अग्निपथ विरोधी भीड़ द्वारा उनके घर में तोड़फोड़ पर नाराजगी जताई थी। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते भाजपा नेता जायसवाल द्वारा अग्निपथ विरोधी भीड़ द्वारा उनके घर में की गई तोड़फोड़ पर नाराजगी जताए जाने पर कुशवाहा ने उनकी तुलना एक रोते-बिलखते बच्चे से की थी। जायसवाल की पोस्ट को साझा करते हुए कुशवाहा ने ट्वीट कर पलटवार किया। कुशवाहा ने ट्वीट कर कहा, भाई जी, मेरे उस आंदोलन में आपको क्या गलत दिखा। जहां तक मेरी भूमिका का सवाल है, सत्ताधारी दल के सदस्य की मर्यादा और विपक्ष के सदस्य के रूप में किसी व्यक्ति का क्या दायित्व होता है इसका ज्ञान तो संभवत: आपको होगा ही। अगर नहीं है तो आपको बहुत ट्रेनिंग की जरूरत है।

# जकिया की याचिका पर आए फैसले के बाद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा

**भाषा।** पटना

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को 2002 के गुजरात दंगों के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष जांच दल (एसआईटी) की क्लीन चिट को बरकरार रखने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। साथ ही कहा कि पूर्वाग्रह एवं वैमनस्यता से ग्रसित होकर पिछले 20 वर्षों से लगातार साजिशें रच रही एक कॉटेज इंडस्ट्री को करारा जवाब मिला है।



उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायालय ने इसके साथ ही कहा कि इन आरोपों के समर्थन में पुख्ता तथ्य उपलब्ध नहीं हैं कि 2002 के गोधरा दंगों को गुजरात में सर्वोच्च स्तर पर रची गई आपराधिक साजिश के कारण पूर्व-नियोजित घटना कहा जाए।

यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस नेता एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जकिया जाफरी की याचिका के मामले में देश की सर्वोच्च अदालत का जो ऐतिहासिक फैसला आया है, उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ रची गई साजिशों को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है।

उन्होंने कहा, सच्चाई की हमेशा जीत होती है। अब विपक्षी दल अपनी नफरत की दुकानें बंद कर देंगे जो वे पिछले 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चला रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर कांग्रेस द्वारा नियुक्त आयोगों, मीडिया संस्थानों, कथित विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों सहित उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी द्वारा पिछले 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के खिलाफ 60 से अधिक जांच की गईं। भाजपा नेता ने कहा, आज मैं कांग्रेस, वामपंथी दलों, तथाकथित लिबरल गैंग्स और कॉटेज इंडस्ट्री से पूछना चाहता हूं कि आपने 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के विरोध के नाम पर अपनी दुकान चला रखी है। हर बार आप अपने नापाक इरादों में असफल हुए हैं और कितने दिन आप झूठ की दुकान चलाएंगे?

# दोहरी नेतृत्व प्रणाली प्रभावी नही, पनीरसेल्वम पार्टी संयोजक नही रहेः अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के ई.के. पलानीस्वामी गुट ने शुक्रवार को कहा कि समन्वयक ओ. पनीरसेल्वम और संयुक्त समन्वयक ई.के पलानीस्वामी को अलग-अलग शक्तियां प्रदान करने वाली दोहरी नेतृत्व प्रणाली अब प्रभावी नहीं है। एक दिन पहले हुई अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक में पलानीस्वामी गुट के एकल नेतृत्व पर अड़े रहने के बाद यह घोषणा की गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पलानीस्वामी के विश्वस्त सी.वी. षणमुगम ने कहा कि दोहरे नेतृत्व को लेकर एक दिसंबर 2021 को पार्टी नियमों में हुए संशोधनों को 23 जून, 2022 को हुई आम परिषद की बैठक में मंजूरी नहीं मिली है। अन्नाद्रमुक ने पिछले साल दोहरी नेतृत्व प्रणाली को बरकरार रखने और उसे मजबूती प्रदान करने के लिए नियमों में संशोधन किया था। नियमों में संशोधन के बाद पनीरसेल्वम को निर्विरोध समन्वयक और पलानीस्वामी को संयुक्त समन्वयक घोषित किया गया था।

षणमुगम ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह के संशोधनों ने यह अनिवार्य कर दिया था कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक के दो शीर्ष पदों पर प्रत्याशियों का चुनाव पार्टी के प्राथमिक सदस्यों के वोट से किया जाना चाहिए। चूंकि पार्टी के दो शीर्ष पदों से संबंधित इन संशोधनों को बृहस्पतिवार को आम परिषद की तरफ से मान्यता और समर्थन नहीं मिला, इसलिए ए शीर्ष दो पद अब समाप्त हो गए हैं। लिहाजा पनीरसेल्वम अब समन्वयक और पलानीस्वामी संयुक्त-समन्वयक नहीं हैं। पूर्व कानून मंत्री षणमुगम ने पार्टी की नियमावली का हवाला देते हुए कहा कि दोनों अपने अपने अन्य पदों पनीरसेल्वम (कोषाध्यक्ष) और पलानीस्वामी (मुख्यालय सचिव) पर बने रहेंगे। षणमुगम के बयान से साफ होता है कि पलानीस्वामी का गुट उन्हें 11 जुलाई को फिर से होने वाली आम परिषद की बैठक में सर्वोच्च नेता बनाने की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर अडिग है।



कामरूप में एनडीआरएफ की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर लोगों को ले जाते हुए।

जॉनसन को एक और झटका

# कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख ने दिया इस्तीफा

- दो सीटों पर हुए उप चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार
- शेष कैबिनेट भी जा सकती है ओलिवर डाउडेन के समर्थन



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को उस समय तीन बड़े झटके लगे, जब उनकी कंजर्वेटिव पार्टी दो अहम संसदीय क्षेत्रों में उपचुनाव हार गई और इसके बाद उनकी पार्टी के अध्यक्ष एवं उनके निकट सहयोगी ने इस्तीफा दे दिया। दक्षिण-पश्चिमी निर्वाचन क्षेत्र टिवर्टन और होनिटोन में बृहस्पतिवार को लिबरल डेमोक्रेट्स ने जीत दर्ज की, जबकि उत्तरी इंग्लैंड का वेकफील्ड निर्वाचन क्षेत्र मुख्य विपक्षी दल लेबर पार्टी के खाते में गया। डाउनिंग स्ट्रीट में कोविड-19 संबंधी कानूनों का उल्लंघन करने वाले समारोह आयोजित करने संबंधी पार्टीगेट घोटाले के मद्देनजर, इन चुनाव को पार्टी में 58 वर्षीय जॉनसन के नेतृत्व के लिए और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में उनके लिए एक जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष ओलिवर डाउडेन ने अपने त्यागपत्र में लिखा, हम पहले की तरह कामकाज जारी नहीं रख सकते। ऐसा माना जा रहा है कि शेष कैबिनेट भी नेता को अपदस्थ करने में उनके साथ जुड़ सकती है। डाउडेन ने कहा, हमारे समर्थक हाल की घटनाओं से व्यथित एवं निराश हैं और मैं उनकी भावनाओं को समझता हूं... किसी को जिम्मेदारी लेनी होगी और मैंने निष्कर्ष निकाला है कि इन परिस्थितियों में मेरा पद पर बने रहना उचित नहीं होगा। जॉनसन के नेतृत्व को लेकर कुछ नेताओं द्वारा असंतोष जताए जाने के बाद डाउडेन इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं।

विवादों में घिरे जॉनसन ने हाल में अविश्वास प्रस्ताव जीता था। कंजर्वेटिव पार्टी के 211 सदस्यों ने उनके पद पर बने रहने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 148 ने उनके खिलाफ वोट किया। वेकफील्ड और टिवर्टन एवं होनिटोन क्षेत्रों पर कंजर्वेटिव पार्टी के उन सांसदों के प्रतिस्थापन के लिए चुनाव हुआ था, जिन्होंने विभिन्न आरोपों के चलते इस्तीफा दे दिया था। इनमें से एक सांसद को यौन उत्पीड़न का दोषी ठहराया गया था जबकि दूसरे को हाउस ऑफ कॉमन्स (संसद के निचले सदन) के कक्ष में अश्लील वीडियो (पोर्नोग्राफी) देखते पाया गया था। हालांकि इस प्रकरण पर सांसद ने यह कहकर सफाई देने की कोशिश की थी कि वह अपने फोन पर ट्रैक्टरों की तस्वीरें खोज रहे थे। इन नतीजों से अशांत कंजर्वेटिव पार्टी के बीच घबराहट बढ़ेगी, जो पहले से ही इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अनिश्चित और विभाजनकारी जॉनसन अब चुनाव के लिहाज से सही दांव नहीं हैं।

# अमेरिकी सीनेट ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

- दो सप्ताह तक चली बातचीत के बाद विधेयक पेश करने के लिए दो प्रमुख दलों के बीच हो सकता समझौता

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में पिछले कुछ समय में हुई सामूहिक गोलीबारी की कई घटनाओं के मद्देनजर संसद ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से उद्देश्य से पेश किए गए उस विधेयक को बृहस्पतिवार को आसानी से मंजूरी दी, जिसे पारित करना करीब एक महीने पहले अकल्पनीय प्रतीत हो रहा था। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली वार्ता के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि इस प्रकार का रक्तपात देश में दोबारा नहीं हो। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच कड़ी की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, बंदूक हिंसा हमारे देश को जिन तरीकों से प्रभावित करती है, यह विधेयक उन सबका समाधान नहीं है, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया बहुप्रतीक्षित कदम है। बंदूक से सुरक्षा संबंधी यह विधेयक पारित करना वास्वत में अहम है और इससे लोगों की जान बचेगी। इस विधेयक को सीनेट में 33 के मुकाबले 65 मतों से पारित किया गया। विधेयक पारित करने के लिए 60 मतों की आवश्यकता थी। इसके समर्थन में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 50 सदस्यों एवं निर्दलईय समर्थकों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 15 सदस्यों ने मतदान किया। प्रतिनिधि सभा में इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है और वहां इस विधेयक का पारित होना तय माना जा रहा है।

# तीन टन रूसी सोने के आयात की जांच कर रहे स्विस अधिकारी

एपी। जिनेवा

**स्विस** सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने ब्रिटेन से करीब तीन टन रूसी सोना स्विट्जरलैंड लाया गया है और उनकी नजर इस आयात पर है। अधिकारी गौर कर रहे हैं कि क्या इस आयात से, यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के खिलाफ लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का उल्लंधन भी हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि आयातित सोने की कीमत 20.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा संबंधी संघीय कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह रूस से सोने के आयात पर लगातार नजर रख रहा है। उसने कहा कि रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किए जाने के बाद मास्को के खिलाफ स्विस प्रतिबंधों के तहत आयात निषिद्ध नहीं हैं। हालांकि, स्विट्जरलैंड के प्रतिबंधों के तहत रूस को सोने का निर्यात प्रतिबंधित है। बयान के अनुसार स्विट्जरलैंड में रूस से सोने के अन्य रूपों, जैसे आभूषण या सिक्कों पर कोई व्यावसायिक रोक नहीं है। अमेरिकी समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने सबसे पहले आयातित रूसी सोने के बारे में सूचना दी थी और अब स्विस अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।

## रूस की सेना का मालवाहक विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूसी सेना का एक मालवाहक विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारी मालवाहक आईएल-76 कार्गो विमान दक्षिण-पश्चिमी रियाजान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान के इंजन में कुछ गड़बड़ी आ गई थी जिससे चालक दल को क्रैश लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा। क्षेत्रीय प्रशासन ने कहा कि रियाजान शहर के बाहर एक मैदान में विमान के गिरने से उसके चालक दल के चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार इंजन वाले आईएल-76 को 1970 के दशक में डिजाइन किया गया था और इसने सोवियत और रूसी वायु सेना के लिए मुख्य मालवाहक विमान के रूप में काम किया है। यह दुनिया भर के कई देशों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

## यूक्रेन के शरणार्थियों की देखभाल के लिए पोलैंड को मिलेगा कर्ज

**वारसॉ।** पोलैंड को एक यूरोपीय मानवाधिकार समूह से 45 करोड़ यूरो का ऋण मिलेगा, ताकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की वजह से वहां पहुंच रहे शरणार्थियों की देखभाल करने में मदद मिल सके।पोलैंड और यूरोप विकास बैंक परिषद ने शुक्रवार को ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद से लगभग 43 लाख शरणार्थी पोलैंड पहुंचे जहां उन्हें मुफ्त आश्रय, सामाजिक और चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इनमें से अनेक दूसरे देशों में चले गए या कई अन्य ने यूक्रेन वापस जाने का फैसला किया है। यूरोपीय परिषद में यूरोपीय संघ के सदस्यों सहित 46 देश शामिल हैं, और इसका उद्देश्य मानवाधिकार, लोकतंत्र एवं कानून के शासन की रक्षा करना है।

## घेराबंदी से बचने के लिए यूक्रेनी सेना शहर छोड़ेगी

**कीव।** हफ्तों की भीषण लड़ाई के बाद, यूक्रेनी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों से घिरे एक शहर से पीछे हट जाएगी। एक क्षेत्रीय गवर्नर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लुहान्स्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र सिविएरोडोनेट्स्क शहर को लगातार रूसी बमबारी का सामना करना पड़ा है। यूक्रेनी सैनिकों ने शहर के किनारे पर एक विशाल रासायनिक कारखाने में डेरा डालने से पहले रूसियों से कई जगह छापेमार लड़ाई लड़ी। इस कारखाने में यूक्रेनी सैनिक विशाल भूमिगत संरचनाओं में छिपे हुए थे।

हाल के दिनों में, रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना को घेरने के प्रयास में, सिविएरोडोनेट्सक और पड़ोसी शहर लिसीचांस्क के नदी के किनारे एक तट पर अपनी पकड़ मजबूत की है।लुहान्स्क के गवर्नर सेरही हैदई ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को इसे रोकने के लिए सिविएरोडोनेट्सक छोड़ने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें अपने लोगों को वापस बुलाना होगा। नष्ट हो चुके स्थानों पर रहने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि खराब किलेबंदी वाले क्षेत्रों में हताहतों की संख्या हर दिन बढ़ेगी। हैदाई ने कहा कि यूक्रेनी बलों को पीछे हटकर नए स्थानों पर इकट्ठा होने और वहां लड़ाई जारी रखने का आदेश मिला है , लेकिन उन्होंने अधिक विवरण नहीं दिया।उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक भी जोलोट और तोशकिवका से लिसीचांस्क की ओर आगे बढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि रूसी इकाइयों ने शहर के बाहरी हिस्सों पर आक्रमण किया लेकिन उन्हें खदेड़ दिया गया।रूस ने 24 फरवरी को आक्रमण की शुरुआत की थी और पहले चरण में उसने यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने का असफल प्रयास किया था। उसके उसकी रूसी सेना ने डोनबास क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां यूक्रेनी सेना 2014 से मॉस्को समर्थित अलगाववादियों से लड़ाई लड़ती रही है।

## कनाडा के सांसद के बयान पर पाकिस्तान ने जताई कड़ी आपत्ति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सेना प्रमुख जनरल जावेद कमर बाजवा के खिलाफ कनाडाई सांसद की टिप्पणी को लेकर कनाडा के समक्ष कड़ा राजयनिक विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को मीडिया में आई खबर में इस बारे में जानकारी दी गई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर कड़ी आपत्ति जताई। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, राजनयिक से कहा गया कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ की गई कनाडा के सांसद टॉम केमिक की टिप्पणी राजनयिक नियमों के खिलाफ और बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। विदेश मंत्रालय की तरफ से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।कन्जरवेटिव पार्टी के सांसद केमिक ने कनाडा की संसद के निचले सदन में सेना प्रमुख जनरल बाजवा पर पाकिस्तान की राजनीति में हस्तेक्षप करने का आरोप लगाया था।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने वैश्विक खाद्य संकट से तबाही की चेतावनी दी

- दुनिया के सामने है अभूतपूर्व खाद्यान्न का संकटः गुतारेस

एपी। बर्लिन

**संयुक्त** राष्ट्र प्रमुख ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि वैश्विक खाद्य संकट के कारण विश्व तबाही का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने जलवायु परिवर्तन, कोरोना वायरस महामारी और असमानता के कारण उत्पन्न व्यवधानों में अभूतपूर्व वैश्विक खाद्यान्न संकट को और बढ़ाया है। खाद्यान्न संकट से पहले से ही लाखों लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने बर्लिन में दर्जनों अमीर एवं विकासशील देशों के अधिकारियों को वीडियो संदेश में कहा, "यह वास्तविक जोखिम है कि 2022 में कई अकाल घोषित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि 2023 और भी बुरा हो सकता है। गुतारेस ने कहा कि पूरे एशिया, अफ्रीका और अमेरिका में फसल को नुकसान होगा, क्योंकि दुनिया भर के किसान बढ़ती उर्वरक और ऊर्जा की कीमतों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "इस साल भोजन तक पहुंच का मुद्दा अगले साल की वैश्विक खाद्य कमी बन सकता है"।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, "कोई भी देश इस तरह की तबाही के सामाजिक और आर्थिक नतीजों से अछूता नहीं रहेगा"। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के वार्ताकार एक ऐसे सौदे पर काम कर रहे हैं, जिससे यूक्रेन को काला सागर सहित विभिन्न मार्गों से खाद्य निर्यात करने में सक्षम बनाएगा और रूस को बिना किसी प्रतिबंध के विश्व बाजारों में खाद्य और उर्वरक लाने देगा।

उन्होंने गरीब देशों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बचाए रखने में मदद करने के लिए तथा निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक खाद्य बाजारों को स्थिर करने में सहायता के वास्ते ऋण राहत का भी आह्वान किया। मेजबान देश जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि मॉस्को का यह दावा पूरी तरह निराधार है कि यूक्रेन पर हमले के कारण रूस पर लगाए गए पश्चिमी देशों के प्रतिबंध खाद्य संकट की मुख्य वजह हैं। उन्होंने कहा कि रूस ने इस वर्ष मई और जून में जितना गेहूं निर्यात किया, उतना ही निर्यात पिछले वर्ष भी इसने किया था। बेयरबॉक ने गुतारेस की टिप्पणियों का समर्थन किया कि दुनिया भर में बढ़ते खाद्यान्न संकट के कई कारक हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यूक्रेन पर रूसी हमले ने एक लहर को सुनामी में बदल दिया।

# मौद्रिक नीति अन्य देशों के मुकाबले अधिक उदार होगी: आरबीआई डिप्टी गवर्नर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि मौद्रिक नीति से जुड़े कदम दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले अधिक उदार होंगे क्योंकि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति के घटकर छह प्रतिशत से नीचे आने का अनुमान है। आरबीआई ने बढ़ती खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिए मई और जून में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कुल 0.90 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 4.9 प्रतिशत कर दिया है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पात्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति के इस समय अपने चरम बिंदु पर होने के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति वापस निर्धारित दायरे में आ सकती है। अगले वित्त वर्ष में इसमें और गिरावट आने की संभावना है। यह केवल आधारभूत परिदृश्य है। आरबीआई में मौद्रिक नीति विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले पात्रा ने कहा कि अब तक उठाए गए नीतिगत कदमों के कारण मुद्रास्फीति जल्दी और तेजी से नीचे आ सकती है। उन्होंने कहा, इसीलिए, वैश्विक स्तर पर महंगाई के संकट के समय में मुद्रास्फीति में बदलाव को देखना संभवत: बेहतर है, न कि स्तर देखना। पात्रा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य भी हैं। मौद्रिक नीति के बारे में निर्णय एमपीसी ही करती है। सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के स्तर पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में नरम होकर 7.04 प्रतिशत रही जो अप्रैल में 7.8 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद यह आरबीआई के संतोषजनक स्तर छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। डिप्टी गवर्नर ने कहा, ...हमें उम्मीद है कि भारत में मौद्रिक नीति कदम दुनिया में किसी अन्य देश की तुलना में कहीं ज्यादा उदार होगा और हम दो साल के भीतर महंगाई को निर्धारित लक्ष्य के दायरे में लाने में कामयाब होंगे।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली की एक पैकेजिंग कंपनी रेवा स्केन्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ बैंकों के संघ से कथित तौर पर 69.33 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक की शिकायत पर यह कार्वाई की है।

# एमपीयूएटी को कुलाधिपति सम्मान

- राजभवन में कुलपति डॉ. राठौड़ ने ग्रहण किया सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। उदयपुर

**महाराणा** प्रताप कृषि एवं प्रोद्यगिकी विश्वविद्यालय को राज्य के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर रहने के लिए कुलाधिपति अवार्ड से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डाण् नरेन्द्र सिंह राठौड़ ने जयपुर स्थित राजभवन में राज्य के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के संवाद कार्यक्रम में राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं कुलपधिपति श्री कलराज मिश्र के कर कमलों से यह सम्मान प्राप्त किया। वर्ष 2019 में 4 अप्रैल को हुई कुलपति समन्वय समिति की बैठक में माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इसकी घोषणा की थी। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा भेजी गई सूचनाओं एवं दस्तावेजों के परीक्षण के आधार पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय को इस अवार्ड के चुना गया था। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए माननीय कुलपति ने इस अवार्ड के लिए कुलाधिपति एवं राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिये गये मार्गदर्शन तथा प्रेरणा के लिये उनका आभार व्यक्त किया और इस महत्वपूर्ण सफ्लता का श्रेय विश्वविद्यालय के कर्मठ वैज्ञानिकोंए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दिया। डाण् राठौड़ ने बताया कि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय यह सम्मान प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। यहां उल्लेखनीय है कि यह विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की रैंकिंग में भी राज्य के कृषि तथा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में प्रथम तथा राष्ट्रीय स्तर पर कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि संस्थानों में 15वां स्थान रखता है। एक अन्य उपलब्धि के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों को आईसीएआर से मान्यता प्राप्त करने में भी विश्वविद्यालय सफ्ल रहा है। विगत एक वर्ष में 11 पेटेन्ट प्राप्त करनाए विश्वविद्यालय में राज्य में प्रथम डिजिटल टेक्नोलॉजी सेल की स्थापनाए राज्य में प्रथम सोलर ट्रीए कृषि ड्रोनए रोबोटिक एवं सेंसर आधारित मृदा जॉंच तकनीक जैसे अनेक नवाचारों से इस विश्वविद्यालय ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Aparna Gupta W/o Sanjay Gupta R/o B-101, Sector-14, Noida-201301 District Gautam Budh Nagar, U.P., have changed my earlier name Aparna to Aparna Gupta for all future purposes.

PD(90111)C

E- AUCTION NOTICE
(DAMAGED FIRE AFFECTED MATERIAL)

E-Auction forms are invited from interested buyers for disposal, strictly on "As Is Where Is" basis, for damaged salvage of 'Damaged Fire Affected Factory Machinery, Raw Material & Finished Goods' on "Weighment Basis" belonging to M/S Insulink packaging Solution Pvt Limited, Salvage of the above materials can be inspected at M/S Insulink Packaging Solution Pvt Limited, E-6, Road Number 17, Industrial Area, Block E, UPSIDC Site C, Surajpur, Greater Noida, Uttar Pradesh 201306.Case Handled by (M/s Riskalyze Insurance Surveyors Pvt. Ltd.) salvage of the above material lying at above location can be inspected Between 10:00 AM to 06:00 PM till from 25/06/2022 to 01/07/2022, after taking prior appointment from Mr. Virender Sharma (Surveyor) Ph.: 9999600599 & Mr. Amit Kaushik (Insured) at Mob: - 9718666006. E-Auction to be held on 02/07/2022 at 05:00 PM. For E-Auction forms, Contact Mr. Akshat Kaushik at Mob: - 8882071473 of Salvage Auction Private Limited (Auctioneers) or download from website: www.salvageauction.co.in. Last date for submission of E-auction form is 02/07/2022 before 12.30 PM.

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) CB_BOLERO MAXI TRUCK REG. NO. DL1LAB6960-YOM -2018
2) EICHER - E_10.75- REG. NO. HR38Y9780- YOM -2018
3) CB_VE 10.59 FULLY BUILT REG. NO. DL1LW3700-YOM -2015
4) CB_KIRLOSKAR 82.50 KVA GENSETENG. NO. 4H89321920403 YOM -2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7,SECTOR 125,NOIDA-201313 OR
CONTACT: JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
Cont.No. 9999996157
E Mail-jagbir.singh@kotak.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large that **TATA Capital Financial Services Limited** is going to create equitable mortgage on the **Leasehold Plot No. 110, Block-A, area 300 Sq. meters, Sector-93 B, NOIDA, District Gautam Budh Nagar, U.P.** Initially this property was leased out by the NOIDA authority to **Sh. Dharamveer vide Lease Deed dated 11/03/2010 duly registered as Document No.1292, Vol. No. 2681, on pages 679 to 722 in Book No.1 with the Sub-Registrar Gautam Budh Nagar.** After the death of Sh. Dharamveer and on the basis of his last Will dated 04/11/2009 the NOIDA authority mutated the name of Sh. Vipin Awana S/o Sh. Subhash Awana in the record and transfer the leasehold rights of the aforementioned property in the name of Sh. Vipin Awana. Now, Sh. Vipin Awana is the rightful leasehold owner of the aforementioned property. In case, if any person or persons/Financial Institution/ Bank / Authority /Board or any other entity having objection/contingent or vested interest over the aforementioned property he may contact at the following address within 7 days of this publication. It may be further noted that after lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and same will be considered as waived or abandoned.

AVNISH SHUKLA (Advocate)
Ch. No. E-419, Karkardooma Court, Delhi-110032.
Mob. No. 9871603366, 9717476101

Public Notice

This is to inform to the public at large, that our Client Mrs. Ruksana W/o Late Shafiquddin Qureshi is the resident and owner of Property bearing No. 2083/4, Katra Chote Lal Ganj, Meer Khan, Turkman Gate, Delhi-110002. My client Ruksana Disown / Disinherited her son namely Mr. Sarfaraz Qureshi from all her movable and immovable properties due to his misconduct and alleged threat to her life. My client sever all kind of relationship with her son Mr. Sarfaraz Qureshi. He will not even participate in her funeral in the event of her demise and will not entitle to inherit any of her properties whatsoever. Any person dealing with him will do so at his own risk and responsibilities.

S/d. Sachin Kaushik (Advocate),
M-52-4, Basement, Malviya Nagar, New Delhi-17

PUBLIC NOTICE

The General Public is hereby informed that my client is intending to purchase the below mentioned schedule of property from its owner viz. MS CINDY ENGINEERING PVT LTD, having its registered office at 106, Sagar Shopping Centre, J.P Road, Andheri, West Mumbai-400058 represented by Mr. Sujoy Thapa, its authorized Signatory.
If anybody is having any objection, claim, interest, dispute, for the above intended sale transaction, he/she/they may contact the undersigned with the Documentary Proof substantiating his/her/their objection/ claims/ details of dispute/s within Fifteen (15) days from the date of this publication, failing which, my client will proceed to complete the sale transaction with the above owner as if there are no third party claims/objections/disputes in respect of the schedule Property and thereafter no claims/objections/disputes will be entertained.
Schedule of Property. All that the property premises is Basement (Right side portion from front side of building) measuring 450 sq ft . approx,with common staircase and common entrance, without terrace rights, alongwith reserved car parking and utility area with separate (shutter) gate in the stilt area(map attached) (hearinafter called the said property), of property bearing No.- M-5, measuring 175 sq yds, situated at Kalkaji,New Delhi -110019

Sd/- Mr. Satish Khatana Advocate
# 99717-78737, 98997-33737

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that We, **Kashyap Mankodi son of Late Sh. Amruth Lal and Smt. Jayanti Mankodi W/o Sh. Kashyap Mankodi** both R/o MIG Flat No. 79-A, G.F, Pkt-A/14, Himgiri Apartment, Kalkaji, Delhi-110019, are the purchasers of **MIG Flat No. 79-A, G.F, Poket-A-14, Kalkaji, New Delhi-110019** and have Applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold in DDA. That the original documents issued by DDA I.e., original Allotment Letter, Possession Letter and Possession Slip, NOC for water and Electricity and Bank Challans have been lost/ untraced, A Lost Report(LR) to this effect has been lodged vide **LR No. 528100/2022** in Police Station, Crime Branch Delhi.
Any person (s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at the above address/phone No. 9711113428 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H MIG or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

kotak
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Office/Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of15 (Fifteen)years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THATthe piece or parcel of commercial property admeasuring about 11755 Sq. ft. carpet area (approx.) and 16669 Sq. ft. super area (approx.) on the third floor of the building at Vatika First India Place, M.G. Road, Maruti Housing Colony, Gurugram-122002(Haryana) | **Vatika Limited,** having its registered office at Unit No. A-002, INXT City Centre, Ground Floor,Block-A, Sector-83, Vatika India Next, Gurugram-122012 acting through its Authorized Signatory Ms. Ritu Gupta. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

kotak
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Office/Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of15 (Fifteen)years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THATthe piece or parcel of commercial property admeasuring about 2098 Sq. Ft. carpet area (approx.) and 3538.86 Sq. ft. super area on third floor of the building situated at Vatika City Point, M.G. Road, Heritage City, Sector-25, Gurugram-122002(Haryana). | **Mr. Rajinder Singh,** son of Late Mr. Kulwant Singh, residing at B-95, GK-1, New Delhi-110048. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

# नई शिक्षा नीति में वर्तमान पाठ्यक्रम और प्रणाली में परिवर्तन पर हुई चर्चा

**● फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लिनीन ने पहली दफे किया इलाहाबाद विश्वविद्यालय का दौरा**

**● कुलपति के साथ विजयनगरम हॉल का किया निरीक्षण, की प्रशंसा**




**प्रयागराज।** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लिनीन शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फ्रांस के राजदूत का यह पहला दौरा था। केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद पहुंचे फ्रांस के राजदूत ने कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव के साथ शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने विजयनगरम हॉल का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने राजदूत इमैनुएल लिनीन के साथ बैठक कर छात्रों के आदान प्रदान के कार्यक्रम की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही आने वाले समय में विदेशी छात्रों को भारतीय संस्कृति इतिहास कला और भाषाओं से परिचित कराने के लिए विशेष पाठ्यक्रम विकसित किए जाने पर भी विचार विमर्श किया। इस मौके पर राजदूत इमैनुएल लिनीन ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के उच्च शिक्षा केंद्रों के बीच सहयोग के अवसर तलाशने के लिए जल्द ही परिसर आएगा। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने उन्हें 2023 में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन और नई शिक्षा नीति में वर्तमान पाठ्यक्रम और शिक्षा प्रणाली में आने वाले परिवर्तनों के बारे में भी बताया। कुलपति प्रो संगीता ने राजदूत इमैनुएल लिनीन को विश्वविद्यालय में फ्रेंच भाषा सहित विभिन्न यूरोपीय भाषा पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। राजदूत इमैनुएल लिनीन ने फ्रांस में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रमों में रुचि रखने वाले छात्रों और ऐसे छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के लिए परामर्श सत्र आयोजित करने की भी पेशकश की। राजदूत ने परिसर की स्थापत्य सुंदरता की सराहना की। विशेष रूप से विजयनगरम हॉल की वास्तुकला की प्रशंसा उन्होंने की। उन्होंने संस्था के इतिहास में में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने आधुनिक भारत के चौथे सबसे पुराने विश्वविद्यालय का दौरा करने पर अपनी गहरी खुशी व्यक्त की और आने वाले समय में सहयोग के लिए मंच बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के शुक्ला डीन अनुसंधान एवं विकास प्रो एस आई रिजवी प्रॉक्टर एवं प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हर्ष कुमार इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी डा जया कपूर उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी में सड़क हादसे में पांच की मौत, 12 घायल

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना इलाके में शुक्रवार की दोपहर को सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पीलीभीतसिद्धार्थनगर राजमार्ग पर ईसानगर थाना इलाके के उंचगांव-अदलिसपुर चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब बस चालक ने पिकअप वैन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बस की टक्कर हो गई। धौरहरा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) एसएन तिवारी ने बताया कि मृतकों में बस चालक बालचंद्र मिश्रा (40), परिचालक नायब सिंह (35), यात्री जमाल खान (45) और दो अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं, जिनके ट्रक चालक और उसका सहायक होने का संदेह है। धौरहरा के उप जिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार घायल बस यात्रियों में से गंभीर स्थिति में दो को जिला अस्पताल भेजा गया जबकि अन्य का धौरहरा सामुदायिक केंद्र पर उपचार चल रहा है।

**तमंचा-कारतूस व गांजा के साथ तीन धरे गए:** फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा-कारतूस व गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाने के उपनिरीक्षक राम सिंह यादव आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर शिवलाल रैदास पुत्र भग्गुन निवासी जमरावां को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 750 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार असोथर थाने के उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने गश्त करते हुए मो. आजाद पुत्र तौहीद अहमद निवासी वार्ड नं. 8 बोचागाड़ी चंद्रवार थाना कुट्टीगोला पूर्णिया प्रांत बिहार को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 27 जून को वृंदावन आएंगे



**मथुरा।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार को वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी जी का दर्शन करने आ रहे हैं। उनकी आगवानी के लिए राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी यहां आने की संभावना है। मथुरा के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि राष्ट्रपति पहले यहां बांके बिहारी मंदिर पहुंच कर करीब आधा घण्टा भगवान का दर्शन-पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद कृष्णा कुटीर आश्रम में रहने वाली विधवा, निराश्रित एवं परित्यक्त महिलाओं से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा का आधिकारिक कार्यक्रम प्राप्त हो गया है। इस मंदिर के राजभोग सेवा अधिकारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने कहा कि पूर्ववर्ती राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने भी बांके बिहारी मंदिर में माथा टेका था। देश के पहले राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद पहले ऐसे व्यक्ति थे, जो राष्ट्रपति रहते हुए इस मंदिर में आए थे।

## हाईस्कूल की परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने आत्महत्या की

**शाहजहांपुर।** जिले के जैतीपुर इलाके में हाई स्कूल की परीक्षा में फेल होने के चलते एक छात्रा ने मानसिक तनाव के चलते शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । परिजनों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छात्रा के शव को कब्जे में लिया। जैतीपुर के थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि थाना अंतर्गत बैंसला बैसली गांव में रहने वाली छात्रा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की पिछले शनिवार को घोषित हाईस्कूल की परीक्षा में फेल हो गई थी।मिश्रा ने बताया कि आज सुबह उसने अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान 16 साल की वर्षा के रूप में की गयी है। छात्रा के परिजनों के हवाले से थाना प्रभारी ने बताया कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद से ही वर्षा काफी उदास रहती थी और आज सुबह उसने अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वर्षा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दुष्कर्म के मामले में समझौता नहीं करने पर बुजुर्ग की हत्या

**बरेली।** बरेली जिले में दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी से समझौता नहीं करने पर दुष्कर्म पीड़ित बालिका के दादा की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, मौके पर मौजूद पीड़िता के दो चाचा ने अपने पिता को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर तमंचा तान दिया और गोली मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मीरगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। अग्रवाल ने बताया कि मीरगंज इलाके के एक गांव की निवासी पीड़िता के 55 वर्षीय दादा बृहस्पतिवार दोपहर को मोटरसाइकिल से अपने दो बेटों के साथ दवा लेने निकले थे। गांव से निकलते ही बंद पड़े मेंथा संयंत्र के पास दुष्कर्म के आरोपी सूरजपाल के परिजन महेंद्र, राहुल, रामस्वरूप और भगवान दास ने उन्हें सामने आकर रोक लिया और आरोपी सूरजपाल के पक्ष में बयान देने के लिए दबाव बनाने लगे। पीड़िता के दादा ने मरते दम तक बयान नहीं बदलने की बात कही। इतना सुनते ही लाठी-डंडों और तमंचे से लैस अभियुक्त के परिजनों ने पीड़िता के दोनों चाचा को धमकाकर भगा दिया और दादा की पीट पीट कर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़िता के बड़े चाचा के मुताबिक, एक साल पहले उनके परिवार की एक लड़की से गांव के ही सूरजपाल ने दुष्कर्म किया था। इसकी प्राथमिकी मीरगंज थाना में दर्ज कराई गई थी और इसके बाद से सूरजपाल जेल में बंद है। सूरजपाल के परिवार के लोग काफी समय से उनके पिता पर समझौता करने का दबाव डाल रहे थे। मीरगंज के प्रभारी निरीक्षक संदीप त्यागी ने बताया कि आरोपी महेंद्र, राहुल, भगवान स्वरूप और राम स्वरूप के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और चारों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## दलित महिला की हत्या में युवक को उम्रकैद

**बलिया।** बलिया जिले की एक अदालत ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी की घटना के बाद किशोरी की मां की हत्या के छह साल पुराने मामले में एक युवक को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) सुरेश कुमार पाठक ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश गोविंद मोहन की अदालत ने बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी टेनी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है व 51 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। पाठक ने घटना का ब्योरा देते हुए कहा कि बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में11 अप्रैल 2016 की शाम 16 वर्षीय किशोरी के साथ उसके गांव के ही रहने वाले टेनी नामक युवक ने छेड़खानी की। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद किशोरी की मां पुष्पा देवी टेनी से बातचीत करने गई तो टेनी ने पुष्पा देवी पर हमला कर दिया, जिसमें पुष्पा की मौत हो गई। इस मामले में पुष्पा के पति कृष्ण मोहन गोंड की तहरीर पर टेनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने टेनी के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस के चालक की चलती ट्रेन में तबीयत बिगड़ी, मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट (ट्रेन चालक) की शुक्रवार को चलती ट्रेन में ही तबीयत खराब हो गई। चालक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरीगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक प्रवीण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रतापगढ़ जिले के परशुरामपुर चिलबिला निवासी लोको पायलट हरिश्चंद्र शर्मा (46) शुक्रवार सुबह इंटरसिटी ट्रेन को लेकर कानपुर जा रहे थे। अचानक फुर्सतगंज थाना क्षेत्र के कासिमपुर हॉल्ट के पास उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने बताया कि सहायक लोको पायलट ने ट्रेन रोक कर एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का अनुमान है कि संभवत: हृदय गति रुकने की वजह से उनकी मौत हुई। ट्रेन कासिमपुर हॉल्ट पर काफी देर तक खड़ी रही और प्रतापगढ़ से दूसरे चालक के आने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। फुर्सतगंज के थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

# शांति से निपट गई जुमे की नमाज

**लखनऊ।** राज्य भर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने हाल ही में टीवी पर बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में तीन जून को कानपुर व सहारनपुर और 10 जून, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद अन्य कई जिलों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर नगर की हिंसा का संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत दी थी कि प्रदेश में कायम अमन-चैन के माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। कानपुर जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को सभी प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज में भाग लिया। वहीं, पुलिस कर्मी अलर्ट पर रहे। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की इकाइयों के साथ स्थानीय पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में मार्च किया। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (एसीपी) कानूनव्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी



ने बताया कि यहां शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हम कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं के संपर्क में रहे और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है सहारनपुर में तीन जून और 10 जून को जुमे की नमाज के बाद पैगंबर पर टिप्पणी के विरोध में पथराव, प्रदर्शन और नारेबाजी हुई थी। सहारनपुर जिले में आज शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बताया कि पूरे जिले में मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई और नमाज के बाद लोगों ने देश में अमनशान्ति और भारी गर्मी से निजात के लिए वर्षा के लिए दुआएं मांगी। राज्य भर में महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त बल, प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) और मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। प्रयागराज में भी पैगंबर पर टिप्पणी के विरोध में 10 जून को पथराव हुआ था और वहां भी शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार की नमाज अदा की गई। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के जिलों के सभी इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज पढ़ी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस सतर्क है और कानून-व्यवस्था की स्थिति का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जानकारी के अनुसार अलीगढ़, बरेली, शामली, हाथरस और अन्य जिलों में भी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

अतिरिक्त बल के अलावा कई जिलों में स्थानीय पुलिस ने दोपहर में नमाज के आसपास व्यस्त इलाकों में लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में तीन और 10 जून को राज्य के विभिन्न शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

# राष्ट्रीय पठन सप्ताह के छठे दिन हुई निबंध प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय पठन सप्ताह के छठे दिन डी एल एड विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुराग अग्रवाल, पुस्तकालयाध्यक्ष एस पी डबराल और डी एल एड विभागाध्यक्ष डा मनोज मिश्रा ने पी एन पणिकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि पुस्तकों में साक्षात माँ सरस्वती का निवास होता है पुस्तके किसी भी सभ्यता को व्यक्त करने का स्रोत होती हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. एस पी डबराल ने कहा कि पुस्तक मनुष्य का ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। डी एल एड विभागाध्यक्ष डा. मनोज मिश्रा ने कहा कि पुस्तकों में हमारी पुरानी




पीढ़ियों का ज्ञान होता है जिसे सहेजने की आवश्यकता है। पुस्तकों का अध्ययन हमें हमेशा सकारात्मकता की ओर ले जाता हैं। अभिषेक बाजपेई ने कहा कि भारत की सबसे महत्वपूर्ण व प्राचीन पुस्तकें हमारे वेद और उपनिषद है जो हमे जीवन का सार देते है। शैलेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करके ही मानव सभ्यता ने विकास किया है। शिक्षकों के उद्बोधन के उपरांत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था,ष्भविष्य निर्माण में पुस्तकों के अध्ययन की भूमिकाष् प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डा. बरखा सक्सेना , डा व्याख्या सक्सेना और डा जागृति गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये। संज्ञा मिश्रा को प्रथम, आस्था पाठक को द्वितीय, दीप्ति सिंह व वैष्णवी गुप्ता को तृतीय तथा मुकुल कुमार को सांत्वना पुरस्कार घोषित किया गया। कल सप्ताह के समापन समारोह में पुरुस्कार वितरण किया जायेगा। अंत में पुस्तकालय सहायक वरुण कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम मेंअभिषेक बाजपेई, शैलेंद्र द्विवेदी, गौरव शर्मा, डा. राजीव यादवआदि भी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ली नगर निकायों की बैठक



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉण् उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में नगर निकायों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ईओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने.अपने नगर पंचायत व नगरपालिकाओं के सभी वार्डों के सफाई व्यवस्थाए पेयजल की व्यवस्थाए हैंडपंप रिबोर की व्यवस्थाए नाली और नालों की सफाई व्यवस्थाए लाइट आदि सभी व्यवस्थाओं को सही ढंग से कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड के सापेक्ष गाड़ियों की उपलब्धता जरूर होनी चाहिये। कान्हा गौशाला जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार कराया जाए। नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ताए डिप्टी कलेक्टर आकाश सिंह सहित सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं के ईओ तथा विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मौखिक परीक्षा 27 जून को

**गोंडा।** एमएण् उत्तरार्ध राजनीति शास्त्र के छात्र.छात्राओं की मौखिक परीक्षा आगामी दिनांक 27 जून 2022 को 10ण्00 बजे से श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के राजनीति शास्त्र विभाग में संपन्न होगी।उक्त जानकारी देते हुए आंतरिक परीक्षा प्रोफेसर डाण् अतुल कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के समय समस्त छात्र.छात्राएं अपने साथ प्रवेश पत्र की मूल प्रति अवश्य लेकर आएं।

## बजौली गांव में छापा मार पकड़ीं आधा दर्जन शराब भट्ठियां

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिजौली गांव में छापा मारते हुए आधा दर्जन शराब भट्ठी बरामद करते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब, छह कुंतल लहन बरामद करते हुए आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

बकेवर थाना प्रभारी धीरेंद्र पाल सिंह, आबकारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार माथुर अपने सहयोगी उपनिरीक्षक सुमित देव पांडेय चौकी प्रभारी देवमई, हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र, कांस्टेबल रावत सिंह, हेड कांस्टेबल विशंभरनाथ के साथ अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम बिजौली में दबिश देते हुए काफी समय से धधक रही आधा दर्जन शराब भट्ठी का भंडाफोड़ करते हुए मौके से पुलिस ने 255 लीटर कच्ची शराब एवं छह कुंतल लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट करा दिया।

# महिला शिक्षामित्र से मारपीट के आरोप में अध्यापक निलंबित

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के लखीमपुर प्रखंड में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक को एक महिला शिक्षामित्र के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि एक महिला शिक्षामित्र के साथ मारपीट करने के लिए हेडमास्टर अजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अजीत कुमार ने अपने पद की छवि खराब की और स्कूल के अध्यापकों के लिए आचार संहिता का उल्लंघन किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह को एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें एक अध्यापक को एक महिला शिक्षा मित्र (अनुबंधित अध्यापक) को पीटते हुए देखा गया। लखीमपुर प्रखंड के शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र ने इस संबंध में खीरी के बीएसए लक्ष्मीकांत पांडेय को इस संबध में एक रिपोर्ट भेजी थी। पांडेय ने कहा कि आरोपी अध्यापक को इस मामले की जांच जारी रहने तक पसगंवा जूनियर हाईस्कूल से संबद्ध कर दिया गया है और इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित की गई है और उसे जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

**स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या का निलंबन समाप्त:** फर्रुखाबाद । जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद ने समाप्त किया स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी का निलंबन लेकिन प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री का कार्यभार ग्रहण कराने से किया इनकार।स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी को संस्था के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री द्वारा झूठे आरोप लगाकर दिनांक 21 अप्रैल 2022 को निलंबित कर दिया गया था दिनांक 17 जून 2022 को जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद ने प्रीति चतुर्वेदी प्रधानाचार्य स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद का निलंबन समाप्त करने का आदेश पारित किया लेकिन प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री द्वारा प्रधानाचार्य को परेशान किया जा रहा है और कार्यभार ग्रहण नहीं करवाया गया कहा गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण कार्यभार ग्रहण नहीं करवाया जाएगा।

## युवक की गला रेतकर हत्या

**देवरिया।** देवरिया जिले के लार थाना अंतर्गत लार निवासी 17 वर्षीय रहमान की बृहस्पतिवार की रात कथित रूप से गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार हत्यारों ने बेरहमी के साथ रहमान के हाथ-पैर की अंगुलियों को भी काट डाला। रहमान की मोटरसाइकिल मईल थाना क्षेत्र में मिली है। उन्होंने कहा कि रहमान के परिजनों के मुताबिक वह बृहस्पतिवार की शाम मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था और कुछ ही देर में उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजन रात भर उसके इंतजार में परेशान रहे। उन्होंने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने उसका शव देखा तो तो पुलिस को सूचना दी।उन्होंने बताया कि पहले तो शव की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन सोशल मीडिया पर शव की फोटो देखते ही लार कस्बे के लोगों ने उसे पहचान लिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# विधायक के खिलाफ केस दर्ज करने का दिया निर्देश

**● राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला**

**मुजफ्फरनगर।**यहां की एक सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में पुलिस को पुरकाजी क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। दीवानी न्यायाधीश सीनियर डिवीजन मयंक जायसवाल ने बृहस्पतिवार को अनिल कुमार के खिलाफ सात दिन में मामला दर्ज कर नई मंडी पुलिस थाना को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अदालत ने अधिवक्ता एसके त्यागी की दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 153 (1) के तहत दायर की गई शिकायत पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। आरोपों के अनुसार, अनिल कुमार ने 15 अगस्त 2021 को आयोजित कार्यक्रम में नई मंडी थाना क्षेत्र के पचेंडा मार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराया था। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद अनिल कुमार ने घटना पर दुख जताया और कहा कि उनसे गलती हो गई। हाल के विधानसभा चुनाव में अनिल कुमार पुरकाजी सुरक्षित सीट से राष्ट्रीय लोकदल से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

**युवती ने जान देने का किया प्रयास:** फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी में शुक्रवार की दोपहर रोज-रोज के झगड़े से तंग आकर 23 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया।

पायनियर
नई दिल्ली ,शनिवार, 25 जून, 2022



# यश-शुभम की पारियों ने मप्र की उम्मीद जगाई

● पहली बार रणजी चैम्पियन बनने की ओर बढ़ा ● मुंबई के खिलाफ मप्र ने तीसरे दिन तीन विकेट पर 368 रन बना लिए है ● पहली पारी के आधार पर छह रन पीछे

**भाषा।** बेंगलुरु



**युवा बल्लेबाज** यश दुबे और शुभम शर्मा की शतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 222 रन की साझेदारी के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के बाद अपने पहले खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मुंबई की पहली पारी में 374 रन का स्कोर बड़ा लग रहा था लेकिन दुबे ने 236 गेंद में 14 चौकों की मदद से 113 और शुभम ने 215 गेंद में 15 चौके और एक छक्का जड़ 116 रन की पारी खेलकर टीम को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। मध्यप्रदेश ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 368 रन बना लिए है और पहली पारी के आधार पर मुंबई से सिर्फ छह रन पीछे है। मध्य प्रदेश को पहली पारी में निर्णायक बढ़त लेने के लिए केवल सात रन की जरूरत है और अगर टीम की बल्लेबाजी चौथी पारी में बुरी तरह से लड़खड़ाती नहीं है तो खिताब उनकी झोली में होगा। मध्य प्रदेश की टीम पिछली बार 1998-99 में रणजी फाइनल में पहुंची थी लेकिन तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 123 से करने के बाद मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों ने तीसरे दिन धैर्य से खेलते हुए 245 रन बनाए लेकिन इस दौरान मुंबई के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। स्टंप्स के समय इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार 106 गेंद में 13 चौकों की मदद से 67 और कप्तान आदित्य श्रीवास्तव 33 गेंद में 11 रन बनाकर खेल रहे थे। टीम की कोशिश अब अपनी बढ़त को इतना बढ़ाने पर होगी जहां से मुंबई को वापसी का मौका नहीं मिल सके। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को मदद मिलने का संकेत नहीं मिल रहा था। दिन में निकली तेज धूप ने बल्लेबाजों का काम और आसान कर दिया। सबसे बड़ी निराशा मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (40 ओवर में एक विकेट पर 117) को हुई, जिन्होंने बहुत अधिक ढीली गेंदें फेंकी। अनुभवी धवल कुलकर्णी (21 ओवर में बिना सफलता के 51 रन) और तुषार देशपांडे (24 ओवर में 73 रन पर एक विकेट) ने भी औसत गेंदबाजी की। मुंबई के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में विकेट लेने की जगह मेडन ओवर डालने पर जोर दिया जिससे आधे घंटे के खेल के बाद दुबे व शुभम ने लय हासिल कर ली और आसानी से कवर ड्राइव लगाए। इस टीम में रणजी चैम्पियन बनने के इकलौते अनुभवी खिलाड़ी कुलकर्णी ने लगातार ऑफ के काफी बाहर गेंद फेंकी। जिन्हें बल्लेबाजों ने विकेटकीपर के लिए छोड़ दिया। मुलानी के क्रीज पर आते ही शुभम ने लांग ऑफ पर छक्का जड़ा, जिसके बाद कप्तान पृथ्वी साव के चेहरे पर निराशा देखी जा सकती थी। दुबे ने इस सत्र में 613 जबकि शुभम ने 578 रन बनाए है। दोनों ने गेंद को बाउंड्री लगाने के साथ बीच-बीच में एक-एक रन चुराना जारी रखा। अपनी 222 रन की साझेदारी में दोनों ने 76 बार एक-एक रन लिए। अरमान जाफर ने शाट प्वाइंट पर शुभम का कैच टपकाया लेकिन मोहित अवस्थी (20 ओवर में 53 रन देकर विकेट) के अलावा कोई प्रभावित नहीं किया।

## अदालत को उम्मीद कि आईओए राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के लिए एएफआई कोटा बढ़ाएगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का कोटा बढ़ाएगा ताकि अतिरिक्त एथलीट प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकें। न्यायालय 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने से खुद को बाहर किए जाने की चुनौती देने वाले एथलीट तेजस्विन शंकर की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक एथलीट का करियर मुख्य रूप से चार-पांच वर्षों का होता है और उन्हें इस अवधि के दौरान अधिकतम अवसर दिए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, यह अदालत आशान्वित है कि आईओए भारतीय एथलेटिक्स संघ का कोटा बढ़ाएगा ताकि सभी पांच अतिरिक्त चयनित एथलीटों को सीडब्ल्यूजी दल में शामिल किया जा सके। इस मामले की अगली सुनवाई चार जुलाई को होगी।

## भारत को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**भाषा।** दांबुला



**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। शैफाली वर्मा (31 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) और ऋचा घोष (11) सभी को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। हरमनप्रीत पिछले मैच में नाकाम रहने के कारण सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मिताली राज के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाई थी जिसके लिए उन्हें 24 रन की जरूरत है। हाल में संन्यास लेने वाली मिताली ने 89 मैचों में 2364 रन बनाए हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना और सभिनेनी मेघना पिछले मैच में नहीं चल पाई थी। भारत को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो इन दोनों को बड़ी पारी खेलनी होगी। भारत यदि सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय जेमिमा रोड्रिगेज (27 गेंदों पर नाबाद 36 रन) और दीप्ति शर्मा (आठ गेंदों में नाबाद 17 रन) को जाता है। भारत शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों से भी इसी तरह का प्रदर्शन चाहेगा। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राधा (22 रन देकर दो), दीप्ति (नौ रन देकर एक) और कामचलाऊ स्पिनर शैफाली (10 रन देकर एक) की स्पिन तिकड़ी ने शानदार खेल दिखाया।

### भारत ने महिला वॉलीबॉल में सिंगापुर को 3–0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर वॉलीबॉल टीम ने थाईलैंड के नाखोन पाथोम में 21वें प्रिसेस कप तीसरे एवीसी महिला चैलेंज कप में सिंगापुर को 3-0 से हराकर जीत से अपना अभियान शुरू किया। भारत ने टूर्नामेंट के शुरूआती लीग मैच में 25-16, 25-19 25-08 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम की ओर से कप्तान निर्मल सूर्या और अनुश्री ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया।

### चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन ने बढ़त कायम रखी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल की जीत की लय शुक्रवार को शीर्ष वरीय बोरिस सावचेंको के खिलाफ आठवें दौर में ड्रा के साथ टूट गई लेकिन वह 7.5 लेकर 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 की तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। रूस के ग्रैंडमास्टर सावचेंको से 68 चाल में अंक बांटने वाले नितिन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक आगे है।

### रमीज ने बर्खास्त किए जाने की अफवाहों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन रमीज राजा ने परोक्ष रूप से कहा कि वह शीर्ष पद पर बने रहना चाहते हैं। हालांकि लंबे समय से अटकलें चल रही है कि ऐसी संभावना है कि सरकार उन्हें बर्खास्त कर सकती है। अटकलों के हिसाब से प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ जल्द ही रमीज की जगह पीसीबी चेयरमैन पर अपनी पसंद का व्यक्ति लाएगे।

### दारूवाला ने मैकलारेन के साथ सफल फॉर्मूला वन कार से अभ्यास पूरा किया

**मुंबई।** युवा भारतीय फार्मूला टू रेसर जेहान दारूवाला ने आठ बार के कंस्ट्रक्टर्स (टीम चैम्पियनशिप) विजेता मैक्लारेन के साथ इस सप्ताह फॉर्मूला वन परीक्षण में सफल शुरुआत की और अब वह सुपर लाइंस के लिए पात्र है। दारूवाला का सपना भारत का तीसरा फार्मूला वन चालक बनने का है। फार्मूला टू के मौजूदा सत्र में तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज 23 साल के जेहान ने इंग्लैंड में सिल्वरस्टोन सर्किट पर एमएलसी35एम कार पर हाथ आजमाया।

### एक्सॉनमोबिल से जुड़े नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरु।** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्रा् लि् ने अपने नेक्स्ट जनरेशन पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट्स मोबिल सुपर को एकदम नए लेबल्स के साथ नई और बेहतर पैकेजिंग में लॉन्च किया है। साथ ही उन्होंने इस बदलाव का संदेश देने के लिये अपने ब्राण्ड एम्बेसेडर और टोक्यो ओलम्पिक्स में स्वर्ण पदक विजेता पद्मश्री नीरज चोपड़ा को उतारा है। इन नई एवं बेहतर पैकेजिंग में बॉटल्स पर नया क्यूआर कोड बेस्ड एंटी काउंटरफिट फ ीचर दिया गया है ताकि उपभोक्ता उत्पादों की प्रामाणिकता का सत्यापन कर सकें और नकली उत्पादों से बच सकें। नई पैकेजिंग के लॉन्च के साथ एक्सॉनमोबिल ने अपनी मोबिल सुपर 3000 सीरीज का नाम बदलकर मोबिल सुपर ऑल इन वन प्रोटेक्शन सीरीज, मोबिल सुपर 1000 सीरीज का नाम मोबिल सुपर फ्रिक्शन फ इटर सीरीज और मोबिल सुपर एचपी का नाम मोबिल सुपर एवरीडे प्रोटेक्शन कर दिया है। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि टेक्नोलॉजी में अग्रणी होने के नाते एक्सॉनमोबिल हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के नये तरीके खोजती है।

## तीरंदाजी विश्व कप में भारत की कंपाउंड मिश्रित जोड़ी फाइनल में

● दूसरा पदक पक्का

**भाषा।** पेरिस



**भारतीय** तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने विश्व कप चरण तीन के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को यहां देश के लिए दूसरा पदक पक्का कर लिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने गुरुवार को रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पहला पदक पक्का किया था। वर्मा और ज्योति की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने एस्टोनिया की जाटमा और लिसेल जाटमा को सेमीफाइनल के एकतरफा मुकाबले में 156-151 से हराया। अंतिम-16 में बाई हासिल करने के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत प्यूर्तो रिको को आठ अंकों के शानदार अंतर (158-150) से पछाड़कर किया। भारतीय जोड़ी को अंतिम-आठ में अल सल्वाडोर के रॉबर्टो हर्नांडेज और सोफिया पेज से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जिससे इस मुकाबले का नतीजा शूट-ऑफ से निकला। मुश्किल परिस्थितियों में वर्मा और ज्योति ने अपनी एकाग्रता बनाए रखी और अंतिम स्कोर 155-155 (19-19) के बाद शूट-ऑफ में जीत दर्ज की। तरुणदीप राय और अंकिता भगत की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी को हालांकि, निचली रैंकिंग की टीम कजाकिस्तान से पहले दौर के मुकाबले में शूटऑफ में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी 4-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख पाई। शूट ऑफ में राय और अंकिता ने नौ-नौ अंक के निशाने लगाए जबकि प्रतिद्वंद्वी निशानेबाजों ने 10-10 का स्कोर किया। इस स्पर्धा में दीपिका की जगह अंकिता को मौका दिया गया था। दीपिका ने क्वालीफिकेशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। इस बीच व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। अनुभवी जयंत तालुकदार भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे जो अंतिम-32 में शीर्ष वरीय किम वूजिन से कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए तालुकदार ने 0-4 से पिछड़ने के बाद जोरदार मुकाबला करते हुए स्कोर को 5-5 किया लेकिन वह तोक्यो ओलंपिक के चैम्पियन से शूट ऑफ में हार गए।

### 2028 ओलंपिक में इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** विश्व तीरंदाजी (डब्ल्यूए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। भारत में इस खेल के हाई परफार्मेंस निदेशक ने उम्मीद जताई कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो यह देश के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। फिलहाल ओलंपिक खेल में केवल रिकर्व स्पर्धाएं होती है। अधिक अंक वाले कम्पाउंड स्पर्धा को इनडोर (अंदर) और आउटडोर (बाहर) दोनों जगह खेला जा सकता है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बत्रा को आईओए प्रमुख के रूप में काम करना बंद करने का आदेश दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय अनुभवी खेल प्रशासक नरिंदर बत्रा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष के रूप में काम नहीं करने का शुक्रवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा की अवकाश पीठ ने ओलंपियन और हॉकी विश्व कप विजेता असलम शेर खान द्वारा दायर अवमानना याचिका पर यह आदेश पारित किया। खान की ओर से पेश हुए वकील वंशदीप डालमिया ने कहा, अदालत ने आदेश दिया कि नरिंदर बत्रा को तत्काल प्रभाव से आईओए अध्यक्ष के रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए। यह अवमानना थी क्योंकि बत्रा इस अदालत के पहले के आदेश के बावजूद आईओए अध्यक्ष के रूप में बैठक में भाग ले रहे थे। अदालत ने यह भी कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल खन्ना आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष होंगे। बत्रा को 25 मई को आईओए प्रमुख के पद से हटा दिया गया था, जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्य के पद को रद्द कर दिया था।

## सूर्य व संजू अंतिम एकादश में वापसी को तैयार

● आयरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच

**भाषा।** मालहिडे



**स्ट्रोक** खेलने वाले शानदार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन रविवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम के अंतिम एकादश में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की जगह वापसी करेंगे।
मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इस समय लीसेस्टर में हैं इसलिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करेंगे। और उनके द्रविड़ द्वारा बनाई गई योजना का अनुकरण करने की उम्मीद है। अय्यर और पंत टेस्ट टीम में हैं तो सूर्य और सैमसन निश्चित रूप से शुरूआत करेंगे। सूर्य कलाई की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि सैमसन के लिए अपनी काबिलियत साबित करने का यह अंतिम मौका हो सकता है जिसका वह बखूबी इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे। सूर्य पिछले एक साल से भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नियमित खिलाड़ी हैं और अपने स्थान पर वापसी करेंगे। लेकिन जहां तक सैमसन की बात है तो उनके विकल्प दीपक हुड्डा हो सकते हैं जो अपनी ऑफ स्पिन से कुछ ओवर गेंदबाजी भी कर सकते हैं और उनमें गेंद को हिट करने भी अच्छी काबिलियत है। हालांकि अगर कोच द्रविड़ की योजना का तरीका देखें तो वह ज्यादा विकल्प तलाश करने में विश्वास नहीं करते। और भारत जब तक एशिया कप खेलता है तो उन्हें स्थानों को भी तय करने की जरूरत होगी। रूतुराज गायकवाड़ ज्यादा सफल नहीं रहे हैं तो चेन्नई सुपर किंग्स के इस सलामी बल्लेबाज को शायद कमजोर आयरलैंड के खिलाफ एक दो मौके और दिए जा सकते हैं ताकि वह कुछ रन जुटाकर आत्मविश्वास हासिल कर सकें। इशान किशन ने रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर अगले कुछ महीनों के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है और वह अपनी भूमिका में कुछ समय के लिए जारी रहेंगे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के इंग्लैंड चरण में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे।
कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछली श्रृंखला में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी और उनके इसी स्थान पर बरकरार रहने की उम्मीद है जबकि दिनेश कार्तिक उनके एक स्थान नीचे आएंगे। हालांकि कार्तिक को एक विशिष्ट भूमिका दी गई है तो वह परिस्थितियों के हिसाब से पंड्या से आगे भी उतर सकते हैं। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि द्रविड़ या लक्ष्मण जम्मू एक्सप्रेस उमरान मलिक या अर्शदीप सिंह को आजमाएंगे या नहीं या फिर भुवनेश्वर कुमार और आवेश खान के साथ जारी रहेंगे जिसमें उनके साथ स्पिनर के स्थान पर अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल होंगे।

## श्रीहरि, अनीष का चमकना जारी

● सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप

**भाषा।** सिंगापुर

**श्रीहरि नटराज** और अनीष गौड़ा ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दिन अपनी अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में जुटे श्रीहरि ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 25.69 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। अनीष ने अपनी झोली में दो और पदक डाले। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 1:52.47 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत मेडले स्पर्धा में 4:37.18 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। इन दोनों तैराकों ने प्रतियोगिता के पहले दिन भी स्वर्ण पदक जीते थे। सुवाना सी भास्कर तीसरी भारतीय तैराक रहीं जिन्होंने महिलाओं की बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 29.82 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। श्रीहरि, ए एस आनंद डी आदित्य और रामा राव संभाव ने चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 3:26.82 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

## मनु भाकर ने कुमार सुरेंद्र मेमोरियल निशानेबाजी में दो स्वर्ण पदक जीते

**भाषा।** भोपाल



**शीर्ष पिस्टल** निशानेबाज मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 20वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिला और जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक हासिल किए। हरियाणा की 20 साल की निशानेबाज ने 263.9 अंक के स्कोर से आठ महिलाओं के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा। हमवतन अर्शदीप कौर ने मनु को कड़ी चुनौती दी और स्वर्ण पदक के मुकाबले में भी यही हाल रहा। लेकिन पूर्व नंबर एक निशानेबाज मनु ने करीबी फाइनल में कौर को 16-14 से शिकस्त दी। कौर 260.5 अंक के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि हरियाणा की राधिका तंवर ने कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला स्पर्धा में मनु ने 249 के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की युविका तोमर को 16-12 से पराजित किया। युविका तोमर ने 252.7 अंक से दूसरा और हरियाणा की लक्षिता ने 246.7 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। शिखा नरवाल ने युवा वर्ग में जीत हासिल की जिसमें लक्षिता ने रजत पदक जीता। युविका ने अंजलि चौधरी और देवांशी धामा के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के लिए टीम खिताब जीता। हरियाणा ने रजत जबकि महाराष्ट्र ने कांस्य पदक हासिल किया।

### पीसीबी आईपीएल की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को आईसीसी बैठक में चुनौती देगा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए प्रस्तावित ढाई महीने की विस्तारित विंडो (अवधि) को चुनौती देने का फैसला किया है। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा कि आईसीसी के अगले सम्मेलन में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। राजा ने शुक्रवार को यहां एक मीडिया कांफ्रेंस मे कहा, आईपीएल विंडो को बढ़ाने पर अभी तक कोई घोषणा या निर्णय नही हुआ है। मैं इस मुद्दे पर आईसीसी सम्मेलन में अपनी राय दूंगा। मेरी बात स्पष्ट हैः अगर विश्व क्रिकेट मे कोई विकास होता है, जिसका मतलब है कि हम पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। ऐसे मे हम इसे बहुत ही जोरदार तरीके से चुनौती देंगे और आईसीसी मे अपनी बात मजबूती से रखेंगे। पीसीबी के फैसले को आधिकारिक रूप से चुनौती देने का फैसला बीसीसीआई सचिव जय शाह के उस बयान पर आया है जिसमे उन्होंने पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि भारतीय बोर्ड को 2024 से 2031 तक के आईसीसी के अगले एफटीपी (भविष्य दौरा कार्यक्रम) चक्र मे आईपीएल के लिए एक विस्तारित विंडो मिलेगी।

### मिशेल का तीसरा शतक, न्यूजीलैंड के लंच तक आठ विकेट पर 325 रन



**लीड्स (इंग्लैंड)।** टॉम ब्लंडेल अपने पगबाधा फैसले का रिव्यू नही ले सके क्योंकि उस समय डीआरएस प्रणाली काम नही कर रही थी जिससे न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक आठ विकेट पर 325 रन बना लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मैथ्यू पोट्स ने इस तकनीकी समस्या का फायदा उठाते हुए ब्लंडेल का विकेट झटका जिन्होंने 55 रन बनाए। पोट्स की गेंद सामान्य स्थिति मे रिव्यू करने लायक दिख रही थी लेकिन इसने ब्लंडेल की पारी खत्म कर दी। ब्लंडेल और डेरिल मिशेल (109 रन) ने तीन मैचों की श्रृंखला मे 195, 236 और 120 रन की साझेदारियां बना ली है जिसमे इंग्लैंड ने 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है। मिशेल ने स्पिनर जैक लीच पर छक्का जड़कर श्रृंखला मे अपना तीसरा शतक जड़ा। लीच ने सत्र की अंतिम गेंद पर मिशेल को आउट किया जिनका कैच जाक क्राउले ने लपका। टीम साउदी 33 रन बनाकर खेल रहे थे। विकेटकीपर बेन फोक्स ने मिशेल का कैच छोड़कर उन्हें 80 रन पर जीवनदान दिया था। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 225 रन से आगे खेलना शुरू किया था। शुरूआती सत्र में टीम ने माइकल ब्रेसवैल (13) का विकेट भी गंवाया।

### भारत महिला अंडर-17 विश्व कप में ब्राजील, मोरक्को और अमेरिका के साथ

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत को आगामी अंडर-17 फीफा महिला विश्व कप के लिए शुक्रवार को हुए ड्रा में फुटबॉल पावरहाउस ब्राजील, मोरक्को और अमेरिका के साथ मुश्किल ग्रुप ए में रखा गया है। देश 11 से 30 अक्टूबर तक तीन स्थलों पर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। चार ग्रुप मे कुल 16 टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी जिसके मुकाबले भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में खेले जाएंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ 11 अक्टूबर (मंगलवार) को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम मे करेगा। दूसरा मैच मोरक्को के खिलाफ 14 अक्टूबर (शुक्रवार) को इसी स्थल पर खेला जाएगा। मेजबान टीम का अंतिम ग्रुप चरण मैच ब्राजील के खिलाफ 17 अक्टूबर (सोमवार) को होगा। भारत को विश्व कप के 2020 चरण की मेजबानी करनी थी लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया था। 2018 चरण के फाइनल मे मेक्सिको को हराने वाले गत चैम्पियन स्पेन को ग्रुप सी में कोलंबिया, चीन और मेक्सिको के साथ रखा गया है। उत्तर कोरिया टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है जिसने 2008 और 2016 में ट्राफी जीती है जबकि जापान, दक्षिण कोरिया और फ्रांस ने एक एक बार खिताब जीते है।

## 113वीं रैंकिंग की खिलाड़ी से खेल की शुरुआत करेंगी सेरेना

● विम्बलडन की तैयारी

**भाषा।** विम्बलडन (इंग्लैंड)



**वापसी कर** रही सेरेना विलियम्स विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के शुरूआती मुकाबले में फ्रांस की 24 साल की हार्मनी टैन के सामने होंगी जिनकी रैंकिंग 113 है। रिकॉर्ड 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपने नाम कर चुकी सेरेना एक साल पहले सेंटर कोर्ट पर पहले दौर के पहले सेट के दौरान पैर में चोट लगा बैठी थीं। इसके बाद से वह किसी भी टूर्नामेंट के एकल में पहली बार शिरकत करेंगी। सेरेना पिछले 12 महीने में किसी टूर्नामेंट में नहीं खेली जिससे वह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 1,200 से बाहर हैं। उन्होंने इस हफ्ते ही टूर पर वापसी की और इंग्लैंड में तैयारियों के टूर्नामेंट में दो युगल मैच खेले। वह सात बार विम्बलडन चैम्पियनशिप जीत चुकी हैं जबकि टैन ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी। पहली बाधा पार करने के बाद सेरेना का सामना 32वीं वरीय सारा सोरिबेस टोर्मो से हो सकता है जबकि तीसरे दौर में उन्हें छठी वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा से चुनौती मिल सकती है जो पिछले साल उप विजेता रही थीं और 2016 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में सेरेना को हराकर फाइनल में पहुंची थी। गत चेम्पियन एश बार्टी ने मार्च में 25 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था और वह अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगी।

### मालोर्का के क्वार्टर फाइनल में आगुट से हारे मेदवेदेव

**पाल्मा।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट से सीधे सेटो मे हारकर बाहर हो गए जिससे उनका इस सत्र मे घसियाले कोर्ट पर खिताब जीतने का सपना टूट गया। विश्व मे 20वी रैंकिंग के बॉतिस्ता आगुट ने मेदवेदेव 6-3, 6-2 से हराया। रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण मेदवेदेव विबलडन मे नही खेल पाएंगे। स्पेन के बॉतिस्ता आगुट की विश्व मे नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ यह चौथी जीत है। उन्होने पिछली तीन जीत नोवाक जोकोविच के खिलाफ दर्ज की थी। बॉतिस्ता आगुट सेमीफाइनल मे 303वी रैंकिंग के स्विस क्वालीफायर एंटोनी बेलियर से भिड़ेंगे, जिन्होंने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर को 5-7, 7-6 (5), 6-2 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटसिपास ने एक अन्य मैच मे अमेरिका के मार्कोस गिरोन को ढाई घंटे से अधिक समय मे 7-6 (5), 4-6, 6-3 से पराजित किया। यूनान के इस खिलाड़ी का सामना अब फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा, जिन्होंने जर्मनी के डेनियल अल्तमेयर को 6-3, 6-4 से हराया।

### आंद्रीस्कू पहली बार ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**बैड होमबर्ग (जर्मनी)।** बियांका आंद्रीस्कू ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को 6-4, 6- । से हराकर अपने करियर में पहली बार घसियाले कोर्ट पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन आंद्रीस्कू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार कसातकिना की सर्विस तोड़ी। कनाडा की इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी खिताब 2019 में यूएस ओपन के रूप में जीता था। उनका अगला मुकाबला सिमोना हालेप से होगा।

### क्वितोवा ईस्टबॉर्न फाइनल में पहुंची, ओस्टापेंको के खिलाफ खिताबी भिड़ंत

**ईस्टबॉर्न।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने शुक्रवार को ईस्टबॉर्न में बीट्रीज हदाद मैया को 7-6, 6-4 से हराकर चार साल में अपने पहले ग्रास-कोर्ट फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में क्वितोवा का सामना मौजूदा चैंपियन एलेना ओस्टापेंको से होगा। आठवीं वरीयता प्राप्त लातविया की इस खिलाड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त केमिला जॉर्जी को 6-2, 6-2 से हराया। हदद मैया ने इस मुकाबले से पहले पिछले दो सप्ताह में नॉटिंघम और बर्मिंघम में लगातार दो एकल खिताब सहित घास पर लगातार 12 मैच जीते थे। चौदहवीं वरीयता प्राप्त क्वितोवा 2022 के अपने पहले फाइनल और 2018 में बर्मिंघम के बाद पहले ग्रास-कोर्ट फाइनल में पहुंची। पुरुषों के सेमीफाइनल में, गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा।